समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 60,806.22 | 17,893.45 |

तापमान
अधिकतम 26 °C
न्यूनतम 12 °C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



प्रदेश की संस्कृति और परंपरा से रूबरू होंगे मेहमान पेज-02

जी 20 शिखर सम्मेलन : एलडीए ने लगाये छह लाख पौधे पेज-03

वर्ष 10 अंक 173 लखनऊ, 10 फरवरी, शुक्रवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, Email : samradhinews@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में भूकंप चार लोगों की मौत

नई दिल्ली। इंडोनेशिया के पापुआ प्रांत में गुरुवार दोपहर 1 बजकर 28 मिनट पर 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई, जो एक कैफे में थे। भूकंप का केंद्र जयापुरा शहर में 22 किलोमीटर की गहराई में बना। आगे की जांच की जा रही है।

### पुतिन से मिले एनएसए अजित डोभाल

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन जंग के बीच भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। हृ्र डोभाल मास्को में अफगानिस्तान पर बहुपक्षीय सुरक्षा को लेकर हुई मीटिंग में शामिल होने पहुंचे हैं। यहां रूसी राष्ट्रपति ने भारत के साथ स्ट्रैटिजिक पार्नरशिप और बायलैटरल रिलेशन्स पर बात की। बैठक में हृ्र ने कहा कि अफगानिस्तान मुश्किल दौर से गुजर रहा है। वहां के लोगों की भलाई और मानवीय जरूरतें भारत की प्राथमिकता है।

### दूसरी पार्टी अपने मेनिफेस्टो को महत्व नहीं देती: जेपी नड्डा

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को घोषणा पत्र जारी कर दिया है। नड्डा ने अगरतला में कहा कि दूसरी पार्टी घोषणा पत्र लाती है तो उसे उनकी पार्टी के लोग ही महत्व नहीं देते, लेकिन क्ब्छ्ककोई वादा करती है तो लोग उसे समझते हैं, देश के लोगों को इंतजार रहता है कि भाजपा का घोषणा पत्र क्या होगा। नड्डा ने कहा कि त्रिपुरा में अब तक 13 लाख आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड दिए जा चुके हैं।

### महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली में महंगाई और बेरोजगारी और अन्य मद्दों के खिलाफ महिला कांग्रेस मोर्चा का विरोध प्रदर्शन चल रहा है। महिला कांग्रेस की सदस्यों ने भाजपा और क्क्रूमोदी के खिलाफ नारे लगाए। दूसरी तरफ यूथ कांग्रेस भी अडाणी मामले पर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना पदर्शन किया। कई प्रदर्शकारियों का हिरासत में लिया गया है।

### रोडवेज बस ने 7 को रौंदा चार की मौत, तीन घायल

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में बुधवार देर रात सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई और 3 की हालत गंभीर है। सभी मृतक और घायल हीरो मोटर्स कंपनी में काम करते थे। वह शिफ्ट खत्म होने के बाद घर लौट रहे थे, तभी कंपनी के बाहर बादलपुर क्षेत्र में यह हादसा हुआ है।

# यूपी बनेगा स्पोर्ट्स इंडस्ट्री का हब : सीएम

## देश की कंपनियां खेलो इंडिया के निवेश में आई आगे, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट बनेगा मददगार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

देश की एक नामी ब्रोकरेज फर्म (आनंद राठी इन्वेस्टमेंट बैंकिंग) के मुताबिक स्पोर्ट्स इंडस्ट्री में फिलहाल कई संभावनाएं हैं। पीएम मोदी के खेलो इंडिया नीति एवं सीएम योगी इस नारे को यूपी में जमीन पर उतारने का प्रयास चल रहा।

खासकर तब जब मेरठ में स्पोर्ट्स इंडस्ट्री की संपन्न परंपरा है। ब्रोकरेज फर्म के अनुसार, अगले पांच साल (2027) में स्पोर्ट्स एवं फिटनेस इंडस्ट्री का कारोबार 27 अरब डॉलर से बढ़कर 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इन संभावनाओं के तहत प्रदेश सरकार यूपी को स्पोर्ट्स इंडस्ट्री का हब बनाना चाहती है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में इसमें मददगार बनेगा। अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने बताया कि 12 फरवरी को उत्तर प्रदेश में खेल क्षेत्र और एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था में इसकी भूमिका विषय पर केंद्रित है। विशेष सत्र का आयोजन किया जाएगा। हैंगर-3 भारद्वाज में यह 11 बजकर 45 मिनट से दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक चलेगा। जीआईएस में होने वाले खेल सत्र में खेल जगत के सम्मानित व्यक्ति उत्तर प्रदेश में खेलों के विभिन्न अवसरों पर चर्चा करेंगे। सत्र में खेल क्षेत्र के सभी हितधारकों के बीच उपयोगी संवाद होगा। यह सत्र विभाग को निवेशकों और उद्योग के साथ निवेश या जुड़ने के लिए अपनी नीति और आकर्षक विकल्पों के बाबत विस्तार से जानकारी देगा।

अभिनव बिंद्रा, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और संस्थापक अभिनव बिंद्रा टारगेटिंग परफॉर्मेंस, कार्लोस एजपेलेटा, मुख्य रणनीति अधिकारी, डोरना (मोटो जीपी), उदित सेठ, संस्थापक ट्रांसस्टेडिया, सुरेश रैना, भारतीय क्रिकेटर, यानिक कोलाको फाउंडर फैनकोड, बेनेडिक्ट डे ला ब्रिएरे, विश्व बैंक, पॉल वी जेन्सेन, प्रबंध निदेशक यूरोपीय व्यापार और प्रौद्योगिकी केंद्र, ड्वाइट हावर्ड एनबीए एथलीट, नासिर हुसैन, सीईओ, रग्बी इंडिया, ब्रिटिश उच्चायोग के प्रतिनिधि, डॉ. निधि पुंढीर, वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल सीएसआर, एचसीएल फाउंडेशन, सिद्धार्थ उपाध्याय, यूनिव स्पोर्टटेक रुश्दी वार्ली सीईओ इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स। अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने बताया कि खेलों के लिहाज से उत्तर प्रदेश का इतिहास बेहद शानदार रहा है। हाकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद, केडी सिंह बाबू, मोहम्मद शाहिद, एसएम अली सईद, क्रिकेटर नरेंद्र हिरवानी, शटलर सैयद मोदी सरीखे खिलाड़ी यहीं से थे। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सुरेश रैना, कुलदीप यादव हॉकी के ओलंपिक मेडलिस्ट ललित उपाध्याय आदि उस अतीत को समृद्ध कर रहे हैं।

खेल व खिलाड़ियों को मैदान देकर योगी सरकार ने सुनहरा वर्तमान और उज्ज्वल भविष्य दिया है। बुनियादी सुविधाओं की बेहतरी और खिलाडियों की हौसला अफजाई का यह क्रम लगातार जारी है। इस साल भी प्रदेश में ÷खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स÷ और ÷मोटो जीपी÷ जैसे दो बड़े आयोजन होने हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही राज्य ने कुश्ती और बैडमिंटन को गोद लेने की घोषणा कर चुके हैं। इन सबकी वजह से मौजूदा समय मे यूपी में खेलों का शानदार इकोसिस्टम बना है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समि (जीआईएस) के जरिए समृद्धशाली उत्तर प्रदेश बनाने, नए आयाम स्थापि करने व यूपी को वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए खेल विभाग भी अपना हरसंभव योगदान देने क तत्पर है।



### भारतीयों का प्रदर्शन शानदार रहा है

भारतीय खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। राष्ट्रीय स्तर पर यूपी के खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई है। वैश्विक महामारी कोरोना के बाद लोग फिटनेस को लेकर खासे जागरूक हुए हैं। बढ़ती जागरूकता की वजह से स्पोर्ट्स एवं फिटनेस से जुड़े उत्पादों की मांग बढ़ी है। इस सबकी वजह से इस सेक्टर की संभावनाएं और बढ़ जाती हैं। जीआईएस खेल इंडस्ट्री के लिए बूस्टर डोज साबित होगा।

### लोबल इनवेस्टर्स समिट का शेड्यूल, तीन दिन में होंगे 34 सेशन, यूपी के विकास पर होगा मंथनय पीएम करेंगे इनॉग्रेशन तो महामहिम करेंगी समापन

लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)। यूपी के आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) का आगाज शुक्रवार से होगा। 3 दिनों में 34 सेशन होंगे। पहले दिन 10, दूसरे दिन 13 और आखिरी दिन 11 सेशन होंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ बढ़ते और बदलते उत्तर प्रदेश के बारे में विचार रखेंगे। अधिकांश सत्रों में केंद्रीय मंत्री मौजूद रहेंगे। समिट का शुक्रवार को इनॉग्रेशन पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। जबकि रविवार को इसका समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। ज्यादातर सेशन में केंद्रीय मंत्री मौजूद रहेंगे ।वाल्मीकि मेन हॉल में सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, उद्योगपति मुकेश अंबानी, के. चंद्रशेखरन, कुमार मंगलम बिरला और आनंद महिंद्रा उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। व्यास हॉल 1 में दोपहर 2.30 से शाम 4 बजे यूपी डिजाइनिंग एंड मैन्यूफैक्चरिंग इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड विषय पर चर्चा होगी। इसके मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव होंगे। दधीचि हॉल 2 में टूरिज्म लीवरेजिंग कल्चरल हैरिटेज फॉर मॉडर्न एंड प्रोग्रेसिव उत्तर प्रदेश विषय पर चर्चा होगी। इसमें केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी बतौर मुख्य अतिथि रहेंगे। भारद्वाज हॉल 3 में सिंगापुर पार्टनर कंट्री सेशन होगा। इसमें यूपी सरकार के मंत्री एके शर्मा व स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहेंगे वशिष्ठ हॉल 4 में सस्टेनेबल डवलपमेंट थ्रू रिनीवल एनर्जी पर सत्र होंगे।

### समिट के लिए दिल्ली-चंडीगढ़ से मंगाई गईं 800 लग्जरी गाड़ियां

### लखनऊ के सभी बड़े होटल बुक, 16 देशों की 304 कंपनियां होंगी शामिल

लखनऊ। 10 से 12 फरवरी तक होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) की तैयारी पूरी हो चुकी है। वृंदावन कॉलोनी की डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में इसका आयोजन होगा। यहां 25 हजार वर्गमीटर में 5 बड़े पंडाल और टेंट सिटी बसाई गई है। इन्हें फाइव स्टॉर होटल की तर्ज पर बनाया गया है। जहां 16 देशों से आने वाले विदेशी मेहमान ठहरेंगे। समिट में 304 कंपनियां 25 लाख करोड़ का निवेश करेंगी। पीएम मोदी समिट का उद्घाटन करेंगे। उनके साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ष्टरूयोगी कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। अभी तक ये कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होता था। लेकिन 15 हजार लोगों के लिए ये जगह छोटी पड़ रही थी। जिसके चलते कार्यक्रम को वृंदावन कॉलोनी स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में शिफ्ट किया गया।

### राजनाथ सिंह बोले-यूपी के कानून व्यवस्था की चर्चा विदेशों में होती है

## अटल जी के सपनों को साकार कर रहा हूं



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने शहरवसियों को 2 फ्लाईओवर की सौगात दी है। इसके अलावा भगवान लक्ष्मण की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौके पर मौजूद रहे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं अटल जी के सपनों को साकार कर रहा हूं।,लखनऊ का नाम में विकास की वजह से जमीन की कीमत बढ़ गई है। जिस समय शहीद पथ बना था। मैं केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री था। अटल जी ने मुझे इसका शिलान्यास करने के लिए मात्र 7 दिन पहले कहा था। अगर शहीद पथ न बना होता तो ट्रैफिक की क्या स्थिति होती। इसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। जब मैं लखनऊ का सांसद बना,तो लखनऊ के बाहर 104 किलोमीटर का रिंग रोड किसान पथ की परिकल्पना की। इसमें मुख्यमंत्री का बड़ा योगदान रहा। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के लोगों के माइंडसेट में बदलाव आया है। इसका श्रेय सीएम योगी को जाता है।अब लोग बिजनेस फ्रैंडली माइंडसेट के हो गए हैं। यूपी की चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था इसका सबसे बड़ा कारण है। इसकी चर्चा भारत ही नहीं,विदेश में बसे भारतवासियों के बीच भी होती है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर चर्चा होती है। सीएम योगी ने कहा कि आज भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण जी की प्रतिमा का अनावरण हुआ है। उनके नाम पर ये लखनऊ नगर जाना जाता है। लखनऊ में देश दुनिया के उद्यमी आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से उबरा है। इस समय लखनऊ बहुत सुंदर लग रहा है। इसकी सुंदरता को बनाये रखना होगा। उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था, विकास परियोजनाओं को बढ़ाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। पर्यटन,धार्मिक क्षेत्र के सबसे बेहतरीन स्थानों में इसकी गिनती होती है।

# भाजपा का बुलडोजर सूदखोरों को भी दे सजा : अखिलेश यादव

बलिया, समृद्धि न्यूज़

- सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने असलहा कारोबारी स्व. नंदलाल गुप्ता के परिजनों से की मुलाकात
- कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार को अखिलेश यादव ने घेरा



चर्चित असलहा कारोबारी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या मामले के बाद गुरुवार को शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सूदखोरों का ऑर्गनाइज्ड धंधा भाजपा द्वारा चलाया गया कारोबार है। भाजपा का बुलडोजर इन सूदखोरों को वही सजा दे, जो उत्तर प्रदेश में बाकियों को दे रहा है। जिले में तीन स्थानों पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गए। रसड़ा के मुड़ेरा में पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह के घर मुलाकात के बाद वे यहां टीडी कॉलेज के मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरे और सीधे लाइव आत्महत्या करने वाले असलहा कारोबारी नंदलाल गुप्ता के परिजनों से मिले। वहां से वे अपनी पार्टी के युवा संगठन में पदाधिकारी रहे छात्रनेता स्व मनीष दूबे मनन के घर भी गए। वापस टीडी कॉलेज के मैदान में आकर अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मैं स्व. नंदलाल गुप्ता की मां व पत्नी से मिला। जिस प्रकार से उन्होंने आत्महत्या की है। जिस प्रकार से पैसों का कारोबार चल रहा है, यह पूरी तरह से सूदखोरी है। याद कीजिए कि भाजपा और उसके लोगों ने नोटबन्दी की थी। सवाल किया कि बैंकों में जब पैसा भरा पड़ा है तो आखिरकार किसी कारोबारी को इस तरह से सूदखोरों से पैसा कैसे लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सूदखोरों का हिसाब-किताब बहुत अलग है। पता नहीं, कितना पैसा वसूलते हैं। समय-समय पर प्रताड़ना देंगे। घर में घुस आएंगे। मुझे एक ऐसा व्यापारी मिला, जिसकी पिटाई की गई है। उसके कान में चोट है।

### मस्जिद में नमाज पढ़ सकती हैं महिलाएं

## लेकिन पुरुष नमाजियों के साथ न बैठें: सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि महिलाएं चाहें तो मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ सकती हैं। इस्लाम में महिलाओं के मस्जिदों में नमाज पढ़ने पर कोई मनाही नहीं है, बशर्ते वे पुरुष नमाजियों के बीच या उनके साथ न बैठें। अगर किसी मस्जिद कमेटी ने इसके लिए अलग जगह निर्धारित की है तो महिलाएं वहां जा सकती हैं। दरअसल पुणे की एक मुस्लिम महिला और एडवोकेट फरहा अनवर हुसैन शेख ने 2020 में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि मस्जिदों में महिलाओं की एंट्री पर लगी रोक को अवैध घोषित किया जाए। बोर्ड ने जो हलफनामा दिया है उसमें कहा है कि महिला चाहे तो मस्जिद में नमाज के लिए जाएं या न जाएं, ये तय करना उनके हाथ में है। मुस्लिम महिलाओं को 5 वक्त की नमाज या जमात में जुमे की नमाज करने की बाध्यता नहीं है।

### 28 साल पुराने मुकदमे में गवाही देने पहुंचे आजम

#### सहकारिता मंत्री रहते हुए किया था निरीक्षण

शाहजहांपुर (समृद्धि न्यूज़)। सपा नेता व पूर्व सहकारिता मंत्री आजम खान गुरुवार दोपहर सीजेएम कोर्ट में गवाही देने पहुंचे। वह यहां लगभग दो घंटे तक रहे। हालांकि, उन्होंने न्यायालय के बाहर मीडियाकर्मियों से बात नहीं की।

1995 में आजम खां सहकारिता मंत्री थे। तब 28 अप्रैल 1995 को लखनऊ से रामपुर जाते समय उन्होंने शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा स्थित किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड का निरीक्षण किया था। वहां चार कट्टा यूरिया कम मिली थी। अन्य अनियमितताएं भी मिली थीं। आजम ने इस मामले में जांच के निर्देश दिए थे।

## तुर्किये और सीरिया त्रासदी में 17,176 मौतें

अंकारा (एजेंसी)।



तुर्किये और सीरिया में 6 फरवरी को आए भूकंप से अब तक 17,176 लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों की संख्या 40 हजार के करीब हो गई है। कई इमारतें तबाह हो गई हैं। बेघर लोगों के लिए शेल्टर बनाए गए हैं। अमेरिकी कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजी ने कुछ सैटेलाइट तस्वीरें जारी की है। इनमें तबाही और शेल्टर के लिए बनाए गए टेंट दिख रहे हैं। सीरिया में मारे गए लोगों को दफनाने के लिए सामूहिक कब्रें बनाई जा रही हैं। यहां मदद करने वाली व्हाइट हेलमेट्स की टीम ने एक वीडियो शेयर करते हुए बताया कि मृत लोगों को एक साथ दफनाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि वक्त पर उन तक मदद नहीं पहुंच पा रही है। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस बात को स्वीकार किया है। सरकार के खिलाफ लोगों के गुस्से को देखते हुए एर्दोगन ने कहा- भूकंप के बाद सरकार की शुरुआती प्रतिक्रियाओं में कमियां थीं। दरअसल, भूकंप के बाद कई इलाकों में लोगों तक बचावकर्मी या राहत समग्री नहीं पहुंची थी। हालांकि, राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि सभी लोगों की मदद के लिए सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है और देश में कोई भी बेघर नहीं रहेगा।

## सड़क हादसे में सात स्कूली बच्चों की मौत

- ट्रक ने बच्चों को ले जा रहे ऑटो को मारी टक्कर
- ड्राइवर और 8 बच्चे सवार थे

कांकेर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोरर के पास भीषण सड़क हादसे में 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गई है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद ऑटो चालक 8 बच्चों को लेकर जा रहा था, तभी एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। हादसा कोरर के चिलहटी चौक के पास हुआ। सभी बच्चों की उम्र 5 से 8 साल के बीच थी। 2 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 5 बच्चों ने कोरर अस्पताल में दम तोड़ा। ड्राइवर और एक बच्चे की हालत फिलहाल गंभीर है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची हुई है। शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर उन्हें परिजनों को सौंपा जाएगा। इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर के कोरर चिलहटी चौक पर ऑटो और ट्रक की टक्कर से 7 स्कूली बच्चों की आकस्मिक मौत पर दुख जताते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि समाचार बेहद दुःखद है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर मुमकिन मदद दी जा रही है। ईश्वर परिवारजनों को हिम्मत दे। प्रशासन को हरसंभव मदद के निर्देश दिए गए हैं। बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। सभी बच्चों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। बच्चे प्राइमरी कक्षा में पढ़ते थे। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं।कांकेर एएसपी अविनाश ठाकुर ने बताया कि ट्रक भानुप्रतापपुर की ओर से आ रहा था।

### विपक्ष पर पीएम मोदी का तंज- कहा-देश देख रहा है कि एक अकेला सब पर भारी पड़ रहा है

# नेहरू महान थे तो परिवार का कोई व्यक्ति उनका सरनेम क्यों नहीं रखता!

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब दिया। प्रधानमंत्री की स्पीच शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी, जो उनके 90 मिनट के भाषण के दौरान लगातार जारी रही। इस पर पीएम बोले- देश देख रहा है कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है। नारे बोलने के लिए भी लोग बदलने पड़ रहे हैं। मैं अकेला घंटेभर से बोल रहा हूं, रुका नहीं। उनके अंदर हौसला नहीं है, वो बचने का रास्ता ढूंढ रहे हैं। सरकारी योजनाओं का नाम बदलने को लेकर पीएम ने कहा- किसी कार्यक्रम में अगर नेहरूजी के नाम का उल्लेख नहीं हुआ तो कुछ लोगों के बाल खड़े हो जाते थे। लहू गर्म हो जाता था। मुझे ये समझ नहीं आता कि उनकी पीढ़ी का कोई व्यक्ति नेहरू सरनेम रखने से डरता क्यों है। क्या शर्मिंदगी है नेहरू सरनेम रखने में। इतना बड़ा महान व्यक्ति आपको और आपके परिवार को मंजूर नहीं है और आप हमारा हिसाब मांगते हो। प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ लोगों को समझना होगा कि सदियों पुराना देश आम आदमी के पसीने, पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं का देश है। किसी परिवार की जागीर नहीं है। हमने खेल रत्न ध्यानचंद के नाम पर कर दिया। अंडमान के द्वीपों का नाम सुभाष चंद्र बोस, परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर कर दिया। हिमालय की चोटी एवरेस्ट कर दी गई। उन्होंने कहा- सदन में जो बात होती है, उसे देश गंभीरता से सुनता है, लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोगों की वाणी न सिर्फ सदन को, बल्कि देश को निराश करने वाली है। ऐसे सदस्यों को यही कहूंगा कि कीचड़ उनके पास था, मेरे पास गुलाल। जो भी जिसके पास था, उसने दिया उछाल। जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही ज्यादा खिलेगा।

### 60 साल में एक परिवार ने केवल गड्ढे ही गड्ढे किए

स्पीच में मोदी ने कहा- कल विपक्ष के खड़गेजी ने कहा कि 60 साल में उन्होंने मजबूत बुनियाद बनाई। उनकी शिकायत थी कि बुनियाद हमने बनाई और क्रेडिट मोदी ले रहा है। 2014 में आकर जब मैंने बारीकी से चीजों को देखने का प्रयास किया तो नजर आया कि 60 साल कांग्रेस के परिवार ने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए थे। उनका इरादा नेकी का होगा, लेकिन गड्ढे कर दिए थे।



### कांग्रेस ने राजभवनों को पार्टी दफ्तर बनाया

राजभवनों को कांग्रेस का दफ्तर बना दिया गया था। 2005 में झारखंड में एनडीए के पास ज्यादा सीटें थीं, लेकिन गवर्नर ने यूपीए को बुलाया था।

### गरीबी हटाने के लिए कुछ नहीं किया

पीएम ने कहा- कोई भी जब सरकार में आता है तो देश के लिए कुछ करने के वादे करके आता है। जनता का भला करने के वादे करके आता है। सिर्फ भावनाएं व्यक्त करने से बात नहीं बनती है। जैसे कभी कहा जाता था गरीबी हटाओ, 4 दशक में कुछ नहीं हुआ। विकास की गति क्या है, विकास की नीयत, उसकी दिशा, प्रयास, परिणाम क्या है ये बहुत मायने रखता है।

### अडाणी मामले पर दिल्ली में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

## मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, कई कार्यकर्ता हिरासत में



नई दिल्ली (एजेंसी)। अडाणी ग्रुप और हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस पार्टी ने संसद से सड़क तक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यूथ कांग्रेस ने गुरुवार को दिल्ली में शास्त्री भवन के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास की अगुवाई में जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया। इस दौरान कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। वहीं, बेरोजगारी, मंहगाई और अन्य मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जंतर-मंतर पर महिला कांग्रेस की सदस्यों ने धरना दिया। बता दें कि अडाणी मामले पर विपक्ष केंद्र सरकार पर लगातार हमलावर है। मंगलवार को राहुल गांधी ने लोकसभा में इस मामले पर मोदी सरकार से 7 सवाल किया था। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी नेता लगातार इसके लिए जेपीसी की मांग कर रहे हैं।

# प्रदेश की संस्कृति और परंपरा से रूबरू होंगे मेहमान

- समिट के पहले दिन 10 फरवरी को मुख्य मंच पर परफॉर्मेंस देंगे मुंबई और बेंगलुरू के दिग्गज कलाकार
- वृंदावन योजना क्षेत्र में टेंट सिटी और कई अन्य ब्लॉक के पास भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बनाए गए स्टेज

विकास तिवारी। लखनऊ

आज से राजधानी लखनऊ के वृंदावन योजना क्षेत्र में शुरू हो रहे यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को ऐतिहासिक बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। जहां एक तरफ समिट के लिए आने वाले मेहमानों की हर सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है तो वहीं उनके मनोरंजन के लिए भी प्रबंध किए गए हैं। पूरे समिट के दौरान सिर्फ आयोजन स्थल ही नहीं, बल्कि पूरे लखनऊ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। समिट के मुख्य मंच पर जहां 10 फरवरी को पहले दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मेहमानों को उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं परंपरागत संगीत व नृत्य के दर्शन कराए जाएंगे तो वहीं, आयोजन स्थल के समीप बनी टेंट सिटी में 9 फरवरी से ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हो जाएगी जो 12 फरवरी तक चलेगी। यही नहीं, चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से लेकर मुख्यमंत्री आवास के करीब, 1090 चौराहा से लेकर राजधानी के सभी प्रमुख इलाकों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया गया है और कलाकारों की पूरी लिस्ट भी फाइनल हो गई है।

### समिट के मुख्य मंच पर 55 मिनट तक मंत्र मुग्ध होंगे मेहमान

समिट के पहले दिन यानी 10 फरवरी को मुख्य मंच पर शाम 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत होगी। कुल 55 मिनट तक चलने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत मुंबई के बांसुरी वादक राकेश चौरसिया करेंगे। उनके साथ ही बेंगलुरू के वायलिन वादक कुमारेश राजागोपालन, तबला वादक सत्यजीत तलवार, घाटम वादक बेंगलुरू के उल्लुर गिरिधर उडप्पा, ड्रम्स में मुंबई के गिनो राहुल बक्स, ताल वादक बेंगलुरू के प्रमाथ किरन, कीबोर्ड पर बेंगलुरू के वरुण प्रदीप और गिटारिस्ट के रूप में बेंगलुरू के ब्रुथुवा भूषण कालेब भी प्रस्तुति देंगे। यह पूरा सेशन 20 मिनट का होगा। इसके बाद लखनऊ की आकांक्षा श्रीवास्तव कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। उन्हें 7 मिनट का स्लॉट दिया गया है तो वहीं चंडीगढ़ के भजन गायक हंसराज रघुवंशी 20 मिनट में अपने भक्तिमय सुर लहरियों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध करेंगे। आखिरी 5 मिनट में मथुरा की वंदना श्री फूलों की होली की प्रस्तुति देंगी।

### टेंट सिटी में मनोरंजक होगी हर शाम

समिट से इतर टेंट सिटी में कार्यक्रमों की श्रृंखला 9 फरवरी से ही शुरू हो जाएगी, जो 12 फरवरी तक प्रतिदिन शाम को आयोजित होगी। 9 फरवरी को 45 मिनट के कार्यक्रम में लखनऊ की अलका ठाकुर बांसुरी, नीतीश भारती तबला और जीशान अब्बास सारंगी राग रागेश्वरी कार्यक्रम के अंतर्गत मेहमानों का दिल जीतने की कोशिश करेंगे। वहीं प्रयागराज की बीना सिंह लोक नृत्य, लखनऊ की मीशा रतन कथक नृत्य और अयोध्या की सुमिष्ठा मित्रा लोक नृत्य के जरिए रामायण का केवट प्रसंग प्रस्तुत करेंगी। 11 फरवरी को कार्यक्रम 1 घंटा 20 मिनट तक चलेगा। इसमें लखनऊ की श्वेता वर्मा और आरती शुक्ला कथक नृत्य के माध्यम से रुद्रावतार कार्यक्रम पेश करेंगी। वहीं झांसी की राधा प्रजापति बुंदेलखंड का राईनृत्य (लोकनृत्य) प्रस्तुत करेंगी। लखनऊ की निधि श्रीवास्तव नृत्य नाटिका रघुवीरा की पेशकश करेंगी। डॉ. रश्मि शास्त्रीय गायन पेश करेंगी तो सबसे लंबा 30 मिनट का कार्यक्रम रागधानी बैंड द्वारा आयोजित किया जाएगा। 12 फरवरी को लखनऊ के डॉ. मनोज मिश्रा (तबला), श्रीकांत शुक्ला (ढोलक), मो. सिद्दीक (नक्कारा), सुधीर कुमार (मृदंगम), जीशान अब्बास (सारंगी), दिनकर द्विवेदी (हारमोनियम), ललिता हलोई (तानपुरा) और दिल्ली के शशिकांत पाठक (ढोलक) शास्त्रीय वाद्यवृंद की पेशकश करेंगे। वृंदावन-मथुरा की कुंजलता मिश्रा कृष्णम नृत्य वाटिका, मथुरा की मणिका पाल मयूर नृत्य और लखनऊ के तन्मय मुखर्जी का बैंड फ्यूज ड्रमिंग पेश करेगा। ये कार्यक्रम 1.15 घंटे तक चलेंगे।

# ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय उद्यान दुधवा नेशनल पार्क सहित ईको टूरिज्म सर्किट का विकास होगा: जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



उत्तर प्रदेश की नई पर्यटन नीति के अन्दर थिमैटिक टूरिज्म को बढ़ावा देने के मद्देनजर युवा टूरिज्म, वेडिंग, हेरिटेज, कला एवं संस्कृति, वाटर टूरिज्म एवं वेलनेस एवं मेडिकल, ग्रामीण व ट्राइवल, प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक तथा स्टेट टूरिज्म की विभिन्न श्रेणियां बनायी गयी हैं। साथ ही पर्यटन नीति के अन्तर्गत चिन्हित विभिन्न श्रेणियों को प्रोत्साहित कर पर्यटकों को आकर्षित किये जाने की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा इस नीति के तहत चिन्हित 12 परिपथों में आने वाले सभी पर्यटक स्थलों के उच्चीकरण, नवीनीकरण तथा सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश को इको-टूरिज्म का विकास कर इसे एक बेहतरीन गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए इको टूरिज्म विकास बोर्ड का गठन किया जा चुका है। इस बोर्ड के तहत एक राष्ट्रीय उद्यान दूधवा नेशनल पार्क, 11 वन्य जीव अभ्यारण, 24 पक्षी अभ्यारण तथा 9 इको टूरिज्म सर्किट में शामिल किया गया है। ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा गोरखपुर स्थित कुसमही जंगल तथा बटेश्वर को ईको टूरिज्म साइट के रूप में तथा जनपद सोनभद्र के ग्राम सलखन में स्थित सलखन फॉसिल्स पार्क का सौन्दर्यीकरण के साथ ही चित्रकूट स्थित तुलसी जलप्रपात ईको टूरिज्म विकास के अन्तर्गत शामिल किये गये हैं।

## खबरें एक नजर में

### नोएडा सड़क हादसे पर योगी ने जताया गहरा दुख

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक जताया है। सीएम योगी ने हादसे में हुई 4 लोगों की मौत पर दुख प्रकट करते हुए दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति की कामना की है। साथ ही सीएम में उनके परिजनों के साथ भी दुख साझा किया और उनके प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं, सीएम ने हादसे में घायल होने वाले लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। बता दें कि जिले के थाना बादलपुर क्षेत्र में स्थित होंडा मोटर कंपनी के कर्मचारी ऑफिस जा रहे थे, तभी अनियंत्रित रोडवेज बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इसमें चार कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के हायर सेंटर में रेफर किया गया। ग्रेटर नोएडा पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बादलपुर थाना क्षेत्र में देर रात 11.30 बजे हीरो मोटर्स कंपनी के कर्मचारी कारखाने से बाहर निकल रहे थे। उसी वक्त नोएडा डिपो की रोडवेज बस नंबर यूपी 32 एलएन 3295 दादरी से नोएडा की ओर तेज रफ्तार से जा रही थी। इस बस की चपेट में 7 कर्मचारी आ गए। इस हादसे की जानकारी होने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सीएम योगी मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम योगी ने जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

### ईदगाह लखनऊ में भूकंप से मरने वालों के लिए दुआ का आयोजन

**लखनऊ।** तुर्की व शाम में जलजले की वजह से जो जानी व माली नुकसान हुआ है उस पर इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया ने अपने रंज व गम का इज्हार किया है। उन्होने कहा कि यह घटना बहुत ही अफ्सोसनाक है। जिसने कि हर व्यक्ति को हिलाकर रख दिया है। हजारों नौजवान, बूढ़े, बच्चे और औरते पल भर में ही मौत की नींद सो गए। आसमान छूती हुई इमारतें जमीन में धंस गयी। उन्होने कहा कि ऐसे दर्दनाक हालात में इंसानों का यह फर्ज है कि वह मुसीबत की इस घड़ी में वहॉ के लोगों की खुल कर साहयता करें और अन्तर्राष्ट्रीय संगठन से उन्होने अपील की कि तमाम देश बड़े पैमाने पर तुर्की व सीरिया की सहायता करें जिससे कि जखमियों का समय पर इलाज हो सके और लोगों को खाने व पीने की भी कोई कठिनाई न हो। इसी के साथ साथ जरूरत है कि लोगों के घरों को और तबाह हुए शहरों को जल्द से जल्द तामीर किया जासके जिससे कि वहॉ के लोगों का जीवन पटरी पर लौट सके। इस भूकंप के सिलसिले में आज जामा मस्जिद ईदगाह लखनऊ में दुआ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की और मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने जखमियों के शीर्घ ठीक होने की दुआ मॉगी। उन्होने खुदा पाक से अपने देश और पूरी दुनिया को इस मुसीबत से महफूज रहने की दुआ की।

### एमटीवी निषेध-2 ने लखनऊ को 'खुल के बोल' की प्रेरणा दी




**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** भारत का अग्रणी यूथ एंटरटेनमेंट चैनल, एमटीवी हमेशा से संस्कृति को परिभाषित करने वाली बातचीत में मुख्य भूमिका निभाता आया है। इसके पथ-प्रदर्शक शो, एमटीवी निषेध के दूसरे सीज़न के साथ ब्रांड ने कलंकित विषयों, जैसे गर्भपात, यौन स्वास्थ्य, अनैच्छिक गर्भ, जहरीले संबंधों,ट्यूबरकुलोसिस, आदि अनेक विषयों पर वार्ता छेड़ी है, ताकि युवाओं को प्रभावित करने वाली समकालीन समस्याओं पर खुलकर बात हो सके। एमटीवी निषेध की शैली में, ब्रांड, नवाबों के शहर लखनऊ में 9 फरवरी को अमीनाबाद और रूमी दरवाजा पर एक चिंतनशील नुक्कड़ नाटक, खुल के बोल लेकर आया है, जो शो की थीम पर आधारित है। इस नुक्कड़ नाटक में युवाओं की उन मौजूदा एवं महत्वपूर्ण समस्याओं पर रोशनी डाली गई है, जिनके बारे में बात करने से वो कतराते हैं। प्रतिभाशाली थिएटर समूह - रंगा रंग मंच द्वारा दी गई इस प्रस्तुति में अनेक कलंकित विषयों और समस्याओं पर महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए गए हैं, जिससे इस शो की अवधारणा जीवंत हो जाती है।नए युग के कलाकारों - अशीमा वरदान, आर्यन टंडन, अनुसुब्दा भगत, रामा शर्मा, सचिन विद्रोही, आँचल गोस्वामी और चित्रांश राज द्वारा अभिनीत इस ड्रामा में एक काल्पनिक शहर, प्रेमनगर की जिंदगी के माध्यम से उन समस्याओं का चित्रण किया गया है, जिन्हें कलंकित विषय माना जाता है।यदि आप टीवी पर एमटीवी निषेध सीज़न 2 नहीं देख पाए हैं, तो यह शो फुली फालतू यूट्यूब चैनल पर देखिए!

### भारत रक्षा दल ट्रस्ट की मोहन भागवत से अर्जी

**लखनऊ।** भारत रक्षा दल ट्रस्ट के राष्ट्रवादी संस्थापक श्रीनिवास राय ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखकर अपनी व्यथा बताई और निदान भी मांगा है। श्री राय ने लिखा है कि आपके एक बयान ने हमें लिखने के लिए मजबूर किया है। आपने कहा है की जाति व्यवस्था पंडितों ने बनाई है। अब आपने यह बात किस संदर्भ में कही है यह बात हम नही जानते हैं लेकिन कोई बात नही चलिए हम सर झुकाकर यह स्वीकार कर लेते है। यह गलती हमारे पूर्वजों ने कर दी। अब आप इस गलती को सुधार दीजिए, आप कर सकते है। आज आप विश्व की सबसे बड़ी हस्ती है। विश्व के सबसे बड़े संगठन के प्रमुख हैं। उस संगठन के प्रमुख है जिस संगठन से हमारे राष्ट्रनायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज की उत्पत्ति हुई है जिस संगठन के अटल बिहारी भी थे। मेरी स्वयं की प्राइमरी पाठशाला संघ है और संघ हमारा पूज्य संगठन है। मेरा स्वयंसेवक होने के नाते भी आग्रह है कि हमारे पुरखो की गलती सुधार दीजिए।एक ऐसा संविधान बनवा दीजिए जिसमे किसी के नाम के आगे कोई जाति न लिखी जाए। सब बराबर हर कोई अपनी मेहनत और परिश्रम के आधार पर आगे बढ़े।

### इन्वेस्टर्स सम्मिट के दौरान होने वाले एएमयू को इस बार हर हाल में जमीन पर उतारे प्रदेश सरकार

लखनऊ। भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना, राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता,राष्ट्रीय प्रभारी हाफिज जलील अहमद सिद्दीकी ने पूर्व के हुए दो बार के इन्वेस्टर्स सम्मिट को देखते हुए इस बार होने वाले 10, 11, 12 फरवरी ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट के दौरान होने वाले एएमयू को हर हाल में जमीन तक उतारने की प्रदेश सरकार से माँग की है। श्री मुन्ना, श्री गुप्ता और श्री सिद्दीकी ने यह भी कहा की इससे पहले दो बार इन्वेस्टर्स समिट राजधानी लखनऊ में किया गया है। देश प्रदेश के उद्यमियों ने भाग लिया।

# विवाह पूर्व 21 जोड़ों ने नशामुक्त रहने का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

श्री दुर्गा जी मन्दिर, शास्त्रीनगर (रकाबगंज) में 21 जोड़ों व उनके परिजनों ने विवाह पूर्व आजीवन नशामुक्त रहने की शपथ ली। वहीं, नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के जिला प्रभारी अनिल अग्रवाल ने सात निर्धन कन्याओं का विवाह अपने खर्च से कराने का संकल्प लिया। जबकि मन्दिर के सर्वोसर्वा ताराचंद अग्रवाल ने सामुहिक विवाह समारोह को पूर्णतया नशामुक्त समारोह बनाने की घोषणा की है।

राजधानी के शास्त्रीनगर (रकाबगंज) में शीघ्र परिणय-सूत्र में बंधने वाले जो?ें और उनके परिजनों को आजीवन नशामुक्त रहने के गुर सिखाए गए। श्री दुर्गा जी मन्दिर प्रांगण में गुरुवार को संस्कार कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला को श्री दुर्गा जी मन्दिर धर्म जागरण एवं सेवा समिति ने आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के जिला प्रभारी अनिल अग्रवाल ने नशे के तमाम दुष्प्रभाव बताए। वहीं, ब्लॉक प्रभारी नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने सभी को जीवनपर्यन्त नशामुक्त रहने का संकल्प कराया। इसी कड़ी में नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के जिला प्रभारी अनिल अग्रवाल ने श्री दुर्गा जी मन्दिर के कल्याण मण्डप में सात निर्धन कन्याओं का विवाह अपने खर्च पर करवाने का संकल्प लिया। इस नशामुक्त संकल्प सभा में मन्दिर के सर्वोसर्वा तारा चन्द अग्रवाल, विनोद कुमार अस्थाना व संजीव गर्ग आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**यूपी विधानसभा में भी बढ़ेंगी चाचा-भतीजे की नजदीकियां**

# अखिलेश के बगल में बैठेंगे शिवपाल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



मुलायम कुनबे में चाचा शिवपाल यादव और भतीजे अखिलेश यादव की तल्खी अब नजदीकियों का रूप ले चुकी है। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए उपचुनाव में चाचा-भतीजा गिले-शिकवे भुलाकर साथ आ चुके हैं। दोनों नेता मिशन-2024 में जुट गए हैं। इसी कड़ी में अखिलेश चाचा शिवपाल को विधानसभा में अपने बगल की सीट पर बैठाने की तैयारी कर रहे हैं। शिवपाल यादव को विधानसभा में आजम खां को आवंटित सीट दी जा सकती है। आजम खां की सदस्यता निरस्त होने के कारण यह सीट रिक्त है। यह सीट अखिलेश यादव के बगल में है। अखिलेश इससे पहले भी शिवपाल की कुर्सी बदलने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को पत्र लिख चुके हैं, हालांकि उस समय उन्हें आगे की सीट आवंटित नहीं हो सकी थी। अब पार्टी के लिए आवंटित आगे की सीटों में से अखिलेश अपने चाचा को आजम खां वाली सीट पर बैठा सकते हैं। आगे की सीट में अभी अखिलेश के अलावा अवधेश प्रसाद और लालजी वर्मा भी बैठते हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय व ओम प्रकाश दूसरी पंक्ति में बैठते हैं। सूत्रों के अनुसार शिवपाल को आजम खां की सीट मिल सकती है। आजम की सदस्यता रद होने के कारण उनकी सीट रिक्त हो गई है। ऐसे में सालों बाद अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव एक साथ विधानसभा के सदस्य के रूप में बैठेंगे। इससे पहले शिवपाल सिंह यादव पिछली लाइंस में बैठा करते थे। ऐसा इसलिए था क्योंकि शिवपाल सिंह यादव अपनी अलग पार्टी का प्रतिनिधित्व करते थे, लेकिन अब वह सपा के सदस्य के रूप में विधानसभा में पहुंचेंगे।

## एकेटीयू में एमबीए और एमसीए की परीक्षा आज से

लखनऊ। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के एमबीए और एमसीए अंतिम वर्ष के विषम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दस फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश के 23 जनपदों में 58 केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा में करीब 15 हजार परीक्षार्थी बैठेंगे। गुरूवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय ने परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने परीक्षा शुचितापूर्ण ढंग से कराने का निर्देश दिया। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र भी जारी कर दिया गया है। 23 जनपदों में बने 58 केंद्रों पर सीसीटीवी से परीक्षार्थियों पर नजर रखी जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगी जबकि दूसरी पाली दोपहर ढाई बजे से चलेगी। लखनऊ में परीक्षा के लिए पांच केंद्र बनाये गये हैं।

# जी-20 की सुरक्षा के लिए किए गए पुख्ता इंतजाम

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 202× का आयोजन होने वाला है। इसकी शुरुआत कल यानी 10 फरवरी को हो जाएंगी। इस समिट में 1× हजार से अधिक कंपनियां 21 लाख करोड़ का एमओयू करेगी।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अगले दिन जी-20 की बैठकों का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। इस महा मेले से पहले इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आने वाले मेहमानों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। बता दें कि लखनऊ में कल से महा मेला शुरू हो जाएगा। रा'य को निवेश का केंद्र बनाने के लिए आयोजित होने जा रही 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्योगपतियों के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए लखनऊ के वृंदावन क्षेत्र को देश-विदेश के उद्योगपति मेहमानों के लिए तैयार किया जा रहा है। इसमें 15 देशों से निवेशक आएंगे और जहां निवेश करेगें। इस समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद देश और विदेश के उद्योगपतियों को संबोधित करेंगे। देश और विदेश के दिग्गज उद्योगपतियों की मौजूदगी में 1×255 कंपनियां 20.96 लाख करोड़ से अधिक के निवेश का एमओयू करेंगी। मिली जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तीन दिन चलेगी, लेकिन जी-20 की बैठकें लंबे समय तक चलने वाली है। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। इसके लिए 24 आईपीएस अधिकारी, 68 पीपीएस तथा 5415 अराजपत्रित अधिकारी, कर्मचारी लगाए गए हैं। एडीजी प्रशांत कुमार के अनुसार 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ कमिश्नरेट में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होना है। इसके अलावा 11 चरणों में कमिश्नरेट लखनऊ, आगरा, वाराणसी तथा गौतम बुद्ध नगर में 11 फरवरी से 27 अगस्त तक जी-20 की बैठकें होनी हैं। लखनऊ में जी-20 की बैठक 1× से 15 फरवरी तक है। इन सभी के लिए पुख्ता तैयारियां की गई हैं। सुरक्षा में एंटी ड्रोन सिस्टम के साथ कमांडो, अधिकारियों के अलावा 1× कंपनी पीएसी तथा × कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात किया गया है। इस आयोजन के लिए एटीएस स्पॉट टीमों को लगाया गया है। यूपी पुलिस की विशिष्ट ऑपरेशनल यूनिट्स जैसे एंटी टेररिस्ट स्क्वाड को अलर्ट करते हुए दुर्दांत अपराधियों, स्लीपिंग मॉड्यूल व माफिया तत्वों पर अभियान चलाकर कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी विभागों के साथ समन्वय के लिए उ'चस्तरीय सिस्टम विकसित करते हुए माइक्रो प्लान बनाया गया है। इसी के अनुसार सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को संचालित करने के लिए, आपातकाल स्थिति के लिए ऑपरेशनल कमांड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। हॉट स्पॉट चिह्नित कर वहां प्रशिक्षित एवं दक्ष महिला, पुरुष पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है।

# 53 लाख से ज्यादा वृद्ध पेंशनर्स का आधार प्रमाणित

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में जुटी योगी सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इसी क्रम में योगी सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत आधार प्रमाणीकरण का काम एक साल से भी कम समय में कई गुना आगे बढ़ गया है। एक अप्रैल 2022 तक 6.50 लाख लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो सका था तो सीएम की सख्ती के बाद 7 फरवरी 2023 तक 8 गुना बढ़कर 53.61 लाख पर पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश का वंचित और असहाय तबका योगी सरकार की प्राथमिकता में है। सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ इन्हें दिया जा रहा है। सही व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे, इसके लिए सरकार ने आधार प्रमाणीकरण को अनिवार्य कर दिया है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए।

### जिलाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अप्रैल 2022 को सिर्फ 6.50 लाख लाभार्थियों का ही आधार प्रमाणीकरण किया गया था, जबकि एक अक्टूबर 2022 को यह आंकड़ा बढ़कर 39.88 लाख हो गया। इसके बाद 4 माह में यह आंकड़ा 50 लाख का आंकड़ा पार कर 53.61 लाख पहुंच गया है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में 9.31 लाख ऐसे लाभार्थी भी हैं जिनकी फैमिली आईडी उपलब्ध नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया है कि जिन लाभार्थियों की फैमिली आईडी नहीं है, जिलाधिकारी अपने स्तर से उनके प्रमाणीकरण का प्रबंध करें। इसके लिए निदेशक समाज कल्याण के स्तर से सभी जिलाधिकारियों से अनुरोध भी किया गया है, जबकि लाभार्थियों का जनपदवार डाटा नियोजन विभाग को भी उपलब्ध करा दिया गया है।

### युद्धस्तर पर कराया गया है आधार प्रमाणीकरण

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में कुल 56 लाख लोग सरकार की ओर से राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसमें 2.98 लाख स्टॉप पेंशनर्स की संख्या है। कुल ब्लॉक पेंशनर्स की संख्या 6.46 लाख है, जबकि 1.30 लाख सस्पेक्ट पेंशनर्स भी हैं। 12 हजार ही ऐसे पेंशनर्स हैं जो आधार प्रमाणीकरण में फेल रहे हैं। नवीन लाभार्थियों की संख्या 10.39 लाख है। प्रदेश सरकार के निर्देश पर लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण हेतु विकासखण्ड, निकाय, वार्डवार, मोहल्लावार- शिविर, जोनवार-शिविर, बैंकों से अभिलेख प्राप्त कर आधार प्रमाणीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों, उद्योगपतियों इन्वेस्टर्स का प्रदेश की धरती और देश में स्वागत

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 10 फरवरी से शुरू हो रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश से आने वाले सभी निवेशकों, उद्योगपतियों, इन्वेस्टर्स का उत्तर प्रदेश की धरती और अपने देश में स्वागत है।



अतिथियों के स्वागत के लिए शहरों को सजाने, संवारने और सुन्दर बनाने का बेहतरीन कार्य किया गया है। प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर से भी उन्हें परिचित कराया जायेगा, जिससे वे अपने साथ बेहतरीन यादें ले जाएं। प्रदेश में निवेश से यूपी की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और उत्तर प्रदेश नये भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा। एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलीयन डॉलर इकोनामी बनाने तथा पीएम मोदी का देश कीअर्थव्यवस्था को 05 ट्रिलीयन डॉलर इकोनामी बनाने का जो सपना है। वह अब पूरा हो सकेगा। इस निवेश समिट से हमारा देश और प्रदेश इस दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ेगा। उत्तर प्रदेश में जिन क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं बनी हैं और इसके लिए एमओयू हुए हैं या फिर इसके लिए कमिटमेंट आये हैं। इससे प्रदेश के सभी क्षेत्रों का विकास होगा।श्री शर्मा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले निवेश से प्रदेश की अर्थव्यवस्था बढ़ेगी और इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार होगा। साथ ही प्रदेश में ही ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह इन्वेस्टर्स समिट हमारे प्रदेश के विकास के लिए एक बहुत ही शुभ संकेत है। इस अवसर पर उन्होंने सभी निवेशकों तथा इसको भव्य व सुन्दर तरीके से आयोजित करने के लिए इस क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों कर्मचारियां व सरकारी संस्थाओं को शुभकामनाएं दी हैं।

# लविवि में फाइलेरिया के प्रति कैडेट्स को किया गया जागरूक

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के 18 जनपद में आज से शुरू हो रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 'सामूहिक दवा सेवन' अभियान को लेकर गुरुवार को 63 और 64 यूपी बटालियन एनसीसी के 75 कैडेट्स का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीसीआई इंडिया और एनसीसी के 63वें व 64वें यूपी बटालियन के संयुक्त सहयोग से कैडेट्स को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी और उसके बचाव के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एएसपीएम विकास द्विवेदी ने समाज में इस गंभीर बीमारी के बारे में चर्चा की और बताया किस प्रकार खुद को और अपने आसपास सभी को दवा सेवन के लिए प्रेरित करना है। फाइलेरिया उन्मूलन रणनीति के अंतर्गत वर्ष में एक बार तीन तरह की दवाओं ( आइवरमेक्टिन, डीईसी और अल्बेंडाजोल) का सेवन एक साथ करना होगा जिनमें 2 वर्ष से कम बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को सेवन नहीं करना होगा। एनसीसी ऑफिसर डॉ रजनीश कुमार यादव ने बताया कि एनसीसी किस प्रकार समाज कार्य में अपनी अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में एनसीसी ऑफिसर कैप्टन किरण लता डंगवाल , मलेरिया इंस्पेक्टर संजय और एसएमसी सौम्या मिश्रा भी अहम भूमिका में मौजूद रहे ।

# जी 20 शिखर सम्मेलन : एलडीए ने लगाये छह लाख पौधे

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



उत्तर प्रदेश की राजधानी में होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन व ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में आने वाले मेहमानों के स्वागत में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने रंग-बिरंगे फूलदार छह लाख पौधों से शहर की सडकों को गुलजार कर दिया है।एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि पौधे लगाने के साथ ही शहर के मुख्य चौराहों व मार्गों पर 18 हजार वर्गफुट क्षेत्रफल में वर्टिकल गार्डेन तैयार किया गया है। इसके अलावा शहीद पथ और सेन्ट्रम होटल के पास लगभग 50 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में कारपेट घास बिछाने का कार्य किया गया है। हॉर्टीकल्चर के इन कार्यों के बीच प्राधिकरण द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी और सिग्नेचर बिल्डिंग के पास शहीद पथ के स्लोप पर फूलों से बनाये गये जी-20 के विशालकाय लोगो सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हैं। पौधों की सिंचाई के लिए जगह-जगह बोरिंग का कार्य कराया गया है, साथ ही शहीद पथ के मीडियन डिवाइडर व सड़क के दोनों किनारों पर कुछ जगह पाइप लाइन भी बिछायी गयी है। वर्तमान में टैंकरों के माध्यम से वृहद स्तर पर सिंचाई का कार्य कराया जा रहा है।

### शहर में लगे पौधे है आकर्षक

**प्राधिकरण के** सहायक उद्यान अधिकारी मोहम्मद इमरान ने बताया कि शहीद पथ एवं जी-20 रोड पर 20 अलग-अलग प्रजातियों के आकर्षक पौधे लगाए गये हैं। इनमें मौसमी फूलों वाले मेरीगोल्ड, डहेलिया, पनसुतिया, लिलियम, डैंथस, कैलेंडुला इत्यादि तथा गुड़हल, चांदनी, हैमेलिया, वैरिगेटेड गुड़हल, तिकोमा, बोगन बेलिया के साथ ही अलंकृत पौधे क्रमशः फाक्सटेल पाल्म, गोल्डन साइप्रस, गोल्डन बॉटल ब्रश, जूनिप्रस व वाशिंगटोनिया पाल्म समेत अन्य पौधे लगाये गये हैं।

### हॉर्टीकल्चर वर्क कराया गया

**सहायक उद्यान** अधिकारी कर्ण सिंह ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा एयरपोर्ट, शहीद पथ, जी-20 रोड (बंधा रोड), जनेश्वर मिश्र पार्क से भागीदारी भवन होते हुए ताज होटल, 1090 चौराहा, समतामूलक चौक, परिवर्तन चौक, एयरपोर्ट व हेरिटेज जोन में हॉर्टीकल्चर के आकर्षक कार्य कराये गये हैं। इसके अलावा सुशांत गोल्फ सिटी में सेन्ट्रम होटल को जाने वाले मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ 60-60 मीटर के स्ट्रेच में खूबसूरत फूलदार पौधों के हेज बनाये गये हैं।

# केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री से उपभोक्ता परिषद के चार सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कल से शुरू होने वाले इन्वेस्टर समिट के मद्देनजर देश के उर्जा मंत्री आर के सिंह भारत सरकार के ऊर्जा सचिव आलोक कुमार लखनऊ पहुंच रहे हैं। उनके आगमन से पूर्व उपभोक्ता परिषाद चार सवाल किए है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5 )जिसमें उपभोक्ता को प्रीपेड मीटर लेने की सहमति जरूरी का प्रावधान है के संबंध में केंद्र सरकार का क्या कहना है और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 में किसी भी विद्युत उपभोक्ता की बकाए पर विद्युत आपूर्ति को तभी काटा जा सकता है जब अनिवार्य रूप से 15 दिन की लिखित नोटिस उसे दी जाए अभी तक इन दोनों कानूनों में कोई भी बदलाव नहीं किया गया और केंद्र सरकार द्वारा एक रूल बनाकर कि 2025 तक सभी विद्युत उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा दिया जाए क्या यह संवैधानिक है ? स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बाद उसमें बकाए पर विद्युत उपभोक्ता की विद्युत आपूर्ति रिमोट विधि से काट दी जाती है उस दशा में उसे नोटिस कैसे प्राप्त होगी ? बिना प्रदेश के उपभोक्ताओं की सहमति के प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए बिना उनकी सहमति लिए 2.5 करोड स्मार्ट प्रीपेड मीटर का टेंडर जारी कर दिया गया क्या या संवैधानिक है ? उत्तर प्रदेश का गरीब आम विद्युत उपभोक्ता देश के ऊर्जा मंत्री से जवाब चाहता है। उपभोक्ता परिषद देश के ऊर्जा मंत्री से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के ऊंची दरों पर हो रहे टेंडर पर भी उपभोक्ताओं के हित में उनका पक्ष जानना चाहता है।

# चारबाग रेलवे स्टेशन पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इंटीग्रेटेड पार्किंग का किया लोकार्पण

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को देखते हुए उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने वाहनों की पार्किंग के लिए स्टेशन पर इंटीग्रेटेड पार्किंग की व्यवस्था स्थापित की है। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित एवं सुगम आवागमन हेतु वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि पिक एण्ड ड्राप हेतु 10 (दस) मिनट के लिए निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। उसके बाद समय के हिसाब से चार्ज लगेगा। इंटीग्रेटेड पार्किंग व्यवस्था के तहत चारबाग के मुख्य एंट्री और एग्जिट पर इलेक्ट्रॉनिक बैरियर लगाए गए है, कोई भी वाहन जो रेल परिसर में दाखिल होगा उसे बैरियर के पास ही इलेक्ट्रॉनिक स्लिप मिल जाएगी जिसमें वाहन का नंबर और आने जाने का समय दर्ज होगा और उसी के हिसाब से निर्धारित शुल्क वसूला जाएगा। लखनऊ स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में वाहनों के प्रवेश हेतु 05 बिन्दु बनाये गये हैं, जो कि निम्नवत हैं- आरक्षण भवन के सामने, रिक्शा गली, आरक्षण गली, पूर्वोत्तर रेलवे के सामने मंदिर के निकट एवं कैब-वे मार्ग। आरक्षण भवन के सामने लखनऊ रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में प्रवेश करने वाले वाहनों के सुचारू ढंग से आवागमन के उद्देश्य से अलग-अलग लेन बनाये गये हैं, जिसके अन्तर्गत सीधी लेन, व्यावसायिक वाहन, निजी वाहन, सरकारी वाहन एवं पैदल यात्रियों हेतु लेन बनाए गये हैं। लखनऊ रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से होकर पूर्वोत्तर रेलवे के कैब-वे पार्किंग की ओर जाने वाले वाहनों को इन्टीग्रेटेड पार्किंग के प्रवेश द्वार पर एक टोकन जारी किया जायेगा, जिसमें 10 (दस) मिनट का फ्री समय दिया जायेगा। इस प्रकार के वाहनों के लिये थ्रू लेन की व्यवस्था की गई है। समस्त प्रकार के वाहन स्वामियों को स्टेशन सीमा में प्रवेश के समय एक टोकन जारी किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत 10 मिनट का फ्री समय दिया जायेगा। व्यावसायिक वाहनों के लिये फ्री समय की सुविधा नही प्रदान की जायेगी। ऐसे वाहन चालकों को प्रवेश के समय जारी किये जाने वाले टोकन के लिये रु0 20- प्रवेश शुल्क देना अनिवार्य होगा एवं यह 30 मिनट के लिये मान्य होगा। रेलवे में पंजीकृत आटो एवं टैक्सी वाहनों हेतु पूर्व की भांति अलग स्थान आरक्षित रहेगा एवं इन वाहन चालको को स्टेशन परिसर से बाहर जाते समय रू0 20- का टोकन जारी किया जायेगा।

# समिट के लिए दिल्ली-चंडीगढ़ से मंगाई गईं 800 लग्जरी गाड़ियां

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

10 से 12 फरवरी तक होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) की तैयारी पूरी हो चुकी है। वृंदावन कॉलोनी की डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में इसका आयोजन होगा। यहां 25 हजार वर्गमीटर में 5 बड़े पंडाल और टेंट सिटी बसाई गई है। इन्हें फाइव स्टॉर होटल की तर्ज पर बनाया गया है। जहां 16 देशों से आने वाले विदेशी मेहमान ठहरेंगे। समिट में 304 कंपनियां 25 लाख करोड़ का निवेश करेंगी। पीएम मोदी समिट का उद्घाटन करेंगे। उनके साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। अभी तक ये कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होता था। लेकिन 15 हजार लोगों के लिए ये जगह छोटी पड़ रही थी। जिसके चलते कार्यक्रम को वृंदावन कॉलोनी स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में शिफ्ट किया गया। इन्वेस्टर्स समिट और जी- 20 को लेकर सड़क, चौराहा, ट्रैफिक, लाइट समेत पर्यटन स्थल को करीब 130 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। इस दौरान लेसा, नगर निगम, एलडीए, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन समेत सभी प्रमुख विभाग इसमें लगाए गए। पीएम मोदी कार्यक्रम में करीब 2 घंटे 40 मिनट तक रहेंगे। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी 10 फरवरी की सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर अमौसी एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। यहां से सुबह 10 बजे वृंदावन कॉलोनी स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। करीब डेढ़ घंटे कार्यक्रम में रहेंगे। उसके बाद 11 बजकर 30 मिनट तक अमौसी एयरपोर्ट से रवाना होंगे। रात 12 बजकर 10 मिनट पर दिल्ली चले जाएंगे। समिट को लेकर यूपी कैबिनेट के मंत्रियों के साथ अधिकारियों ने 16 अलग-अलग देशों का दौरा भी किया था। ऐसे में उम्मीद है कि सभी देश के लोग आएंगे। इसके अलावा सभी केंद्रीय मंत्रियों को भी न्योता भेजा गया है। देश के सभी बड़े उद्योगपतियों को आने के लिए निमंत्रण गया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), जापान, जर्मनी, थाईलैंड, मैक्सिको, साउथ अफ्रीका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, नीदरलैंड, बेल्जियम, कनाडा एवं अर्जेंटीना जैसे देश शामिल है जहां से लोगों के आने की संभावना सबसे ज्यादा है। डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो इसके लिए पूरा टेंट सिटी बसाया गया है। पांच बड़े पंडाल बनाने के अलावा करीब 750 लोगों के ठहरने के लिए पांच स्टॉर होटल की तरह टेंट सिटी बसाया गया है। इसको काशी, अयोध्या जैसे शहरों का रूप दिया गया है। बताया जा रहा है कि इसमें करीब 304 कंपनियां निवेश कर सकती हैं। भारत आने वाली कंपनियों में यूएस की 53, संयुक्त अरब अमीरात की 16, फ्रांस व दक्षिण अफ्रीका की 13-13, जापान की 12 कंपनी, दक्षिण कोरिया की 10, कनाडा की 7, नीदरलैंड की 12, जर्मनी की 15, बेल्जियम की 10, स्वीडन व मॉरीशस की 8-8, ब्राजील की 14, मैक्सिको की 9, आस्ट्रेलिया की 15, इजराइल की 14 कंपनी शामिल हैं. गूगल, एप्पल, रोल्स रॉयस, सुजुकी, वॉलमार्ट, अमेजन, जॉनसन एंड जॉनसन, फाइजर, मर्क, मर्सिडीज, लॉरेल, व फिलिप्स आदि हैं। चार लाख करोड़ की विदेशी निवेश का लक्ष्य है। विदेशी निवेश के लिए 20 सेक्टरों की निवेश नीतियां बनाई गई हैं। बताया जा रहा है कि जितने एमओयू हुए है, अगर वह सभी प्रोजेक्ट सही तरीके से करा लिए गए तो आने वाले दिनों में करीब दो करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। सरकार ने यूपी की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।



# डाक्टर के साथ मारपीट करने वाले गिरफ्तार

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

दैनिक समृद्धि न्यूज़ में खबर छपने पर खबर का हुआ असर मुख अभियुक्त सहित तीन आरोपी हुए गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक ने खबर कर लिया संज्ञान

उक्त निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बलवा कर मारपीट करने के 02 आरोपी अभियुक्तों- 01. पवन कुमार तिवारी 02. श्याम जी उर्फ विशाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।03आशुतोष मिश्रा उर्फ रिंकू मिश्रा पुत्र हर्षध्यान चन्द्र मिश्रा निवासी छेदीपुरवा थाना को0 नगर जनपद गोण्डा उक्त अभियुक्तों ने दिनांक 05.02.2023 को पुरानी रंजिश के चलते अपने सहयोगियों के साथ मिलकर वादी डॉ0 अखिलेश त्रिपाठी पुत्र कमला प्रसाद त्रिपाठी को गाली-गुप्ता देते हुए मारा-पीटा था। जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।




समृद्धि न्यूज़ की खबर का हुआ असर

**गिरफ्तार अभियुक्तगण**

1– पवन कुमार तिवारी पुत्र कौशल कुमार तिवारी निवासी जिला अस्पताल परिषद थाना को0नगर गोण्डा।

2– श्याम जी उर्फ विशाल सिंह पुत्र स्व0 बृजभूषण सिंह निवासी खिरिया मजगवां थाना वजीरगंज गोण्डा। हालपता 149 निकट मारवाड़ इंटर कालेज साहबगंज को0नगर जनपद गोण्डा।

3– उक्त अभियोग में वांछित मुख्य आरोपी अभियुक्त आशुतोष मिश्रा उर्फ रिंकू मिश्रा पुत्र हर्षध्यान चन्द्र मिश्रा निवासी छेदीपुरवा थाना को. नगर जनपद गोण्डा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को. नगर द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जिलाध्यक्षों ने अभूतपूर्व बजट के लिए व्यक्त किया आभार

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप और भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का और वित्तमंत्री जी का अभूतपूर्व बजट के लिए आभार व्यक्त किया। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विद्या भूषण ने जानकारी देते हुए बताया कि पहली बार कृषि शिक्षा व अनुसंधान सहित कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय का बजट 1.25 लाख करोड़ रुपए रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदृष्टि के अनुरूप बजट में कृषि को आधुनिकता से जोड़ने पर जोर दिया है ताकि देश के किसानों को इसका दीर्घकाल तक व व्यापक लाभ मिले। प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए पहल की है और बजट में इसके लिए 459 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी ने बताया कि किसान मोर्चा पूरे जिले में किसान गोष्ठियों का आयोजन करके किसानों को बजट के बारे में जानकारी देगी और उनको ज्यादा से ज्यादा योजनाओं को लाभ दिलाने का प्रयास करेगी। भाजपा किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी शिवांशु मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान गोष्ठी का शुभारंभ 10/02/2023 को मंडल जयप्रभा ग्राम में किया गया है और प्रत्येक मण्डल और ग्रामसभाओं में गोष्ठी का अयोजन लगातार एक माह तक किया जायेगा।




# आखिर कब गिरफ्तार होंगे धारा 307 के नामजद आरोपी

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र नगर कोतवाली के गाँधी पार्क बैंक ऑफ इंडिया खलील टायर भूमाफिया नगर के चर्चित धारा 307 आई.पी.सी केस में खुले आम घूम रहे नगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले भूमाफिया खलील टायर व अन्य नामजद आरोपीगणों चाँद बाबू,सोनू, गुड्डु,अकील सिद्धकी, नादिर सिद्धकी, अब्दुल कादिर, गब्बर व अन्य अज्ञात को आखिर कौन बचा रहा है.वही नगर कोतवाल राकेश सिंह की जुबानी सत्य मानें या तो सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा कि ऊपर से गिरफ्तारी न करने का दबाव है अब ये ऊपर वाला कौन है ये तो एक पहेली बनकर रह गया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह ऊपर वाला है कौन, जो मुकदमा दर्ज होने के कई दिनों बाद भी नामजद आरोपियों को बचाए हुए हैं।बताते चलें घटना दिनांक 26 जनवरी 2023 की है जब पीड़ित अभिषेक रस्तोगी के सहयोगी प्रदीप कुमार मौर्या अपने कुछ सहयोगियों के साथ वहां बैठ कर श्रमिकों से कुछ कार्य करवा रहे थे। इसी बीच दबंग भूमाफिया खलील टायर वाले ने अपने दबंग व अपराधी किस्म लोग व अन्य थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा संरक्षित रसूखदार है उक्त लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से उस पर प्राणघातक हमला बोल दिया और बुरी तरह पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था पीड़ित अभिषेक रस्तोगी नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के रहने वाले भू-माफिया खलील टायर व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हमारे सहयोगी प्रदीप कुमार को जान से मार डालने की नियत से प्राणघातक हमला किए जाने का मामला गोंडा नगर कोतवाली में दर्ज कराया था। लेकिन मामला दर्ज हुए आज 16 दिन बीत जाने के बावजूद नामजद आरोपीगणों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। कारण अज्ञात है।



# बीच रास्ते में घेरकर युवक की दबंगों ने की पिटाई, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कौडिया बाजार/गोंडा, समृद्धि न्यूज।

बाजार से घर जा रहे युवक को दबंगों ने बैरागी पुरवा के पास रोककर पीटा,पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया है।कौडिया थाना क्षेत्र मे पड़ने वाले निधिपुरवा निवासी ओम प्रकाश सिंह पुत्र उद्धव सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह गत सात फरवरी को अपने चार पहिया वाहन से रात करीब दस बजे दुबहा बाजार से अपने घर निधिपुरवा जा रहा था। जहां बैरागी पुरवा के पास

पहले से घात लगाए दबंगों सलारू पुत्र हसनरजा व आशिफ पुत्र सलारू तथा दो अन्य अज्ञात ने धमकाते हुए रास्ता रोक लिया। सभी एकजुट दबंगों ने युवक को लात घूसे वा लाठी-डंडों से जमकर पीटा और गाड़ी में भी तोड़ फोड़ की। शोर-शराबे में एकत्रित हो रही भीड़ के डर से आरोपी घायल युवक को छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। युवक ने बैरागी पुरवा के सलारू पुत्र हसनरजा व आशिफ पुत्र सलारू तथा दो अन्य अज्ञात के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। कौडिया पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही कर जांच शुरु कर दी है।



## अल्पसंख्यक समुदाय के लोग सामूहिक विवाह योजना में करें आवेदन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे युवक-युवतियों का वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है। जनपद में अल्पसंख्यक समुदाय जैसे मुस्लिम, सिख, इसाई, जैन, पारसी आदि के सभी नागरिकों (18 वर्ष पूर्ण कर चुकी युवती व 21 वर्ष पूर्ण कर चुका युवक) अपना आवेदन सम्बन्धित नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत में आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि आवेदक को आवेदन पत्र के साथ अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षिक अभिलेख, मतदाता पहचान पत्र, आय प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। अधिक जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

# 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का होगा आयोजन

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र ने बताया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा 10 से 12 फरवरी 2023 तक लखनऊ में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन किया जा रहा है। 03 दिवसीय समिट व्यापार एवं निवेश के अवसरों के अन्वेषण व रोजगार सृजन हेतु विश्व भर से एकेडमिक्स प्रबुद्धजन, नीति निर्धारकों एवं कारपोरेट नेतृत्व को सशक्त मंच प्रदान करते हुए राज्य के समावेसी विकास हेतु सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। समिट के उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ 10 फरवरी 2023 को प्रातः 10 बजे से माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जायेगा तथा महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा दिनांक 12 फरवरी 2023 सायं 4:00 बजे से 5:15 बजे तक समापन समारोह होना सुनिश्चित है। इस आयोजन के साथ-साथ जनपद स्तर पर भी 10 फरवरी से 12 फरवरी 2023 तक जिला पंचायत सभागार गोण्डा में आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के समस्त उद्यमीगण/ निवेशकों से अपेक्षा है कि इस तिथि व समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## खबरें एक नजर में

### खाते की जमीन पर कब्जा करने से मना करने पर दबंगों ने की मारपीट

**करनैलगंज /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** एक गरीब व्यक्ति के खाते की जमीन पर गांव के दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। मना करने पर उसके साथ मारपीट, गाली–गलौज करके भगा दिया जाता है। मामले में एसडीएम ने कोतवाल को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर गोकुला निवासी कुंवर पाल का कहना है कि उसके खाते की भूमि पर गांव के कुछ दबंग लोगों द्वारा जबरिया तरीके से ईंट रखकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जब ईट रखने से उसने मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करके मारने के लिए दौड़ा लिया। उसका कहना है कि गांव के दबंग इसके पूर्व भी हत्या जैसे अपराध कर चुके हैं और धमकी देते हुए गांव से भगाने का प्रयास करते हैं। शिकायत पर एसडीएम हीरालाल ने कोतवाली पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### पांच दिवसीय शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ा भक्तों तांता



**कर्नलगंज /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम सकतपुर सरयू तट स्थित शिवाला घाट मंदिर समिति के तत्वाधान में शिवाला घाट मंदिर पर शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है।
विकास खंड कर्नलगंज के ग्राम सकतपुर सरयू तट स्थित शिवाला घाट मंदिर समिति के तत्वाधान में शिवाला घाट मंदिर पर गुरुवार को महास्नान, न्यास नेत्रोनमिलन नन्दी भगवान जी की भव्य शोभा यात्रा शिवालय मंदिर से होते हुए ग्राम सकतपुर, शाहपुर धनावा में सभी शिव मंदिरों पर शय्या धिवास,वस्त्रधिवास,द्रव्याधिवास आरती पूजन अर्चन करते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया गया। नन्दी भगवान की शोभा यात्रा में शामिल सीतापुर से आये प्रवचन वक्ता साहित्याचार्य डॉ. सुरेश प्रकाश शास्त्री, योगाचार्य पं. दुर्गेशदत्त शास्त्री, महीधर शुक्ल व मोहित राज,पं. अनिरुद्ध शास्त्री, पं. मनोज शास्त्री, पं. प्रकाश शास्त्री, पं. संतोष अवस्थी पं. योगेश मिश्र, पं. शिव भगवान मिश्र पं. राजन मिश्र सहित अन्य विद्वान शामिल रहे। डॉ.उमेश चंद्र मिश्र, रंगनाथ बाबा, सुभाष एडवोकेट, सीताराम अवस्थी, श्रीनाथ रस्तोगी, गणेश अवस्थी,श्री सुनीलपुरी महंत बाबा बरखंडी नाथ, पिंटू बाबा महंत भैरवनाथ, श्यामकिशोर तिवारी, संतोष अवस्थी, संजय कुमार मिश्र,घनश्याम वर्मा, श्याम नारायण मिश्र,सहित भारी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल रहे।

# कैसरगंज सीएचसी में 20 शैय्या वाले सर्जिकल वार्ड का पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने किया उद्घाटन



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित नवनिर्मित 20 शैय्या वाले सर्जिकल वार्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य शिक्षा व किसानों के उत्थान लिए अपना सर्वोत्तम प्रयास कर रही है। चिकित्सालय की सभी सुविधाएं आम जनता तक पहुंच सके इसके लिए हम सभी को प्रयास करना होगा।

उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ एन के सिंह सिंह को निर्देशित किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सभी सुविधाओं का आम जनता को लाभ मिल सके इसके लिए सतत प्रयास करें तथा चिकित्सालय की व्यवस्था चाक-चौबंद रखें।इस मौके पर जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पांडे, एसडीएम महेश कुमार कैथल, डीसी केडी गोस्वामी,डा बीडी वर्मा, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### महर्षि बालार्क चिकित्सालय का किया निरीक्षण



सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच अन्तर्गत महर्षि बालार्क चिकित्सालय व 100 बेडेड महिला विंग का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान सदस्य ने इमरजेन्सी सहित अन्य वार्डों, ओ.टी., एसआईसीयू, सर्जिकल वार्ड, चिल्ड्रेन वार्ड इत्यादि का निरीक्षण कर मौजूद मरीज़ों व उनके तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सकीय सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सदस्य ने चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का फीडबैक प्राप्त करने के लिए विगत दिवस सर्जिकल वार्ड से डिस्चार्ज हुई कलावती से मोबाइल से फोन पर बात कर फीड बैक प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री, सीएमएस डॉ. ओ.पी. चैधरी, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, चिकित्सालय प्रबन्धक रिज़वान खान, वरिष्ठ चिकित्सक एम.एम.एम. पाण्डेय, नायब तहसीलदार सदर मनीश कुमार सिंह अन्य सम्बन्धित लेग मौजूद रहे।

### मजरा ग्यारह सौ रेती में लगाई चौपाल



सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान तहसील कैसरगंज के ग्राम पंचायत मझारा तौकली के मजरा ग्यारहसौ रेती में चौपाल आयोजित कर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास व जन कल्याणपरक योजनाओं की ग्राम वासियों को जानकारी प्रदान करते हुए अपील की कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाये। उन्होंने कटान प्रभावित 125 परिवारों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि सत्यापन कराकर पात्र लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना से आच्छादित किया जाय। साथ ही प्रभावित पात्र लोगों को अन्य शासकीय योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाय। बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल ने यह भी निर्देश दिया कि कटान को रोकने के लिए कटानरोधी कार्य कराये जाय। चौपाल के दौरान ग्रामवासियों को उप जिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल द्वारा राजस्व विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के साथ तहसील द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी प्रदान की गयी। इसके अलावा उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी द्वारा विकास, कृषि, पंचायती राज, राष्ट्रीय आजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी फखरपुर जगन्नाथ यादव द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करते हुए ग्राम वासियों से अपेक्षा की गयी कि योजनाओं का लाभ उठाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, एडीओ (पंचायत) फखरपुर ध्रुव पाण्डेय, एडीओ (आईएसबी) कैसरगंज मदनगोपा कनौजिया, ग्राम विकास अधिकारी दिलीप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# तंबाकू सेवन पर अंकुश के लिए युवाओं की भागीदारी अहम : सीएमओ

▶ राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण के तहत अधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

सीएमओ सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पीआरआई, पुलिस, ट्रांसपोर्ट, टीचर, एनजीओ प्रतिनिधियों के साथ स्टेकहोल्डर को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ0 एसके सिंह ने की। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉक्टर सतीश सिंह ने कहा कि तंबाकू सेवन करने से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी रूप में तंबाकू हानिकारक हैं और यह बिलकुल सुरक्षित नहीं है।




कार्यक्रम में अम्बेडकर नगर से आए राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डॉ0 सर्वेश कुमार ने तम्बाकू से हो रहे रोगों, रक्तचाप, अनिद्रा, कैंसर जैसे बीमारियो के बारे मे बताया और युवाओ में बढ़ रहे तंम्बाकू के प्रचलन के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होंने तम्बाकू छोड़ने के लिए टोल फ्री नंबर 1800112356 के बारे में बताया। जिससे तंबाकू छोड़ने सम्बंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। एनटीपीसी कार्यक्रम के नोडल डॉ0 अनुराग वर्मा ने कहा कि तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को प्रतिबंधित किया गया है। एनसीडी क्लीनिक के डॉ0 पारितोष तिवारी ने कहा कि तंबाकू का उपयोग एक धीमी गति से चलने वाली महामारी है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू छोड़ने के लिए ज़िला चिकित्सालय में एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत संचालित कक्ष संख्या 8 व 9 में ओपीडी दिवसों में सम्पर्क कर सकते है। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजित जायसवाल ने कहा कि तंबाकू के सेवन से अनिद्रा, नाराजगी समेत अन्य दिक्कत होती है। स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि तंबाकू के विष को समाज से समाप्त करने के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। युवा देश का भविष्य हैं। देश को तरक्की की ओर ले जाने के लिए युवाओं का सहयोग जरूरी है। प्रशिक्षण में डॉ0 संतोष राणा, डॉ0 पी के बांदिल, डीपीएम सरजू खान, एफएलसी विवेक श्रीवास्तव, डॉ0 रियाजुल हक़, पुनीत शर्मा, संतोष सिंह, ब्रिज प्रकाश, मेंटल हेल्थ की टीम समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अमीरुद्दीन पब्लिक स्कूल के बच्चों को किया गया सम्मानित



▶ राष्ट्र की उन्नति के लिए शिक्षा जरूरी : एसडीएम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

अमीरुद्दीन पब्लिक स्कूल रूकनापुर के छात्र छात्राओं को एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम महेश कुमार कैथल व विशिष्ट अतिथि ब्लाक सन्दीप सिंह विसेन ने छात्र छात्राओ को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एसडीएम ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चे भारत का भविष्य है और इन बच्चो की प्रतिभा को निखारने की जिम्मेदारी शिक्षको की है। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख ने कहा कि ऐसे संस्कृतिक व रचनात्मक कार्यक्रमों से बच्चों को प्रेरणा मिलती है। समाज को उन्नत मार्ग पर ले जाने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। बच्चे शिक्षित होंगे तो निश्चय ही एक सभ्य समाज का निर्माण होगा। नायब तहसीलदार बी डी यादव ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे बधाई दी। शिक्षक मास्टर रफीक सिद्दीकी ने स्कूल व छात्र छात्राओं को शिक्षा के अधिकारो की जानकारी देते हुए विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए प्रशंसा की ।विद्यालय प्रबन्धक इरफान अहमद,प्रधानाध्यापक फैज़ान अहमद ने अतिथियों को डायरी व स्मृति पुष्प देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवनाथ शिखर ने किया। एसडीएम ने स्कूल शिक्षक मास्टर वदुदुर्हमान, मेराज अहमद, हाफिज इस्लामुद्दीन, मुस्कान मौर्या, शिफा खातून, फरहीम फातिमा,संचालक शिवनाथ शिखर व सादिक अंसारी को डायरी व स्मृति देकर किया सम्मानित।इस मौके पर नसीम अहमद, हाजी मुजीब अहमद, नफीस अहमद, जिबराइल, मेराज अहमद, कफील अहमद, डा0 खतीब हुसैन प्रधान, जियाउलहक, अंसारूद्दीन, शफीउर्रहमान आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत

▶ जाम हटवा रहे पीआरवी के होमगार्ड को बाइक ने मारी ठोकर, लखनऊ रेफर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ-बहराइच मार्ग पर देर रात को पारले चीनी मिल गन्ना लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जाम हटवा रहे होमगार्ड को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। उसे जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल जाना। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मापुर निवासी लाल गोपाल श्रीवास्तव (26) ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लादकर पारले चीनी मिल परसेंडी जा रहा था। रात 11.30 बजे लखनऊ बहराइच मार्ग पर फखरपुर थाना क्षेत्र में ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर चालक लाल गोपाल की मौके पर ही मौत हो गई। वाहनों की भिड़ंत से जाम की स्थिति बन गई। जिस पर फखरपुर थाने के पीआरवी वाहन संख्या 1541 से पुलिस कर्मी जाम हटवाने के लिए पहुंचे। होमगार्ड कृष्ण कुमार चौबे पुत्र राजित राम निवासी कोदही बौंडी वाहनों को साइड में रुकवा रहे थे। तभी एक बाइक सवार ने होमगार्ड को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीआरवी वाहन से होमगार्ड को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां इलाज कर रहे डॉक्टर अंकित त्रिपाठी ने हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया। होमगार्ड के घायल होने की जानकारी मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल जाना। थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# उच्च क्वालिटी की यूरिया का इस्तेमाल करें किसान : जिला कृषि अधिकारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

▶ गोष्ठी में शामिल हुए 85 केंद्रों के प्रभारी

शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र इफको परिसर में बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय और विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता संजीव कुमार तिवारी, मुख्य प्रबंधक एसपी सिंह रहे। कार्यक्रम में एग्री जंक्शन, आईएफएफडीसी एवं सहकारी समितियों के लगभग 85 प्रभारियो ने भाग लिया। जिला कृषि अधिकारी ने सभी विक्रेताओं को अधिक से अधिक नैनो यूरिया के प्रयोग की बात कही। साथ ही इफको द्वारा बनाए गए प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र की सराहना की। संजीव तिवारी ने सभी विक्रेताओं को नैनो यूरिया एवं अन्य उत्पादों की बिक्री को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। एस पी सिंह ने नैनो यूरिया,नैनो डीएपी एवं सागरिका का प्रयोग एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में विक्रेताओं को जानकारी दी तथा लाभदेयता बढाने की सलाह दी। सर्वजीत वर्मा ने बायो फर्टिलाइजर, जल विलेय उर्वरक, के बारे में जानकारी दी। कपिल गंगवार ने कृषि रसायनों एवं इफको एमसी द्वारा निशुल्क किसान सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विक्रेताओं को पॉवर स्प्रेयर एवं उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए स्टैंड का वितरण किया गया।



# डीएम ने बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से नकलविहीन कराने के निर्देश दिये

## परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा सक्रिय रहने के साथ सभी मूलभूत सुविधाए रहें दुरूस्त : माला श्रीवास्तव

- परीक्षा केन्द्रों पर पानी, बिजली, शौचालय, साफ-सफाई, कैमरा, रिकार्डर लगवाने के दिए निर्देश



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने राजकीय इण्टर कालेज रायबरेली में आगामी यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापनक की आयोजित प्रशिक्षण बैठक में निर्देश दिये कि माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा 16 फरवरी से 04 मार्च तक संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा को पूर्णतया नकलविहीन सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से शासन की मंशा के अनुरूप कराई जाये। परीक्षायें दो पालियों में होगी, प्रथम पाली का समय प्रातः 08 बजे से 11:15 बजे एवं द्वितीय पाली का समय अपराह्न 02 बजे से 05:15 बजे तक रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षाओं को शुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों में जोनल, सेक्टर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक को नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने प्रश्न एवं उत्तर के माध्यम से दिये जा रहे प्रशिक्षण के बारे में जानकारी भी ली।

### जिले मे इस बार 11 परीक्षा केंद्रों पर 76,767 परीक्षार्थी देगें बोर्ड परीक्षा

यूपी बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल के कुल विद्यार्थी 41,996 जिसमें बालक 21,626 बालिकायें 20,370 शामिल है तथा इंटरमीडिएट में कुल विद्यार्थी 34,771 जिसमें बालक 17,659 बालिका 17112 शामिल है। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 76,767 बोर्ड परीक्षा केन्द्र 118 बनाये गये है। जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने कहा मॉनिटिरिंग कन्ट्रोल रूम के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार को प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने कन्ट्रोल रूम नम्बरों को पूरी तरह से सक्रिय रहने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने सभी तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट/अधिकारी समय से एक घंटा पूर्व केंद्र पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति में शांतिपूर्ण, नकल विहीन परीक्षाएं संपादित कराऐंगे और किसी भी तात्कालिकता की स्थिति में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, जोनल मजिस्ट्रेट अथवा जिला विद्यालय निरीक्षक से त्वरित संवाद कर समस्या का समाधान करोंएगे। उन्होंने कहा कि तैनात जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में सतत् भ्रमणशील रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर पानी, बिजली, शौचालय, साफ-सफाई आदि आधारभूत सुविधाएं पूरी तरह से व्यवस्थित रहे। सभी केंद्रों पर पावर बैकअप, जनरेटर/इन्वर्टर की व्यवस्था, वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा पूरी तरह से व्यवस्थित रहे। हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षायें निर्धारित नियमानुसार कड़ी सुरक्षा के साथ निर्वाचन की तरह करवायी की जायेगी। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन नही जायेगे। अगर किसी को फर्नीचर आदि की कोई दिक्कत हो तो अभी से दुरूस्त करें। परीक्षाओं में निरीक्षण एवं भ्रमण के लिए पर्याप्त एस0डी0एम0 व सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि तैनात रहकर पूरी तरह से सक्रिय रहेंगे।

सभी प्रधानाचार्य बोर्ड परीक्षाओं को गंभीरता के साथ सम्पन्न करायें। परीक्षा में चिन्हित किये गये संवेदनशील अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष ध्यान रखा जाये। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों के आस-पास फोटो स्टेट सेंटर पूरी तरह से बंद रहे।



### धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**भोजपुर (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** भोजपुर के आचार्य श्री महावीर प्रसाद द्विवेदी इंटर कॉलेज में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी धूमधाम से वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत और होली के गीत पर डांस आदि की बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया बच्चों ने जब स्टेज पर प्रस्तुति दी तो समूचा पंडाल तालियों से गूंज उठा जिसके बाद इंटरमीडिएट की छात्र छात्राओं को और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राज बहादुर और नन्हकऊ को विदाई दी गई जिसके बाद मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया प्रबंधक राजाराम तिवारी ने कहा कि बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए हम उन्हें सम्मानित करते हैं कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार सिंह ने आने वाले सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया

## खबरें एक नजर में

### गांवों में चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक कर रही पुलिस

- साइबर क्राइम की सूचना साइबर हेल्प नंबर 1930 पर दर्ज कराएं : सरिता गौतम



**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान एवं साइबर सुरक्षा के तहत महिला पुलिस कर्मी बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक कर रही। गौरतलब हो की मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी गांव-गांव में जाकर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारी व हक के बारे में जानकारी दे रही हैं।और यह भी बताया जा रहा है कि महिलाएं किस तरह खुद को सुरक्षित रख सकती हैं। साथ ही कोई परेशानी आने पर कैसे और कहां पुलिस की मदद मिल सकती है। महिलाओं से बातचीत करके उनकी समस्याएं भी जान रही हैं। इसके तहत बुधवार को शिवगढ़ थाने की महिला पुलिस कर्मी सरिता गौतम, दुर्गावती, अंजली यादव अपने साथी पुलिस कर्मियों के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बीट क्षेत्रों बरजोरखेड़ा, उचौरी, बख्तावर नगर,रामपुर खाड़े खेड़ा,सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर चौपाल के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकार एवं हक के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें यह बताया कि जब भी आपके साथ कोई अप्रिय घटना घटे तो उसको छिपाने के बजाए अपने शुभचितकों को जरूर बताएं। जो महिला या बालिका किसी बात को लेकर परेशान हो और अपने स्वजन से न कह पाती हों वह महिला पुलिस कर्मी से अपनी समस्या कहें। ताकि आप सभी को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े ।यदि कही भी आते-जाते समय कोई छेड़ता हो या पीछा करता हो तो महिलाएं बेझिझक होकर हेल्पलपाइन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन पर सूचना दें। ताकि आपकी मदद की जा सके।

### युवक ने मासूम को बनाया हवस का शिकार

- हिन्दू जागरण मंच ने दिलाई तहरीर, आरोपी हिरासत में

उन्नाव। शहर के काशीराम चौकी अंतर्गत एक मासूम बीते दिन स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर लौट रही थी इसी दौरान एक विशेष समुदाय का युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। आज भोरपहर घर के पास बालिका लहूलुहान हालत में मिली। परिजनों ने मासूम से पूंछताछ की तो दुष्कर्म की घटना बताई। जिसके बाद हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुँचकर मामले में कार्यवाही की मांग की। परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर मासूम को मेडिकल परीक्षण के लिए पुलिस ने अस्पताल भेजा है। सदर कोतवाली क्षेत्र की काशीराम चौकी के अंतर्गत प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाली 8 वर्षीय छात्रा बीते दिन स्कूल की छुट्टी होने के बाद वापस घर लौट रही थी उसी दौरान उसी क्षेत्र का रहने वाला नजाकत पुत्र शरीफनिवासी ब्लॉक नंबर 43 काशीराम कॉलोनी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। उधर घर न पहुंचने पर घबराए परिजन आसपास तलाश में जुटे और मामले की जानकारी पुलिस को दी लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। आज भोरपहर आरोपी मासूम को घर के बाहर छोड़ गया। लहूलुहान हालत में मासूम की चीख सुन परिजनों ने घटना की जानकारी ली। मामला विशेष समुदाय से जुड़ा होने के चलते हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय प्रभारी विमल द्विवेदी परिजनों को लेकर सदर कोतवाली पहुंचे। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है इसके साथ ही मासूम का मेडिकल परीक्षण कराने के लिए जिला अस्पताल भेजा है। इंस्पेक्टर सदर कोतवाली राजेश पाठक ने बताया कि आरोपी हिरासत में हैं मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### किरायेदार युवती ने मकान मालिक के घर से पार किये लाखो के जेवर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के देवीखेड़ा गांव में किराये पर रहने वाली युवती ने मकान मालिक के घर से लाखों रुपये कीमत के जेवर पार कर अपने प्रेमी को सौंप दिए। मकान मालिक के पुलिस को शिकायती पत्र देने के बाद आरोपी युवती ने लिखित रूप में जेवर चोरी करने और अपने प्रेमी को देने की बात स्वीकार की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। सदर कोतवाली के देवीखेड़ा गांव निवासी संजय दुबे पुत्र जयदेव शंकर दुबे ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया उसके घर में गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर की निवासी मोनिका पुत्री राजकिशोर किराये पर रहती थी। उसने बीती 5 फरवरी को उसके घर से तकरीबन साढे सात सौ ग्राम चांदी की पायल, 20 ग्राम वजनी सोने के आभूषणों में जंजीर, दो झुमकी, सोने की जंजीर, एक अंगूठी, मंगलसूत्र व छह सोने की हाय चोरी कर ली। ये जेवरात उसने गंगाघाट के भातू फार्म निवासी इंद्रेश पुत्र राजेश को दे दिए। जानकारी होने पर उसने मगरवारा चौकी पुलिस से शिकायत की। इसके बाद मोनिका ने कोतवाली में लिखित रूप में जेवर चोरी करने की बता कही है। उसने बताया कि इंद्रेश ने उसे शादी का झांसा देकर लाया था इसके बाद से वह उसे किराये के मकान में रखता है। उससे लोगों के घरों में चोरी करवाता है इंकार करने पर मारपीट के साथ ही जान से मारने की धमकी भी देता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आवारा कुत्ते ने मासूम को काटकर किया घायल

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में घूम रहे आवारा कुत्तों के चलते मासूमों की जान खतरे में है आवारा कुत्ते मासूमों पर हमला भूल कर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर देते हैं जिससे उनकी जान पर बनाती है ताजा मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कोहली का पुरवा गांव का है जहां पर आवारा कुत्तों ने एक मासूम बच्ची को नोच नोच कर बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया गांव निवासी राम सिंह की पुत्री राशि उम्र 5 वर्ष अपने घर के सामने खेल रही थी तभी अचानक आवारा कुत्ते ने मासूम बच्ची पर हमला बोल दिया और मासूम के शरीर को काट काट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया मासूम बच्ची की चीख-पुकार सुनकर वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों किसी तरह आवारा कुत्ते से बच्ची को छुड़ाया लेकिन तब तक कुत्ते के हमले से मासूम बच्ची बुरी तरह लहूलुहान हो चुकी थी वहां पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कबाड़ के गोदाम मे लगी भीषण आग

- शहर कोतवाली क्षेत्र के कहारों के अड्डे के पास स्थित ममन कबाड़ी की दुकान में लगी थी आग
- फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया आग पर काबू



> एक मकान के पीछे कुछ कबाड़ रखा हुआ था। जिसमें आग लगने के कारण धुआं उठा था। सूचना मिलने पर तत्काल अग्निशमन की गाड़ियां और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। लगभग लगभग आग बुझाई जा चुकी है। किसी तरह कोई समस्या नहीं है पूछताछ के आधार पर अनजाने में किसी व्यक्ति द्वारा कोई अग्नि वाली चीज डाल दी गई थी उसके बारे में जांच-पड़ताल की जा रही है।
> **अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

संदिग्ध परिस्थितियों में एक कबाड़ की दुकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने आनन फानन फायर ब्रिगेड और पुलिस प्रशासन को सूचना दी क्योंकि मामला घनी आबादी के पास का था। इसलिए अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आग को फैलने से रोका। आपको बता दें कि शहर कोतवाली क्षेत्र के कहारो के अड्डे के पास जहानाबाद क्षेत्र में मम्मन कबाड़ी की दुकान थी जहां पर भारी मात्रा में कबाड़ इकट्ठा करके बाहर भेजा जाता था।


गुरुवार को दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में गोदाम में अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देखकर आसपास के लोग आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। साथ ही पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव और अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार पहुंचे। पुलिसकर्मी और फायरकर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।

# राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने नगर की समस्याओं को लेकर अपर जिलाधिकारी प्रशासन को लिखा पत्र

- पत्र के माध्यम से एकत्रित होने वाले दूषित जल की निकासी व साफ-सफाई की समस्याओं के कराया अवगत
- समस्त नालियों व नालों की सफाई तथा एन्टी लार्वा, डी लार्वा, मैलाथियान, फागिंग करवाने की मांग की

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बदलता मौसम जहां बीमारियों का कहर बरपा रहा है वहीं बढ़ते मच्छरों के आतंक से लोग परेशान है। इस आशय की शिकायत करते हुये लालगंज विकास समिति के अध्यक्ष राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने पत्र लिखकर नगर पंचायत लालगंज के प्रशासक अपर जिलाधिकारी प्रशासन को दूषित जलनिकासी की समस्या से अवगत कराया है और उसके निस्तारण की मांग की है। जिला योजना समिति सदस्य व निवर्तमान सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने वार्ड सं. 12 में एकत्रित होने वाले दूषित जल की निकासी व मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने की मांग की है। उन्होने अपने पत्र में लिखा कि एक ओर जहां बदलता मौसम बीमारियों का कहर बरपा रहा है वहीं बढ़ते मच्छरों के आतंक से लोग परेशान है। ऐसी परिस्थिति में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव व बीमार हो रहे हैं। श्री सूर्यवंशी ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत लालगंज के वार्ड सं. 12 में मन्दिर, मस्जिद व गुरूद्वारा के आस पास सहित, संघ कार्यालय, मदरसा, घोसियाना, गुरूद्वारा रोड, लखनऊ रोड, राणा बेनी माधव मार्ग, रेलवे कालोनी के नाले और नालियां लबालब भरी व बजबजा रही हैं, जिनके साफ-सफाई की व्यवस्था दोष पूर्ण है। उन्होने जनहित में वार्ड के कच्चा व पक्का तालाब में एकत्रित होने वाले दूषित जल की निकासी व वार्ड की समस्त नालियों व नालों की सफाई अपनी निगरानी में करवाने तथा एन्टी लार्वा, डी लार्वा, मैलाथियान, फागिंग आदि का पर्याप्त छिड़काव करवाने की मांग की है।



# आरएएफ के जवानों के साथ पुलिस ने कस्बे में किया पैदल गश्त

- अराजकता व अशांति फैलाने वालों के खिलाफ होगी कठोरतम कार्यवाही : अरुणेश गुप्ता

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्यौहार को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य जिला प्रशासन के साथ ही स्थानीय पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया हैप्रशासन ने शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रशासन पूरी तरह सड़कों पर उतर आया है,प्रशासन द्वारा संवेदनशील इलाको में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसी के तहत बुधवार की शाम थाना शिवगढ़ पुलिस द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ अरुणेश गुप्ता के नेतृत्व में आरएएफ जवानों के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत कई जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया।और क्षेत्रीय लोगों से शान्ति व्यवस्था बने रखने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ अरुणेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे इसीलिए आरएएफ व पुलिस द्वारा क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया है साथ ही उन्होंने यह भी कहा की यदि कोई भी व्यक्ति अफवाहों या गलतफहमी में पड़कर क्षेत्र में अराजकता व अशांति फैलाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर आरएएफ के जवानों के साथ पुलिस के जवान मौजूद रहे।



### जी-20 सम्मेलन के प्रचार हेतु निबन्ध व भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जी-20 सम्मेलन के प्रचार-प्रसार हेतु बांगरमऊ इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जागरुक करने के लिये निबन्ध, भाषण, पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सदानन्द राय की अध्यक्षता व नोडल अधिकारी किरन के नेतृत्व में आयोजित कराई गई। जिसमें निबन्ध प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय आँचल शुक्ला, आंकांक्षा देवी, अमानी रहे। निर्णायक मण्डल में डॉ.अभय राजपूत व सुश्री शैलजा रहे। पेन्टिंग प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय आँचल शुक्ला, आंकांक्षा देवी, रागिनी देवी व यूसरा अन्सारी संयुक्त रुप से रहे। निर्णायक मण्डल में सविता राजन व धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमशः मन्तशा बेग, भरत लाल व रागिनी देवी रहे। निर्णायक मण्डल में डॉ0 दिग्विजय नरायन, डॉ0 सुमन देवी व डॉ0 ब्रजकिशोर गुप्ता रहे। कार्यक्रम के अन्त में प्राध्यापिका रंजना सिनहा ने छात्र-छात्राओं को और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य सदानन्द राय ने समस्त छात्र-छात्राओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की व अच्छे भाषण के लिए टिप्स भी दिये। कार्यक्रम की समाप्ति पर किरन ने धन्यवाद दिया।

# स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज मे धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम। क्षेत्र के घूराडीह अमावां मे स्थित स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पधारी सदर विधायक आदिति सिंह ने अपने उद्गार में कहा मेरे पिता स्वर्गवासी अखिलेश सिंह का इस क्षेत्र से बहुत ज्यादा लगाव था क्योंकि यह हमारा घर हैं। जब विधायक थे और उनके पास जिला पंचायत थी तब अमावां क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य के ऊपर उन्होंने विशेष ध्यान दिया और आज उनके बनाए स्कूल उनके नाम की गवाही दे रहे हैं। मुख्य अतिथि के तौर पर पधारी अदिति सिंह ने स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज को अपनी विधायक निधि से एक हाल देने की भी मंच से घोषणा की। विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया वृक्ष बचाओ बेटी बचाओ एवं छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रैंप के ऊपर कैटवॉक देखने योग्य था देशभक्ति के गीत सुनकर लोग अपने आप को तालियां बजाने से नहीं रोक पाए। विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र सिंह द्वारा जनप्रतिनिधियों अधिकारियों कर्मचारियों एवं क्षेत्र के सम्मानित लोगों का माल्यार्पण और अंग वस्त्र भेंट कर उनका मान सम्मान किया वही विद्यालय द्वारा हंड्रेड प्रतिशत प्रजेंट पर 3 छात्रों को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में विद्यालय मे पढे हुए बच्चे जो आज पुलिस और फौज एवं अन्य पदों पर पहुंच चुके उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। एवं शिक्षा खेलकूद अन्य क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले बच्चों को भी विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।



# भूमाफिया कन्हैया अवस्थी की दस करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को गंगाघाट पुलिस ने भूमाफिया कन्हैया अवस्थी पुत्र स्व. नरेन्द्र अवस्थी निवासी शक्ति नगर शुक्लागंज उन्नाव के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त अपराधी द्वारा समाजविरोधी क्रियाकलापों से अर्जित की गई अवैध अचल सम्पत्ति जिसकी कीमत कुल 9 करोड़ 95 लाख 37 हजार 750 रुपए है, को जब्त व कुर्क किया।



उपरोक्त अभियोग में विवेचक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपपत्र बीते 24 सितंबर 2021 को न्यायालय मे प्रेषित किया था। कन्हैया अवस्थी उपरोक्त व उसकी पत्नी दिव्या अवस्थी के द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ संगठित गिरोह बनाकर थाना गंगाघाट क्षेत्रांतर्गत कटरी पीपरखेड़ा व आसपास के गांव में सरकारी व किसानों की जमीनों पर कब्जा कर लेना तथा आपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से क्रय की गई जमीन की बिक्री कर धोखाधड़ी कर अवैध तरीके से धन कमाने का कार्य किया जाता था। पुलिस के मुताबिक स्थानीय लोगों ने भी बताया गया कि कन्हैया अवस्थी उपरोक्त द्वारा आर्थिक व भौतिक लाभ हेतु अवैध तरीके से गैंग बनाकर गरीब किसानों की जमीन कब्जा कर उसको प्लाटिंग कर अवैध रूप से बेंचकर अपराध से आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहा है। अभियुक्त के विरुद्ध मारपीट, हत्या, घर में घुसकर धमकाने जैसे अभियोग पंजीकृत है। वही गुरुवार को जिलाधिकारी उन्नाव के आदेश के पर वाद संख्या-13/2023 धारा 14(1) गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए क्षेत्राधिकारी नगर एवं प्रभारी निरीक्षक गंगाघाट मय भारी पुलिसबल द्वारा अभियुक्त कन्हैया अवस्थी उपरोक्त द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित अचल संपत्ति कीमत करीब 09,95,37,750/-रूपए को कुर्क व जब्त किया गया।

### कांवर लेकर जा रहे अधेड़ की रास्ते में मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** घर से जत्थे के साथ कांवर लेकर जा रहा युवक नहर के किनारे गश खाकर गिरा। साथी जब तक कुछ समझ पाते तब तक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव अजगंवा निवासी लगभग 56 वर्षीय सर्वेलाल यादव पुत्र सरजू अपने आठ साथियों के साथ घर जनपद बाराबंकी स्थित लोधेश्वर धाम कांवर लेकर जा रहा था अभी वह डकौली नहर पुलिया के पास पहुंचा था कि गश खाकर गिर गया। साथी यात्री जब तक कुछ कर पाते तब तक सर्वेलाल की मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, घर में कोहराम मच गया।

# महावीर स्टडी इस्टेट के छात्रों को उच्च शिखर की तरफ जाने के लिए दी गई शुभकामनाएं

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में कक्षा 11 के बच्चों ने कक्षा 12 के बच्चों को जीवन में आगे उच्च शिखर की तरफ जाने हेतु शुभकामनाओं के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया सर्वप्रथम अध्यापकों ने विधिवत पूजा कर सुंदरकांड का पाठ तथा आरती के साथ प्रसाद वितरण किया जिसमें बच्चों की सफलता एवं सर्व कल्याण की प्रार्थना की गई ।कक्षा 11 के बच्चों ने कक्षा 12 के बच्चों को टाईटल के माध्यम से उपहार तथा स्वल्पाहार का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया साथ ही अपने सभी गुरुओं को भी उपहार दिए कालेज प्रबंधक अवधेश बहादुर सिंह ने सभी बच्चों को जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने बताया कि सफलता हर किसी के जीवन का लक्ष्य है जीवन चुनौतियां एवं अवसरों से भरा है लेकिन मेहनत समर्पण निश्चित लक्ष्य समय का सदुपयोग चरित्र निर्माण सफलता की यात्रा का एकमात्र मंत्र है विद्यार्थी जीवन मनुष्य का सर्वश्रेष्ठ काल है इसमें सभी शक्तियों का विद्या के अर्जन में लगाना चाहिए ।विद्यार्थी जीवन के तीन उद्देश्य विद्या प्राप्ति चरित्र निर्माण एवं शारीरिक एवं मानसिक उन्नत करना है ।



# बढ़ती ब्याज दरों का असर

रिजर्व बैंक ने चालू वित्तवर्ष के दौरान छठी बार अन्तबैंकिंग ऋण लेन-देन की ब्याज दरें .25 प्रतिशत बढ़ा कर संकेत दिया है कि भारत की अर्थव्यवस्था वित्तीय कारकों के दबाव में हैं जिसकी वजह से मुद्रास्फीति की दरें थामे रखना जरूरी होगा। यह काफी दुष्कर कार्य है क्योंकि एक तरफ विकास वृद्धि दर को कम से कम 6.5 प्रतिशत बनाए रखने के लिए वित्तीय अर्थात रोकड़ा की सुलभता की जरूरत भी है और दूसरी तरफ इसे कम से कम लागत पर सुलभ कराने की जिम्मेदारी भी है। इस नाजुक सन्तुलन को तभी बनाए रखा जा सकता है जबकि अर्थव्यवस्था में माल के उठान का माहौल बने और औद्योगिक क्षेत्र के क्षमता उपयोग में भी वृद्धि भी हो। फिलहाल इस क्षेत्र का औसत क्षमता उपयोग 70 प्रतिशत माना जा रहा है मगर इसके बावजूद महंगाई दर को नीचे रखने के प्रयास इस प्रकार किए जा रहे हैं कि यह बैंक ब्याज दरों से ऊपर न निकल सके। सरकार ने अगले वित्त वर्ष 2023-24 का जो वार्षिक बजट 45 लाख करोड़ रुपये के लगभग का प्रस्तुत किया है उसमें उसकी सकल राजस्व व धन पावतियां केवल 23 लाख करोड़ रु. से ज्यादा की ही हैं। इस घाटे को पूरा करने के लिए वह 15 लाख करोड़ रु. के कर्ज बाजार से उठायेगी। यह कर्ज वह सरकारी बांड या प्रतिभूतियां जारी करके उठायेगी। इन प्रतिभूतियों पर सरकार को ब्याज की दरें कम से कम इतनी रखनी पड़ेंगी कि वे मुद्रास्फीति की दर से काफी ऊपर बनी रहें। इनके प्रति तभी आकर्षकता बनी रह सकती है जबकि ब्याज दरें निवेशकों को लुभाएं और वार्षिक हिसाब लगाने पर इन पर अच्छा प्रतिफल मिले। इसे देखते हुए बाजार में सोने की कीमतों को भी इस प्रकार नियन्त्रित रखना होगा कि वे भी मुद्रास्फीति की दर से ऊपर न निकल पाए, मगर डालर के लगातार महंगा होने की वजह से यह समीकरण गड़बड़ा सकता है। फिलहाल रुपये के मुकाबले डालर की विनिमय दर 82 रु. के करीब पहुंच चुकी है। इसका असर सोने की कीमतों पर पड़े बिना नहीं रह सकता। अतः बहुत स्वाभाविक है कि बैंक ब्याज दरें नए वित्तीय वर्ष में भी बढ़ाने के लिए भी रिजर्व बैंक को मजबूर होना पड़े नए वित्तीय वर्ष में स्वयं सरकार ही सबसे बड़ी कर्ज उठाने वाली संस्था होगी और इसे उठाए बिना उसका कार्य नहीं चल सकता, क्योंकि उसकी विभिन्न पूंजीगत व अन्य परियोजनाओं को लागू करने के लिए यह कर्ज जरूरी होगा अतः उसे खुद ही बाजार से ऋण प्राप्त करने के लिए निवेशकों या कर्जदाताओं को लुभाने के लिए बेहतर ब्याज देने के वादे करने होंगे। इसमें सबसे बड़ी भूमिका रिजर्व बैंक ही होगी, क्योंकि मुद्रास्फीति या महंगाई को संभालने के लिए मौद्रिक उपाय करना भी उसकी जिम्मेदारी है। ऐसा लगता है कि रिजर्व बैंक ने इसकी तैयारी अभी से करनी शुरू कर दी है और बैंक रेपो रेट या अन्तबैंकिंग ब्याज दरों में वृद्धि इस क्रम में समय पूर्व तैयारी है। जाहिर है इन बढ़ी ब्याज दरों का असर जमीन पर भी पड़ेगा, और वाणिज्यिक बैंकों से विभिन्न उपभोक्ताओं को मिलने वाला ऋण भी और महंगा होगा। अपेक्षाकृत महंगा ऋण देने का उल्टा असर बैंक में जमा करने वाले को भी मिलेगा और उनकी जमा धन राशियों पर भी ब्याज दर इसी अनुपात में बढेगी। इसका सीधा असर महंगाई या मुद्रास्फीति पर पड़ेगा। इस चक्रवृद्धि घेरे को तभी तोड़ा जा सकता है जबकि विकास वृद्धि की दर में इसे बांधे रखने की क्षमता हों। इसके लिए हमें उन आंकड़ों की तरफ देखना होगा जो विश्व आर्थिक मंच पर आक्सफैम ने जारी किए थे और इनमें कहा गया था कि देश के पचास प्रतिशत लोगों के हिस्से में देश की केवल तीन प्रतिशत सम्पत्ति ही आती है जबकि चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर धनाढ्य वर्ग के एक प्रतिशत लोगों का कब्जा है। ये आंकड़े देश के सामान्य लोगों की क्रय क्षमता का अन्दाजा भर देते हैं जबकि इसके साथ ही देश की कुल जनसंख्या 140 करोड़ में से 81 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्हें सरकार स्वयं मुफ्त अनाज देती है। अतः अर्थ व्यवस्था में सुधार के लिए भारत का 70 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र ही मुख्य भूमिका में आने के लिए मजबूर होता है। इस क्षेत्र की रीढ़ कृषि, व्यवस्था को अधिक से अधिक मजबूत बना कर ही हम आम आदमी की क्रय क्षमता में वृद्धि कर सकते हैं।

# तुर्की को भारत की मदद

*सर्वमित्रा सुरजन*

**कुदरत की ये तबाही इंसानी सभ्यता के आगे चुनौती पेश करती नजर आती है कि मुश्किल की इन घड़ियों में वह किस सूझबूझ से नुकसान को कम कर सकता है। प्राकृतिक आपदाएं एक तरह से मानव विकास गाथा के लिए चेतावनी भी है कि प्रकृति की ताकत को कमजोर कर आंकने की जुर्रत वह न करे।**

**तुर्की और सीरिया दोनों देशों में मदद के लिए दुनिया भर से हाथ बढ़ रहे हैं। अमेरिका, चीन, ईरान, इराक, यूरोपीय संघ, भारत समेत दर्जनों देशों ने बचाव और राहत सामग्री भूकंप प्रभावित इलाकों में भेजी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि देश ने एनडीआरएफकी टीम मेडिकल सप्लाई, डॉग स्क्वॉड, ड्रिल मशीन और कई जरूरी उपकरणों के साथ तुर्की भेजी है। निश्चित ही यह भारत सरकार का सराहनीय कदम है और आपदा प्रभावित देशों की मदद की प्रचलित नीति का पालन भी। इससे पहले नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भी भारत की ओर से तत्काल मदद पहुंची थी। भारत खुद भी भूकंप से तबाही का पीड़ित रह चुका है। 26 जनवरी 2001 को गुजरात के भुज में आए भूकंप ने ऐसी ही विनाशलीला दिखाई थी। उस वक्त 30 हजार से अधिक लोगों की जान चली गई थी, जबकि डेढ़ लाख से अधिक प्रभावित हुए थे।**

सोमवार 6 फरवरी को तुर्की और सीरिया, दोनों देश भूकंप के भारी झटकों से बुरी तरह प्रभावित हुए। भूकंप के बार-बार आए झटकों से भारी तबाही हुई है। दोनों देशों में मौतों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। कहीं 8 हजार लोगों के मरने की खबर आई है, कहीं 9 हजार। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की आशंका है कि मरने वालों की संख्या 20 हजार तक जा सकती है। कम से कम 20 लाख लोग इस प्राकृतिक हादसे का शिकार हुए हैं। दोनों देशों में इमारतें रेत की तरह भरभराकर गिरी हुई हैं, जिनके मलबे में न जाने कितने मासूम लोग दबे हुए बचाए जाने की आस में पल-पल मौत का सामना कर रहे हैं। बर्बादी के इस मंजर में कुछ हैरानी भरी तस्वीरें भी सामने आई हैं। जैसे एक नवजात बच्चा अपनी मां की गर्भनाल से जुड़ा रहा, वो बच गया, लेकिन उसका पूरा परिवार मारा गया। कहीं 20-30 घंटे दबे रहने के बाद भी लोगों को बचाया गया, कहीं लोग मदद का इंतजार करते हुए दम तोड़ गए। अपनों को बचाने के लिए लोग बदहवास से इधर-उधर भटक रहे हैं। बढ़ती ठंड तकलीफों को और अधिक बढ़ा रही है। जान-माल के भारी नुकसान के अलावा कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक इमारतें जमींदोज हो गई हैं। कुदरत की ये तबाही इंसानी सभ्यता के आगे चुनौती पेश करती नजर आती है कि मुश्किल की इन घड़ियों में वह किस सूझबूझ से नुकसान को कम कर सकता है। प्राकृतिक आपदाएं एक तरह से मानव विकास गाथा के लिए चेतावनी भी है कि प्रकृति की ताकत को कमजोर कर आंकने की जुर्रत वह न करे।

तुर्की और सीरिया दोनों देशों में मदद के लिए दुनिया भर से हाथ बढ़ रहे हैं। अमेरिका, चीन, ईरान, इराक, यूरोपीय संघ, भारत समेत दर्जनों देशों ने बचाव और राहत सामग्री भूकंप प्रभावित इलाकों में भेजी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि देश ने एनडीआरएफ की टीम मेडिकल सप्लाई, डॉग स्क्वॉड, ड्रिल मशीन और कई जरूरी उपकरणों के साथ तुर्की भेजी है। निश्चित ही यह भारत सरकार का सराहनीय कदम है और आपदा प्रभावित देशों की मदद की प्रचलित नीति का पालन भी। इससे पहले नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भी भारत की ओर से तत्काल मदद पहुंची थी। भारत खुद भी भूकंप से तबाही का पीड़ित रह चुका है। 26 जनवरी 2001 को गुजरात के भुज में आए भूकंप ने ऐसी ही विनाशलीला दिखाई थी। उस वक्त 30 हजार से अधिक लोगों की जान चली गई थी, जबकि डेढ़ लाख से अधिक प्रभावित हुए थे। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तब गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। इसलिए मंगलवार को संसदीय दल की बैठक में श्री मोदी ने



स्वाभाविक ही उस दर्दनाक हादसे का जिक्र किया और कहा कि मुझे एहसास है कि इस वक्त तुर्की में क्या हालत है और वहां के लोग किन मुश्किलों से गुजर रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री पीड़ितों के लिए चिंता व्यक्त कर रहे हैं और केंद्र सरकार हरसंभव मदद भेज रही है। लेकिन मौके की नजाकत को समझे बिना तुर्की और भारत के संबंधों पर कुछ टिप्पणियां सामने आई हैं, जो संवेदनहीनता को दिखाती हैं। जैसे एक चौनल ने सवाल उठाया है कि कब आएगी अक्ल। इसमें बताया गया है कि तुर्की ने तो हर बार पाकिस्तान का साथ दिया, लेकिन उस पर मुसीबत आई, तो भारत ही मददगार बना है, पाकिस्तान नहीं। चौनल ने ये भी याद दिलाया है कि भारत को तुर्की ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमेशा धोखा दिया है। हाल ही में तुर्की ने अपनी संसद में कश्मीर पर एक कमेटी बनाकर भारत के खिलाफ कदम उठाया था। मीडिया में कुछ और खबरें इसी तरह की प्रसारित हुई हैं, जिनमें तुर्की और भारत के संबंधों की याद दिलाते हुए एहसान की तरह ये बताया गया है कि भारत तुर्की की मदद कर रहा है। ऐसा लगता है कि कुछ पत्रकारों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, शिष्टाचार और नैतिकता का पाठ पढ़ने की जरूरत है। ये सही है कि भारत और तुर्की के संबंध अभी प्रगाढ़ नहीं हैं। बल्कि राष्ट्रपति रेचप तैयब एर्दोगान ने जिस तरह पिछले साल सितंबर में संरा में कश्मीर मुद्दा उठाया था, उससे संबंधों में थोड़ी तल्खी आ गई थी। एर्दोगान का पाकिस्तान के लिए झुकाव, इस्लामी जगत का नया नेता बनने की ख्वाहिश इन सब वजहों से भारत के निकट सहयोगी वे अब तक नहीं बन पाए हैं। लेकिन इसे सीधे-सीधे दुश्मनी का नाम देना या फिर इस आधार पर मुसीबत के दौरान पुरानी बातों को याद दिलाना सही नहीं है। तीन साल पहले 2020 में आमिर खान इस वजह से ट्रोल हुए थे, क्योंकि उनकी तुर्की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति एर्दोगान की पत्पी के साथ एक तस्वीर आई थी। इस तस्वीर के आधार पर आमिर खान की देशभक्ति पर सवाल उठने शुरु हो गए थे, क्योंकि तब भी तुर्की को पाकिस्तान का मित्र और भारत का विरोधी बताया गया था। लेकिन दोस्ती और दुश्मनी की परिभाषाओं से परे दोनों देशों के बीच जो पुराने संबंध रहे हैं, उन्हें समझ लेना चाहिए। जब मुस्तफा कमाल पाशा ने ऑटोमन सुल्तान को हटाकर तुर्की को एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य स्थापित किया था, तो नेहरूजी इससे काफी प्रभावित हुए थे और भारत को वे ऐसा ही धर्मनिरपेक्ष देश बनाना चाहते थे। लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दो गुटों में बंटी दुनिया में तुर्की अमेरिकी खेमे के साथ हो गया। शीतयुद्ध के काल में उसकी पाकिस्तान से नजदीकियां बढ़ीं। 1965 और 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्धों में तुर्की ने पाकिस्तान की काफी सहायता की। 1974 में तुर्की ने साइप्रस पर हमला कर दिया तो भारत और तुर्की के संबंध और बिगड़ते चले गए क्योंकि भारत ने साइप्रस का साथ दिया था। इस तरह संबंधों में कई बार तल्खियां आई, लेकिन राजीव गांधी, नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी, नरेन्द्र मोदी सभी प्रधानमंत्रियों ने अपने स्तर पर तुर्की से संबंधों का विस्तार किया है। दो देशों के बीच संबंधों के ये उतार-चढ़ाव चलते ही रहेंगे, लेकिन इससे मुसीबत के वक्त मदद को एहसान की तरह बताना ठीक नहीं है। फिलहाल यही उम्मीद करना चाहिए कि पीड़ितों को यथासंभव राहत मिले और जनजीवन फिर से सामान्य हो जाए।

## विचार

# महंगे दूध की कसक

हाल के दिनों में दूध के दामों में लगातार वृद्धि आम लोगों की परेशानी बढ़ाने वाली है। मूल रूप से शाकाहारी भारतीयों के खाने-पीने में दूध की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। छोटे बच्चे से लेकर वृद्धों तक के लिये दूध अपरिहार्य आहार ही है। स्वस्थ से लेकर बीमार तक, लोगों का जीवन बिना दूध के अधूरा है। ऐसे में दूध की कीमतों में वृद्धि आम लोगों का बजट बिगाड़ देती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दूध के कारोबार में बड़ी व सहकारी कंपनियों की खासी दखल रही है। अब इस क्षेत्र की बड़ी कंपनियां कीमतों की नियामक बन गई हैं। ऐसी स्थिति में कई भारतीयों के लिये दूध खरीदना टेढ़ी खीर बनती जा रही है। अधिकांश दिल्ली में दूध की सप्लाई करने वाली मदर डेरी ने गत दिसंबर में दूध के दाम में दो रुपये लीटर की वृद्धि की थी, जिसे बीते साल में दामों में हुई पांचवीं वृद्धि बताया गया। इसके बाद अब दूसरी बड़ी सहकारी दूध कंपनी अमूल ने तीन रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ा दिये हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गुजरात की इस कंपनी ने नवंबर में भी दूध के दाम बढ़ाए थे। उपभोक्ताओं द्वारा सवाल अमूल की दोहरी कीमत नीति को लेकर भी उठाये जाते रहे हैं कि क्यों गुजरात व शेष देश में कीमतों में अंतर होता है? क्या इसके राजनीतिक निहितार्थ हैं? किसी उत्पाद की राष्ट्रीय स्वीकार्यता के आलोक में इसे देखा जाना चाहिए। वैसे तो देश भर में दूध के दामों में वृद्धि के मूल में मांग व आपूर्ति का असंतुलन बताया जाता रहा है। गाय-भैंस के चारे के दामों में वृद्धि ने भी दूध उत्पादकों का मुनाफा कम किया है। जहां महंगाई की मार चारे पर पड़ी है, वहीं खेती के ट्रेंड में आये बदलाव से अब तक सहज उपलब्ध चारा



मुश्किल से मिलता है। पहले जो पराली आदि पालतू जानवरों के लिये सहज उपलब्ध थी, उसे किसान अब खेतों में यूं ही जला देते हैं। वैसे जहां कंपनियां दूध के दामों में वृद्धि के पीछे लागत में वृद्धि बता रही हैं, वहीं मांग व आपूर्ति का असंतुलन भी दाम बढ़ने का बड़ा कारक है। खेती-पशुपालन के प्रति नई पीढ़ी का घटता रुझान और खेती योग्य जमीन के बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उद्देश्य, भवन निर्माण व अन्य कार्यों के लिये इस्तेमाल से कृषि भूमि का संकुचन हुआ है। जिसका असर पशुपालन पर भी हुआ है। बताते हैं कि आम भारतीय के खाने पर होने वाले मासिक खर्च का बीस फीसदी दूध व उसके उत्पादों पर होता है। गांवों के मुकाबले शहरों में दूध की उपलब्धता में कमी के चलते यह खर्च बढ़ जाता है। यूं तो पिछले दशक में समाज के हर वर्ग में दूध व उसके उत्पादों का उपयोग बढ़ा है,लेकिन उस अनुपात में आपूर्ति नहीं बढ़ी। पिछले दिनों कई राज्यों में लंपी रोग से लाखों गायों के मरने का भी दूध की आपूर्ति पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। वहीं भैंसों में मुंह-खुर रोग का असर देखा गया है। बहरहाल, उत्पादन में कमी के बावजूद बाजार में दूध, उससे बने उत्पादों तथा मिठाइयों में कोई कमी नजर नहीं आती। ऐसे में सवाल उठता है कि बाजार में दूध की बहार कैसे है? कैसे आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना हुआ है? क्या इसमें बड़ी भूमिका रासायनिक व मिलावटी दूध की है? वैसे भी जिस पैमाने पर दूध की जांच जिम्मेदार विभाग द्वारा की जानी चाहिए थी, वह नहीं हो रही है। निगरानी करने वाले तंत्र की पांचों उंगलियां घी में रहती हैं और कृत्रिम दूध आपूर्ति करने वालों की पौ-बारह। वहीं दुग्ध उत्पादक लगातार चारे की मुद्रास्फीति की बात कहते रहे हैं। वैसे सरकारों के स्तर पर दूध उत्पादन बढ़ाने और इस दिशा में शोध-अनुसंधान को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। ऐसे में सवाल है कि दुनिया में सबसे बड़ी आबादी होने की ओर बढ़ रहे देश के लिये दूध की सामान्य आपूर्ति हो सकेगी? सरकार को यथाशीघ्र ऐसे कदम उठाने होंगे कि दुग्ध उत्पादकों को सही कीमत मिल सके और उपभोक्ता को गुणवत्ता का दूध।

## साहित्य



### मैं धरा की रागिनी हूँ, तुम सितारों के गगन...

**सीमा गर्ग मंजरी,**
मेरठ कैंट उत्तर प्रदेश।

मैं धरा की रागिनी हूँ, तुम
सितारों के गगन।
दामिनी के राग में बरखा
बुलाता है गगन।

देख ली उनकी अदाएं, मन
सभी का मोहती।
हौसला जिंदा हमारा, साथ
उनका हैं चमन।

खोलकर अपनी भुजाएं वो
पुकारे चाँद को।
मुख चकोरी का सजाता मीत
का दर्शन नयन।

## झरोखा



रस बहारों सी फुहारें, मन
सजीला हो गया।
मिल गई मदहोश नजरें साथ
जब आए सजन।

मीत मेरे जग नजारे प्रीति बिन
बेचैन है।
प्रेम का आकाश छूती 'मंजरी'
मन की लगन।



# राशिफल

**मेषः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। बिरोधियों प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयाँ संभव। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

**बृषभः-** रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें।

**मिथुनः-** दूसरों की सफलता से अपने अन्दर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कर्कः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों।

**सिंहः-** नाजुक सम्बन्धों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कार्यो के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

**कन्याः-** पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दूसरो की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः-** कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशां में परिश्रम तीब्र होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

**वृश्चिकः-** आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित होगा, अतः इसे सुधारें। नैतिक-अनैतिक सोचने वाला मन भौतिक परिवेश ताल-मेल बिठाने में असमर्थ होगा।

**धनुः-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता और निर्थक दूसरों की आलोचना भी ठीक नहीं है। परिवारिक सम्बन्धों कटुता दुश्मनी जैसा ना बननें दें।

**मकरः-** अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता के योग हैं।

**कुंभः-** कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। निर्थक दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**मीनः-** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी थोड़ धैर्य पूर्वक वक्त का इन्तजार करें।

# जज की नियुक्ति पर विवाद

*आदित्य नारायण*

एडवोकेट एल.सी. विक्टोरिया गौरी मद्रास हाईकोर्ट की जज बन ही गई। केन्द्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच न्यायाधीशों की नियुक्ति और कालेजियम के अधिकारों पर चल रही तनातनी के बीच केन्द्र ने कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट के लिए पांच जजों के नाम की सिफारिश मंजूर की थी और बाद में हाईकोर्ट के लिए 13 अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की मंजूरी दी जिनमें वरिष्ठ वकील विक्टोरिया गौरी का नाम शामिल था। दुर्भाग्यवश उनकी नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उनकी नियुक्ति को लेकर मद्रास हाईकोर्ट बार के कई सदस्यों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए उनकी नियुक्ति का प्रस्ताव वापिस लेने की मांग की थी। उनकी नियुक्ति रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई। याचिका में भाजपा से उनके जुड़ाव और मुस्लिम ईसाई समुदाय के खिलाफ दिए गए बयानों का जिक्र किया गया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इन तर्कों को नहीं माना और गौरी की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जजों की नियुक्ति में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया और कहा कि नियुक्त व्यक्ति के राजनीतिक विचार की वजह से उसके जज बनने की पात्रता को नकारा नहीं जा सकता। विक्टोरिया गौरी तमिलनाडु महिला मोर्चा की संयोजक रही। उन्होंने कई तरह से बयान दिए। इसके बावजूद सितम्बर 2020 में मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ में भारत सरकार का सहायक महाअधिवक्ता बनाया गया। हालांकि उन्होंने यह पद स्वीकार करने से पहले भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। वकील के तौर पर किसी भी व्यक्ति का किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़ना गलत नहीं है। अतीत में भी ऐसा होता आया है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बी.आर. गवई ने स्पष्ट कहा कि जज के तौर पर कोर्ट से जुड़ने से पहले उनकी भी राजनीतिक पृष्ठभूमि रही है। लेकिन वह बीस साल से जज हैं और उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि कभी उनके रास्ते में नहीं आई। जस्टिस बी.आर. गवई रिपब्लिकन पार्टी के नेता आर.एस. गवई के परिवार से हैं। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि कई ऐसे मामले हैं जिसमें लोग राजनीतिक पृष्ठभूमि से आए और उन्हें नियुक्ति मिली और सुप्रीम कोर्ट विक्टोरिया गौरी से संबंधित मामले में फिर से विचार करने के लिए कॉलेजियम को निर्देश नहीं दे सकता। अतीत को देखें तो जस्टिस बी.आर. कृष्ण अय्यर का उदाहरण हमारे सामने है। वे कम्युनिस्ट थे लेकिन जज बनने के बाद एक विख्यात न्यायाधीश बने। इसी तरह जस्टिस के.एस. हेगड़े और जस्टिस बहारूल इस्लाम को जब हाईकोर्ट का जज बनाया गया था उस वक्त दोनों कांग्रेस के सांसद थे। किसी भी व्यक्ति का उसके अतीत के आधार पर आकलन करना गलत है। जब कोई भी न्यायाधीश की शपथ लेता है तो वह संविधान से बंध जाता है। किसी व्यक्ति के जज बनने की पात्रता एक चुनौती हो सकती है लेकिन यह उनके काम को संतोषजनक ढंग से निभाने की क्षमता पर निर्भर करता है। कई न्यायाधीशों को इसलिए स्थायी नहीं किया क्योंकि उनका काम




संतोषजनक नहीं पाया गया था। भारत के न्यायिक इतिहास में कई फैसले विवादों के घेरे में आए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों का राजनीतिक झुकाव, राज्यसभा की सदस्यता, उत्पीड़न के गंभीर आरोप ऐसे मुद्दों पर भी विवाद खड़े हुए हैं। लेकिन किसी जज की नियुक्ति के फैसले को रदद करने की मांग कम ही उठी है। 30 साल पहले ऐसा ही एक मामला सामने आया था, जब के.एन. श्रीवास्तव को गुवाहाटी हाईकोर्ट का जज बनाया गया था और उन्होंने इसकी शपथ भी ले ली थी। लेकिन तब बार के एक वर्ग ने इस नियुक्ति पर इस आधार पर आपत्ति जताई थी कि उन्होंने कभी वकील के रूप में अभ्यास नहीं किया और कभी न्यायिक कार्यालय नहीं संभाला। श्रीवास्तव भ्रष्टाचार के आरोपों में भी फंसे थे। तर्क यह था कि के.एन. हाईकोर्ट का जज होने के लिए संविधान के अनुच्छेद 217 के तहत निर्धारित मूल योग्यता को पूरा नहीं करते। श्रीवास्तव वास्तव में मिजोरम सरकार के कानून और न्यायिक विभाग में सचिव स्तर के अधिकारी थे और उस क्षमता में कुछ न्यायाधिकरणों और आयोगों के सदस्य थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने के.एन. श्रीवास्तव की नियुक्ति गुवाहाटी हाईकोर्ट में जज के रूप में शपथ लेने के बाद भी रद्द कर दी थी। अदालतें तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर फैसले करती हैं। अदालतों में भावनाओं के पोषण की कोई संभावना नहीं होती। न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठकर उन्हें क्षीर विवेक करने की क्षमता और पारदर्शी न्याय का पैमाना हर समय कायम रखना होता है। यही वजह है कि भारत की न्यायपालिका ने एक नहीं बल्कि अनेक ऐतिहासिक फैसले दिए हैं। न्यायाधीशों के फैसलों में उनके राजनीतिक अतीत की झलक प्रतिबिम्बित नहीं होती। भारत के लोगों में न्यायपालिका की साख बनी हुई है। नए न्यायाधीशों पर अब महत्वपूर्ण जिम्मेदारी यह है कि न्याय को पारदर्शी बनाए रखें और पंच परमेश्वर की तरह न्याय करें। इसलिए विक्टोरिया गौरी की नियुक्ति पर विवाद को अनावश्यक ही कहा जाएगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# सोलर से जगमगाएगा केजीबीवी, बलरामपुर फाउंडेशन से मिली कई सौगातें

## बलरामपुर चीनी मिल्स समूह की स्वामिनी अवन्तिका ने किया लोकार्पण, सुविधाओं को किया समर्पित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** वित्तीय वर्ष 2022-23 में बलरामपुर फाउन्डेशन ने अपने नियमित सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन करते हुए बिजुआ ब्लॉक स्थित केजीबीवी बस्तोली को सोलर पैनल, सोलर लाइट, अलमीरा, कम्बल, मच्छरदानी आदि विद्यालय को बलरामपुर चीनी मिल समूह की स्वामिनी अवन्तिका सरावगी ने बुधवार को लोकार्पण कर समर्पित किया। इस अवसर गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार सिंह, चीनी मिल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अपने सम्बोधन में श्रीमती अवन्तिका सरावगी ने बलरामपुर फाउन्डेशन, बलरामपुर को समाज के हर क्षेत्र जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य व संरचना के विकास के लिए प्रतिबद्ध बताया। क्षेत्र के शिक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए संस्था द्वारा हर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अपने सम्बोधन में बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उनको उनके लक्ष्य में आगे बढ़ने का मंत्र दिया।

गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक ने बताया कि बलरामपुर फाउन्डेशन संस्था क्षेत्रीय विकास के लिए हर क्षेत्र जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्रीय संरचना के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्यशील है, जिससे क्षेत्र के प्रत्येक जनमानस तक सुविधा, लाभ पहुंच सके। उन्होंने संस्था द्वारा पूर्व, वर्तमान व भविष्य में किए जाने वाले कार्यों से भी सभा को अवगत कराया। उन्होंने बच्चों के लिए पढ़ाई की उपयोगिता, सामाजिक बाध्यता व सामाजिक सहयोग के बारे में बताया। भविष्य के लिए बच्चों को उनके सफल, सरल व ईमानदार व्यक्तित्व के लिए शुभकामनायें दीं।




अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य पूर्णिमा मिश्रा ने मुख्य अतिथि व चीनी मिल अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए विद्यालय के बारे में बच्चों की संख्या, उपलब्धियाँ, विद्यालय के क्रियाकलापों के बारे में अवगत कराया व विगत वर्ष संस्था द्वारा दी गई सहायता के बारे में भी उल्लेख कर बलरामपुर फाउन्डेशन, बलरामपुर गुलरिया चीनी मिल को धन्यवाद दिया। बच्चों में फल, मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया।

बताते चले कि बलरामपुर फाउन्डेशन, बलरामपुर संस्था इकाई गुलरिया चीनी मिल ने अपने नियमित सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में विकास खण्ड-बिजुआ में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बरतौली को 7.5 किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित कर एवं अन्य आवश्यक सामग्री जैसे सोलर लाइट, अलमीरा कम्बल, मच्छरदानी आदि विद्यालय को समर्पित किया।

# मीटिंग के दौरान ब्रहमपाल सिंह यादव को बनाया प्रदेश उपाध्यक्ष



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** केंद्रीय राज्य सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार एवं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामदास आठवले के निर्देश पर उत्तर प्रदेश प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) मानस नगर जियामऊ लखनऊ प्रदेश कार्यालय पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यकारिणी के कई पदाधिकारियों की घोषणा की गई उसके बाद आठ फरवरी को जनपद लखीमपुर खीरी के तारा होटल में पार्टी मीटिंग के दौरान जनपद पीलीभीत के ग्राम जमुनियां खास निवासी ब्रहमपाल सिंह यादव को उत्तर प्रदेश में प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी देते हुए मनोनयन पत्र देकर सम्मानित कर उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि ब्रहमपाल सिंह यादव लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया कार्य कर रहे हैं इससे पहले उत्तर प्रदेश में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे थे नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष यादव ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार व पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ पवन कुमार गुप्ता का बहुत-बहुत आभार स्वागत है हम जल्दी ही पूरे प्रदेश में पार्टी का विस्तार करने का कार्य करेंगे एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को क्रियान्वित करेंगे दलित पिछड़े अल्पसंख्यक सहित हर वर्ग के लोगों की पार्टी के द्वारा हर सम्भव मदद करने का काम किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### ब्लॉक मिश्रिख में भ्रष्टाचार व्याप्त

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड मिश्रिख भ्रष्टाचार को लेकर काफी समय से सुर्खियों में बना हुआ हैं। मनरेगा के अंतर्गत एक से एक घोटाले खुलकर शासन के समक्ष आ रहे है। कहीं नाला घोटाला तो कहीं ड्रेन घोटाला आदि कागजों पर निर्मित होकर क्षेत्र का विकास कर रहे है। इन सब मामलों को लेकर तमांम समाचार पत्रों ने प्रकाशित भी किया। और प्रदेश शासन तक जानकारी दी। सरकार ने संज्ञान लेकर जिला अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिसमें जांच के उपरांत ब्लाक में तैनात सीओ अब्दुल मजीद, टीए नीरज बंशल, एडीओ सीएसके अमित को एडवर्स ऐंट्री के कारण प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त कर दी गई है। जबकि मनरेगा के अंतर्गत भ्रष्टाचार के मांमले में प्रमुख अधिकारी एपीओ मनरेगा प्रवीण कुमार सिंह व सहायक लेखाकार जितेंद्र कुमार पर सिर्फ की कार्यवाही का फरमान जारी किया गया है। आखिर कैसे बचे ये अधिकारी लोगों में काफी चर्चा का बिषय बना हुआ है। जबकि सहायक लेखाकार हरदोई से चार पहिया वाहन से प्रतिदिन ब्लाक मिश्रिख को आवागमन करते हैं। वहीं एपीओ मनरेगा प्रवीण कुमार भी अपनी चार पहिया गाड़ी से मिश्रिख को प्रतिदिन जिला मुख्यालय सीतापुर से आवागमन करते हैं। परंतु भ्रष्टाचार में संलिप्त प्रमुख अधिकारियों पर कार्यवाही न होना क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

### मजदूर की बाइक चोरी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मटर की फली की तुड़ाई करने आए मजदूर की बाइक अज्ञात बाइक चोर ने उड़ाई। पीड़ित मजदूर ने बाइक चोरी की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोर की तलाश शुरू की। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया निवासी नरेश कुमार खेतों में हरी मटर की तुड़ाई का काम करते हैं। उन्हें नारायणपुरा के पास एक खेत में मटर की तुड़ाई का काम मिला था। बीती 29 जनवरी को वह मटर की तुड़ाई करने बाइक से आए थे। नारायणपुरा तालाब के पास बाइक खड़ी कर वह खेत में मटर तोड़ने लगे। इसी दौरान अज्ञात बाइक चोर उनकी बाइक ले उड़े। मटर की तुड़ाई करके जब वह खेत से बाहर आए तो बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने बाइक चोरी की सूचना कोतवाली में दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोरों की तलाश शुरू की।

### श्री बाराही देवी मेला का शुभारंभ आज

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नगर में फौजी पड़ाव पर चल रहे श्रीबाराही देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ 10 फरवरी दिन शुक्रवार को दोपहर 1 बजे होगा। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ क्षेत्रीय सासंद व केंद्रीय मंत्री भानू प्रताप वर्मा करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी ईओ सीमा तोमर ने दी है।

### आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों में लेखपाल समय से नहीं लगाते आख्या

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** ग्रामीण आय जाति व निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। आनलाइन आवेदनों में औरेखी के लेखपाल रिपोर्ट लगाने में देरी करते हैं। रिपोर्ट न लगने के कारण ग्रामीण प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान हो रहे हैं। ग्रामीणों ने लेखपाल की शिकायत तहसीलदार से की है। विकास खंड के ग्राम औरेखी निवासी रामबेटी, सुखू, रघुवीर, यशोदा, उर्मिला, अनमोल, अनिल आदि ने तहसीलदार बलराम गुप्ता से शिकायत करते हुए बताया कि उनके गांव में तैनात राजस्व लेखपाल आय, जाति व निवास प्रमाणपत्र पर रिपोर्ट लगाने में देरी करते हैं। उन्होंने उक्त प्रमाणपत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर रखा है। आवेदन करने के बाद भी लेखपाल द्वारा 15 से 20 दिन में रिपोर्ट नहीं लगाई जाती है। रिपोर्ट न लगने के कारण निर्धारित समय में प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहे हैं। ग्रामीण सुमित पुत्र ज्ञान सिंह ने बताया कि उनके पिता पुलिस बल में काम करते हैं। उन्हें जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने 1 फरवरी को आवेदन किया और लेखपाल बता भी दिया था। इसके बाद भी उन्होंने 1 सप्ताह से ज्यादा का समय बीतने के बाद रिपोर्ट नहीं लगाई जिससे उनका काम प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार बलराम गुप्ता ने लेखपाल विश्वजीत को फटकार लगाते हुए समय से रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिए हैं।

## कच्ची शराब का काला कारोबार निरंतर जारी

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज़।** तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के तमाम गांवो में अवैध कच्ची शराब का धंधा जोरो पर आबकारी विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की नीति के चलते दिन रात धधक रही अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां। सूत्र बताते हैं कि आबकारी विभाग व पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारियों की सांठगांठ के चलते अधिकारियों को हर महीने मिलता है गुलाबी चढ़ावा। हजारों लीटर लहन खुलेआम तालाब व बाग में पड़ी रहती है लेकिन किसी की नजर नहीं पड़ती। क्योंकि सबको पता है। लेकिन कार्यवाही होती नहीं सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है और तो और पुलिस को सूचना देने वाला भी बन जाता है शराब माफियाओ का दुश्मन क्योंकि वही पुलिस कर्मी गुलाबी चढ़ावा लेकर बता देता है जिसे लोग अपना हमदर्द समझकर सूचना देते है।

# सीएमओ ने की दो एनएमए पर तबादले की कार्रवाई

- चार का जनहित में हुआ स्थानांतरण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** कुष्ठ आश्रम हाथीपुर और अर्बन पीएचसी नौरंगाबाद का सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा औचक निरिक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डॉ. बीसी पंत मौजूद रहे। कुष्ठ आश्रम में रिकॉर्ड खराब रखने और गैर कुष्ठ रोगियों को बाहर से दवा लिखने को लेकर दो एनएमए पर सीएमओ द्वारा कार्रवाई की गई है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि बुधवार को उनके द्वारा कुष्ठ आश्रम हाथीपुर और अर्बन पीएचसी नौरंगाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुष्ठ आश्रम हाथीपुर में तैनात एनएमए अपूर्व मेहरोत्रा वह रमेश चंद्र मिश्रा का स्थानांतरण कर दिया गया है अपूर्व मेहरोत्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा वह रमेश चंद्र मिश्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमिया बेहड़ स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं के स्थान पर एक कीरत सिंह यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली से कुष्ठ आश्रम भेजा गया है। इसके साथ ही संजय वर्मा एनएमए को भी अर्बन कुष्ठ इकाई में तैनात किया गया है। दोनों ही एनएमए सरकारी अभिलेख सही ना रखने और गैर कुष्ठ रोगियों को बाहर से दवा लिखने पर कार्रवाई की गई है। इसे लेकर एनएम का तबादला कर दिया गया है। वहीं पीएचसी नौरंगाबाद पहुंचकर उनके द्वारा उपस्थिति रजिस्टर चेक किया गया और भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने मरीजों के लिए समस्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए और पीएचसी पर सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर रखने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त शिव प्रकाश एनएमए को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औरंगाबाद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां व ललित शुक्ला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेडिलवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली स्थानांतरित किया गया है।

# दिल्ली जा रही स्लीपर बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज़।** बाइक से शादी समारोह में जा रहे युवक की बाइक में दिल्ली जा रही स्लीपर बस ने टक्कर मारी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हुई। मृतक के ससुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बस व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया खंडेराव निवासी राजकुमार (28) पुत्र नारायणदास बुधवार की रात करीब साढे 8 बजे बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए नैनापुर जा रहे थे। पीछे से दिल्ली जाने वाली प्राइवेट स्लीपर बस चल रही थी। जैसे ही वह अपनी बाइक लेकर कन्हैयाधाम गेस्ट हाउस के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रही स्लीपर बस के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजकुमार बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे। सिर में चोट लगने की वजह से



उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों को सूचना देकर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जैसे ही पति की मौत की खबर पत्नी बबली को मिली तो वह बेहोश होकर गिर गई। बता दें, राजकुमार के माता पिता की पहले ही निधन हो चुका है।

मृतक के राजकुमार के तीन वर्षीय पुत्र प्रियांशु है। सूचना मिलने पर मृतक के ससुर शिवकुमार निवासी हरदोई राजा ने कोतवाली में आरोपी बस व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज़।** बीती रात को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में 19 वर्षीय युवक छोटे राजपूत ने अपने ही घर के बंद कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी स्वर्गीय राम औतार के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र की शादी हो चुकी है। जबकि छोटा पुत्र 19 वर्षीय छोटे राजपूत आंध्र प्रदेश में पानी पूरी का धंधा करता है। छोटे राजपूत अपने घर आया हुआ था। बुधवार की रात में कलह होने की वजह से घर के अंदर कमरे में छोटे राजपूत फांसी के फंदे में झूल गया। घर वाले लोगों को जब इसकी जानकारी हुई तो वह उपचार के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी ले गए। डॉक्टरों ने परीक्षण करके उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने पहुंच कर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस घटना से पूरे घर में कोहराम मच गया।

# अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



- नौ तमंचे, एक दोनाली बंदूक, दो अधबने तमंचे सहित उपकरण हुये बरामद

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को निकाय चुनाव में अवैध शस्त्रों की सप्लाई हेतु अवैध शस्त्र बनाकर उनका स्टॉक तैयार कर असलहा फैक्ट्री का संचालन करने के ठिकाने पर सदर कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्यवाही भंडाफोड़ करते हुये दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से भारी संख्या में निर्मित व अर्धनिर्मित तमंचे व उपकरण बरामद किये।

असलहा फैक्ट्री का खुलासा करते हुये एसपी ईरज राजा ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बोहदपुरा के जंगल में लंबे समय से असलहा फैक्ट्री संचालित हो रही थी जिसकी जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्यवाही में राजा सिंह उर्फ राजा पहाड़ी पुत्र भजनलाल, रमेश विश्वकर्मा पुत्र सिद्धगोपाल निवासी ग्राम पहाड़ी भिटारी थाना मुस्करा हमीरपुर को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 7 तमंचे 315 बोर निर्मित, एक दोनाली बंदूक, एक तमंचा 12 बोर, 1 तमंचा 32 बोर, 5 तमंचा 315 बोर अधबने, दो तमंचा 12 बोर अधबने, चार नालें, 4 बाडी, जिंदा कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुये। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये लोगों की निशानदेही पर पुलिस ने बोहदपुरा के जंगल में अवैध असलहा बनाते थे और उन्हें वहीं पर छिपा देते थे। पुलिस टीम ने पकड़े गये लोगों की निशानदेही पर गड्ढे में छिपाये गये तीन बोरी निकली जिसमें भारी संख्या में सामान बरामद हुआ। पकड़े दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 60/2023 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## जालौन तहसील को मिले तीन नये नायब तहसीलदार

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज़।** आम जनता के कार्य समय से हो सकें और शासकीय योजनाओं में देरी न हो। इसके लिए तहसील में तीन नायब तहसीलदारों की नियुक्ति की गई है। इसके बावजूद तहसील में नियुक्त तहसीलदार समय से अपने कार्यालयों में नहीं बैठ रहे हैं। फरियादियों की शिकायत पर एसडीएम ने नायब तहसीलदारों को समय से अपने कार्यालयों में बैठने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदारों की नियुक्ति न होने से लोगों को अपने कार्य कराने में परेशानी हो रही थी। जनता की समस्याओं के समय से निस्तारण के लिए एवं शासकीय योजनाओं का समय से क्रियान्वयन हो सके इसके लिए तहसील में 3नायब तहसीलदारों की नियुक्ति कर दी गई है। नियुक्त मिलने के बाद तीनों नायब तहसीलदारों को क्षेत्र भी आवंटित कर दिए गए हैं। साद्धुल्लह खान को हदरूख, मुकेश कुमार को कुठौंद और गौरव कुमार को जालौन का चार्ज दिया गया है। क्षेत्रों के आवंटन के साथ ही कार्यालय भी आवंटन कर दिए गए। कक्ष निर्धारित होने के बाद भी नायाब तहसीलदार अपने कक्षों में नहीं बैठ रहे हैं और कार्यालय में ताले लटकते रहते हैं। नायब तहसीलदारों के अपने कार्यालयों से गायब रहने और कार्यालय में ताला लटकने की मिल रही शिकायतों पर एसडीएम सना अख्तर ने नायब तहसीलदारों को नियमित कार्यालय में बैठने एवं शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं को सुनने और उनके निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने चेतावनी दी कि भविष्य में अगर शिकायत मिली तो जिलाधिकारी को उनके खिलाफकार्यवाही के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# गांवों में सोलर लाइट जलती देख आईएएस बोले ओके

- जो लाइटें नहीं जल रहीं उन्हें ठीक कराया जाये
- कई गांवों में सोलर लाइटों का सत्यापन करने रात में पहुंचे एसडीएम, चयन स्थल को लेकर आ रही थी शिकायतें



**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज़।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी आईएएस अभिषेक कुमार अपनी कार्यशैली के चलते आए दिन सुर्खियों में रहते हैं क्योंकि उनकी कार्यशैली का ढंग ही कुछ निराला रहता है आपको बता दें कि व्यक्तिगत स्वार्थ लिप्सा में डूबा व्यक्ति भी उनके प्रति नाराजगी प्रकट करते करते उनकी तारीफके पुल बांधने में विवश हो जाता है कुछ इसी तरह का वाक्या आपको बताते हैं कि उनको कई दिनों से कालपी तहसील क्षेत्र में लगी सोलर लाइटों से चयन स्थल को लेकर और न जलने की शिकायतें उप जिलाधिकारी कालपी अभिषेक कुमार के संज्ञान में आ रही थी उन्होंने जानबूझकर मौके में पहुंचने में कुछ देरी की फिर अचानक देर शाम यमुना बीहड़ पट्टी के गांव जा पहुंचे उन्होंने व्यास मंदिर, मदारपुर ग्राम, देवकली, हीरापुर आदि के गांव का भ्रमण किया जहां सोलर लाइटें जलती मिली किस गांव में कितनी लाइटें लगी हैं उनका भी मुआयना किया 1-2 लाइटें जहां जलती नहीं पाई गई उनके न जलने का कारण भी पूछा और शीघ्र जलवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए श्री कुमार ने रात में भ्रमण कार्यक्रम के दौरान गलियों की साफ-सफाई भी चेक की और बुजुर्गों नौजवानों से भी बातचीत की इतना ही नहीं संबंधित लेखपाल जितेन्द्र सिंह के बारे में भी किसानो से राय ली कि क्या लेखपाल जी आपकी समस्याओं का समय से निस्तारण करते हैं कि नहीं तो लोगों ने सकारात्मक जवाब दिए इस मौके पर एसडीम कालपी के संग नायब तहसीलदार राजेश पाल लेखपाल जीतेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

# ऐम्बुलेंस स्टाफ ने रास्ते में कराया गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज़।** अस्पताल जा रही गर्भवती को रास्ते में प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस स्टाफने सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के उपरांत जच्चा बच्चा दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कि बुधवार की देर रात करीब 1 बजे तहसील क्षेत्र के गांव सुढ़ार सालाबाद निवासी पुष्पेंद्र ने स्वास्थ्य विभाग के एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर पर अपनी पत्नी राखी देवी के प्रसव पीड़ा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस के साथ पहुंचे चालक मनोज तिवारी व ईएमटी प्रेमशंकर गर्भवती महिला एंबुलेंस से सीएचसी के लिए लाने लगे। रास्ते में बंगरा रोड पर गर्भवती महिला को



प्रसव पीड़ा तेज होने पर स्टाफ ने एंबुलेंस रोक दी, गर्भवती महिला का परिजनों की उपस्थिति में चिकित्सा स्टॉफ द्वारा एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। प्रसव उपरांत जच्चा बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं। दोनों को सीएचसी में भर्ती किया गया है। वहीं, जच्चा बच्चा के सुरक्षित होने पर परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अमृतकाल का अंतरिम बजट सर्वव्यापी है : मयंकेश्वर शरण सिंह

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।** अमृत काल के बजट पर चर्चा के लिए बीजेपी द्वारा आज संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी और राज्यमंत्री चिकित्सा शिक्षा स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी रहे। पंजाब धर्मशाला में आयोजित इस गोष्ठी में पहुंचे मुख्य अतिथि ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और अन्य बीजेपी नेताओं ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

बीजेपी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत करते जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि आजादी की 75 साल बीत जाने के बाद अमृतकाल के दौरान मोदी सरकार का यह बजट सभी के हितों को देखकर लाया गया है। इस गोष्ठी के दौरान मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बीजेपी नेताओं और उपस्थित व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में आज G20 जैसे देशों का प्रतिनिधित्व करने का जा रहे है और अमृतकाल का यह अंतरिम बजट सर्वव्यापी है। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों को अब टैक्स से भी राहत मिल गयी है क्योंकि सरकार ने इस बजट सत्र में 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख कर दी



है जिससे छोटे व्यापारी अब कर की सीमा से छूट जाएंगे और व्यापारियो को इस सरकार में व्यापार के नए आयाम भी मिलेंगे। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि इंवेस्टर्स समिट में आज प्रदेश में 21 लाख करोड़ का निवेश होने जा रहा है जिससे प्रदेश की अब तस्वीर बदल सकती है और साथ ही युवाओं को रोजगार के भी नए अवसर प्राप्त होंगे।

बीजेपी जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह शिल्पी ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर मुख्य अतिथि के साथ बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, एमएलसी पवन सिंह चौहान, सेउता विधायक ज्ञान तिवारी, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, क्षेत्रीय महामंत्री श्रीमती नीरज वर्मा जी, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, सहित बीजेपी जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, बीजेपी जिला महामंत्री रोहित सिंह, व्यापारी तुषार साहनी, व्यापारी गोपाल टंडन गोपाल अग्रवाल मुकेश अग्रवाल हरीश शाह कोहली व्यापारी नेता प्रेम अग्रवाल वीरेंद्र पुरी भगवती गुप्ता कमलनयन आर्या, सरदार दलजीत सिंह सुनील टंडन आशीष शास्त्री अनुराग रोशन, सहित बीजेपी पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित व्यापारीगण मौजूद रहें।

# कार्यालय ग्राम पंचायत, अकबराबाद, विकासखंड- मोहम्मदी, जनपद- खीरी

## अल्पकालीन निविदा

फर्मो विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अकबराबाद में वर्ष 2022-23 की वार्षिक योजना के अनुसार 15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से निर्माण कार्य किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता/मानकयुक्त ईट व इंटरलॉक, टाइल्स, बालू, मौरंग, गिट्टी, रोड़ा आदि क्रय करने हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 07.02.2023 से 13.02.2023 तक ग्राम पंचायत पर दिन के 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। तथा 13.02.2023 को दिन के 2:00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जाएगी समस्त निविदाताओं को स्वीकार करने अथवा निरस्त का अधिकार अध्यक्ष/ सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म / विक्रेता से सामग्री क्रय करने हेतु स्वतंत्र होगा। निविदा की स्वीकृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से कार्यवाही में प्राप्त करें।

| क्र0 सं0 | कराया जाने वाला कार्य | प्राकलन धनराशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बाके खा के मकान से असलम के मकान तक इंटरलॉक निर्माण कार्य | 394,166/- | 10000.00 |
| 2 | शिव कुमार के मकान से रामप्रसाद के मकान तक इंटरलॉक निर्माण कार्य | 360280/- | 10000.00 |

**संतोष कुमार**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत अकबराबाद**
**विकासखंड मोहम्मदी खीरी**

**राहुल सिंह**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**विकासखंड- मोहम्मदी जिला खीरी**

# महिला शिक्षक संघ स्थापना की दूसरी वर्षगांठ पर काटा केक

## संगठन की एकता पर चर्चा करते हुए सभी को एकजुटता की दिलाई शपथ

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ उरमौरा में संघ से जुड़ी शिक्षिकाओं द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं प्रथम महिला शिक्षिका ज्योतिबाफूले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान गायत्री त्रिपाठी द्वारा सरस्वती वंदना एवं सोनाली मजूमदार द्वारा एक सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संघ की दूसरी वर्षगांठ को सभी लोगों ने केक काटकर एक दूसरे को केक खिला कर उल्लास के साथ मनाया। सभी ने संगठन को आगे बढ़ाने का निश्चय लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विभाग की दरकशा जी मौजूद रहीं। तत्पश्चात् सोनाली मजुमदार, शाजमा द्वारा महिलाओं को



जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए बहुत ही सुंदर कविता प्रस्तुत की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि जी ने कहा कि आज हम सभी के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि महिलाओं के हित को लेकर आवाज उठाने वाले संगठन महिला शिक्षक संघ का ?द्वितीय स्थापना दिवस जनपद में मनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। इसके बाद सुमन भारती, कोमल साहू ने कन्या भ्रूण हत्या से संबंधित बहुत ही मनमोहक कविता प्रस्तुत की।

महिला शिक्षक संघ सोनभद्र की जिलाध्यक्ष कौशर जहां सिद्दीकी ने कहा कि हमारा संगठन महिलाओं के हितों को लेकर सदैव प्रयासरत है।

इसके पश्चात जिला महामंत्री कुंजलता त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य ने महिला शिक्षिकाओं को एक मंच दिया है इससे पूर्व किसी ने भी महिला शिक्षिकाओं के हित के विषय में नहीं सोचा ऐसे में हम सबको एकजुट रहकर महिला शिक्षक संघ को मजबूती प्रदान करनी है। संगठन मेरा नही बल्कि हम सब का है, सबका साथ हम सब का विकास इस संगठन में निहित है। प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य महिला शिक्षकों के हक को लेकर संगठन का गठन कर इतिहास रचने का कार्य किया है एवं महिलाओं को उनके कर्तव्यों से परिचित कराया। इसी के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जिला उपाध्यक्ष वर्षा वर्मा के द्वारा लैपटॉप के माध्यम से सालभर की कार्यों को दर्शाया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष गायत्री त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रीता कुमारी, संगठन मंत्री नमिता सिंह, अर्चना सिंह विशाखा केडिया, जिलामंत्री रुचि राय, जिला मीडिया प्रभारी कोमल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष राबर्ट्सगंज शाजमा, ब्लॉक अध्यक्ष करमा अनुपमा सिंह, ब्लॉक महामंत्री करमा सुमन कुमारी भारती, ब्लॉक वरिष्ठ अध्यक्ष कमलेश कुमारी, ममता, सुषमा, श्वेता, परवीन बेगम सहित भारी संख्या में महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष कौशर जहां सिद्दीकी और जिला मीडिया प्रभारी कोमल साहू द्वारा कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों एवं शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया।

# भाकियू ने किसानों की समस्या को लेकर किया बैठक

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** भाकियू कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर परिसर में बैठक कर किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर समाधान की मांग की। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ हरी रामपाल की अगुवाई में हुई इस बैठक में यूरिया संकट निशाने पर रहा।कहा गया कि किसानों को यूरिया नहीं मिल रही है। जहां मिल भी रही है तो ऊंचे दामों पर।जिलाधिकारी से मांग की गई कि समितियों पर खाद को उपल्ब्ध कराई जाए।बैठक में कहा गया कि चक मार्ग खाली कराने संबंधी प्रशासनिक अभियान ठंढे बस्ते में चला गया है।मांग की गई कि इस अभियान की नए सिरे से शुरुआत की जाए।इ ई क्रम में 15 फरवरी को बाराबंकी में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान में पहुंच कर योगदान की अपील की गई।बैठक में मोहम्मद रईस को संगठन का हैदरगढ़ नगर अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रामदेव,राजेश कुमार यादव एवं हरप्रसाद आदि शामिल रहे।

## 12 को होगा संतों का जमावड़ा

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** विकास क्षेत्र के पेचरुआ गांव में 12 फरवरी को आयोजित होने वाले एक दिवसीय राम चरित मानस सम्मेलन में संतों का जमावड़ा होगा। रविवार को होने वाले इस 66 वें मानस सम्मेलन के आयोजक सीताकान्त अवस्थी ने बताया कि अयोध्या धाम स्थित रसिक पीठाधीश्वर महंत जन्मेजय शरण जी महाराज एवं स्वामी बाल भरत महराज कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।बताया कि राम चरित मानस सम्मेलन में प्रमुख रूप से नैमिषारण्य के मानस विद्वान अवधेश कुमार शुक्ल,वृन्दावन मथुरा के कमलेश कुमार द्विवेदी,राम केवल मिश्र,रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी,अजय शास्त्री,हरिनारायण तिवारी एवं जितेंद्र नाथ पाण्डेय आदि मानस मनीषी अपने प्रवचन से श्रद्धालुओं का कल्याण करेंगे।उन्होने बताया कि दोपहर बारह बजे से शाम छ बजे तक मानस सम्मेलन होगा।इसके पश्चात भण्डारे का आयोजन किया गया है।

## रिक्त हुई जिला पंचायत सदस्य सीट पर सम्पन्न हुआ उपचुनाव

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** जिला पंचायत सदस्य त्रिवेदीगंज द्वितीय सीट के लिए आज संपन्न हुए उपचुनाव में कुल 39 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके 2 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद कर दिया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीट त्रिवेदीगंज द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य रहे श्रीमती शिव कला के निधन के बाद यहां पर उपचुनाव कराया जा रहा था जिसमें 21 गांव के मतदाता 70 बूथों पर मतदान कर रहे थे। जहां पर भाजपा प्रत्याशी के रूप में भाजपा नेता संत दिन रावत की पत्नी ननकई भाग्य आजमा रही हैं वही शिव देवी पत्नी अर्जुन कुमार सपा प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमा रही हैं।

## बच्चे देश का भविष्य, इनकी शिक्षा और उचित मार्गदर्शन का दायित्व निभाएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बच्चे देश का भविष्य होते हैं आने वाले समय में इन्हीं बच्चों के कंधों पर देश का भार होगा।इसलिए इन्हें शिक्षा के साथ ही साथ उचित वातावरण व मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। यह बात खंड शिक्षा अधिकारी सिरौलीगौसपुर संजय कुमार ने कस्बा बदोसराय स्थित अशर्फीलाल यादव जनता माण्टेसरी स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में कही है। उन्होंने कहा कि आज के छोटे-छोटे बच्चे कल देश के कुशल नागरिक होंगे। देश का भार उनके कंधों पर होगा। इसलिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अच्छे संस्कार दो जिससे भविष्य में वे किसी लायक बन कर विद्यालय जनपद व प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन करें। इन्हें उचित शिक्षा व मार्गदर्शन के साथ ही साथ समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें।इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें बॉर्डर हिंदुस्तान का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नशा मुक्त भारत वृक्षारोपण व सुरक्षा महारानी लक्ष्मी बाई नृत्य का मंचन किया गया। जिसकी खंड शिक्षाअधिकारी ने भूरी भूरी प्रशंसा किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्वनी कुमार यादव प्रबंधक विवेकानंद यादव मास्टर तुलसीराम वर्मा श्याम लाल यादव नेता राम सागर यादव बदोसराय ग्राम प्रधान निसार मेहंदी अकरम अंसारी मोहम्मद खालिद खान आदि ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करके स्वागत किया । कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात प्रधानाध्यापक अश्वनी कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव विश्व जीत सिंह ऑन मियां सुकलावती पब्लिक स्कूल कटका प्रबन्धक रामराज यादव परवेज प्रबन्धक अहमद हाजी वारिस अली डिग्री कालेज अमरेन्द्र सिंह बबलू पंकज यादव सनी यादव अध्यापक जसवंत यादव सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।मंच का संचलान अध्यापक राहुल यादव ने किया।

# नोएडा की तरह होगा बाराबंकी का विकास



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

प्रभारी मंत्री बनाए जाने के बाद गुरुवार को पहली बार बाराबंकी पहुंचे लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया।नगर पालिका सभागार में आयोजित अमृत काल बजट पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का बजट अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित देश बनाने की नींव रखने वाला है।अमृत काल का यह पहला बजट सप्तऋषि के समान देश का ही नहीं विश्व का मार्गदर्शन करेगा तथा आकांक्षी भारत के लक्ष्यों को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।इस बजट का सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश और उसके नागरिकों को मिलेगा।

प्रभारी मंत्री ने बजट की खूबियां गिनाते हुए कहा कि यह समावेशी विकास और अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करने के साथ भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने वाला बजट है।उन्होंने बताया कि बजट में मुफ्त राशन व्यवस्था को एक वर्ष बढ़ाए जाने से प्रदेश के 15 करोड़ जरूरतमंदों को फायदा होगा।उन्होंने मध्यम वर्ग के लिए टैक्स में आय सीमा बढ़ाए जाने,प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 79 हजार करोड़ रुपए के आवंटन से चार लाख और लोगों को मकान उपलब्ध कराने एवम कृषि ऋण के लिए बजट में 20 लाख करोड़ रुपए की व्यवस्था किए जाने को ऐतिहासिक बताया।कहा मोटे अनाज को ग्लोबल बनाए जाने के लिए भी घोषणाएं की गई हैं।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दिल्ली के निकट नोएडा का विकास किया गया ठीक उसी तर्ज पर प्रदेश की राजधानी के निकट बाराबंकी का भी विकास होगा।

# जलनिगम का कार्य करा रही कंपनी के यार्ड से सरिया चोरी, केस

**खोराबार, समृद्धि न्यूज़**

इलाके के कुसम्ही स्थित जलनिगम का कार्य करा रही कंपनी के यार्ड से बुधवार को सरिया चोरी हो गया। कंपनी के एचआर अखंड राज सिंह के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस गुरूवार की सुबह दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रयागराज के हंडिया के खपटिहां सैदाबाद निवासी अखंड राज सिंह एचसीसी लिमिटेड कं पनी में एचआर के पद पर हैं। उनकी कंपनी गोरखपुर में जलनिगम का कार्य करा रही है। कंपनी का आफिस व यार्ड कुसम्ही बाजार में है, जहां कंपनी का सामान रखा जाता है। अखंड राज सिंह ने तहरीर में बताया कि बुधवार की सुबह कंपनी के यार्ड से सरिया का कटपीस चोरी हो गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

## खस्ताहाल बसों से कर्मचारी भी परेशान

**शाहजहांपुर।** जिले में रोडवेज बस अड्डे से एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कई कर्मचारी बस में धक्का लगाकर उसको स्टार्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि ऐसा नही है कि, हालांकि कर्मचारियों को पता है कि, उनका वीडियो बनाया जा रहा है, और सभी कर्मचारी वीडियो बनाने वाले की तरफ देख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद बसों के बढ़े किराये को लेकर तमाम सवाल उठ रहे हैं। वही परिवहन विभाग अधिकारी का पक्ष जानने के लिए फोन किया था, तो नंबर बंद था। शाहजहांपुर के रोडवेज बस अड्डे पर बस स्टार्ट न होने पर एक बार फिर से धक्का लगाते एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें कुछ कर्मचारी एक बस में धक्का लगाकर स्टार्ट करते दिख रहे हैं। 31 सेकेंड के वीडियो ये भी दिखाई दे रहा है कि, जो शख्स वीडियो बना रहा है। उस व्यक्ति की तरफ धक्का लगाने वाले कर्मचारी देखकर हंस रहे हैं।

# भुखमरी और बेरोजगारी की तरफ जनता को धकेल रही है केंद्र सरकार

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



● कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं की रेणुकूट में हुई बैठक

जनपद के रेणुकूट नगर स्थित गुरुद्वारा मंदिर परिसर में जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं की बैठक हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आयोजित की गई। इस दौरान संगठन मजबूती के साथ ही कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक कौशलेश पाठक ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश के कुछ उद्योगपतियों के हित में काम कर रही है और आम जनमानस के हितों को पूर्णतया दरकिनार कर रही है। ज्यादातर आर्थिक संसाधनों पर मोदी के मित्रों का कब्जा है जब कि देश का एक बड़ा तबका गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी की तरफ तेजी से धकेली जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सरकार सूट, बूट और लूट की सरकार है। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जिसके हवाई जहाज में दिल्ली गए उस उद्योगपति की दौलत 8 साल में 50 गुना बढ़ गई। इस सरकार में आटा, दाल, चावल, दूध और दही जैसी रोजमर्रा की चीजों पर जीएसटी लगने से घरेलू महंगाई दर 15त्न से ऊपर चली गई ।बैठक की अध्यक्षता राजपति साहनी ने की। इस मौके पर रामानंद पांडेय, जितेंद्र देव पांडेय, प्रदेश संचार समन्वयक मृदुल मिश्रा, रामचंद्र बैठा, चंदा देवी, सपना गुप्ता, सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदान के दौरान बेहोश हुआ मतदान कर्मी, हड़कंप

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** जिला पंचायत सदस्य त्रिवेदीगंज द्वितीय के लिए गुरुवार को हो रहे मतदान के दौरान एक मतदान कर्मी के बेहोश हो जाने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा बेहोश मतदान कर्मी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया गया जहां पर उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार जनपद के सिद्धौर विकासखंड अंतर्गत अतरौली गांव में सफाई कर्मी के रूप में तैनात महेश कुमार गुरुवार को सरस्वती जयंती इंटर कॉलेज में बनाए गए पोलिंग बूथ पर मतदान कर्मी के रूप में आने वाले मतदाताओं को इंक लगाने का काम कर रहा था दोपहर लगभग 1ञ्00 बजे पानी पीने गया मतदान कर्मी अचानक चक्कर खाकर गिर पड़ा आनन-फानन में बेहोश मतदान कर्मी को पुलिस कर्मियों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर डॉक्टरों द्वारा मतदान कर्मी को लगभग 3 घंटे अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया गया ।मतदान कर्मी का स्वास्थ्य ठीक हो जाने के बाद डॉक्टरों द्वारा छुट्टी दे दी गई जिसके बाद वापस मतदान स्थल सरस्वती जयंती इंटर कॉलेज पर पहुंचे मतदान कर्मी द्वारा मतदान संपन्न कराया गया।

# फाल्गुनी महादेवा मेला के लिए प्रशासन ने की तैयारी पूरी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

महाशिवरात्रि फाल्गुन मेला 18 फरवरी 2023 के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह की अध्यक्षता में तहसील रामनगर के सभागार में बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान पार्किंग व बैरियर व्यवस्था , बैरिकेडिंग के कार्य, बोहनिया तालाब व अभरन तालाब की सफाई व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, खाद्य पदार्थो की जांच, नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों की मेला क्षेत्र में तैनाती, पुलिस /सुरक्षा व्यवस्था, मार्ग परिवर्तन व्यवस्था, विद्युत व प्रकाश व्यवस्था, सोलर लाइट, खोया पाया केंद्र, मेला में विक्रय सामग्री का रेट निर्धारण, मेला में छुट्टा जानवरों को हटाया जाना सहित अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि बैरिकेडिंग के कार्य को कल तक अवश्य पूर्ण कर लिया जाये। बैरिकेडिंग का कार्य समय से पूर्ण न होने पर नाराजगी जताई और सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी कार्य जिस विभाग को दिए जा रहे हैं,



उनको पूरी संवेदनशीलता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करे। किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल के अन्दर ही सुव्यवस्थित ढंग से गाड़ियां खड़ी करायी जाये, साथ ही पार्किंग स्थल की वेरिकेटिंग व प्रकाश की व्यवस्था की समुचित व्यवस्था की जाए । उन्होंने कहा कि मेला परिसर में लटक रहे विद्युत तारों को सही कर दिया जाए। अपर जिलाधिकारी ने बोहनिया तालाब के पास और पुल के पास अतिरिक्त सोडियम लाइट लगाए जाने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर्स का परिचय पत्र बनाकर ड्यूटी समय से लगा दी जाए। उन्होंने कहा कि छुट्टा जानवरों को समीपस्थ गौ आश्रय केंद्र पर पहुंचा दिया जाए तथा मेले परिसर में कैटल कैचर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभरन तालाब के आसपास चारों तरफ किसी भी प्रकार की दुकानें ना लगाई जाए। उन्होंने महादेवा मेला के समस्त गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी रामनगर ने बताया कि आग लगने की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी दुकानदार अपने पास तीन बोरी सफेद बालू और बाल्टी अवश्य रखे।

# नहर में गिरी छात्रा का नहीं लगा सुराग परिजन हलकान

**कोटवाधाम, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

गांव के किनारे नहर में पानी के बहाव को देख रही छात्रा का पैर फिसल गया और वह पानी में बह गयी।पीछे से आ रहे छात्रा के चाचा ने लडकी को नहर में गिरती देख शोर मचा कर ग्रामीणों को एकत्रित करके लडकी की तलाश शुरू करायी किन्तु 24 घन्टे बाद भी नहर में गिरी छात्रा का पता नहीं चल पाया है।

थाना कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम कसरैला डीह की 14वर्षीय रुबी पुत्री देशराज यादव बुधवार को शाम करीब छः बजे अपने पिता से खेत से मिलकर घर वापस आ रही थी कि गांव के बाहर शारदा सहायक नहर दरियाबाद ब्रांच कसरैला झाल में बह रहे पानी को निहार रही थी कि अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर में गिरकर डूब गई पीछे से आ रहे बालिका के चाचा ने उसे नहर में गिरते देख लिया और शोर मचा कर लोगों को एकत्रित कर तलाश शुरू कर दी किन्तु अब तक उसका पता नहीं चल पाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली बदोसरांय पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों से तलाश शुरू करायी वहीं नहर मे बने सरांय रज्जन व चमरौली के पास बने फाटकों को भी बंद कराया चौबीस घंटे से लगातार हो रही तलाश के बावजूद अब तक लडकी का कोई पता नहीं चल पाया है।

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने की मनमोहक प्रस्तुति



**सोनभद्र।** भकसिहवा कोटा स्थित हंस वाहिनी इंटर कालेज कोटा स्कूल में गुरुवार को चौदहवां वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता चोपन ब्लाक प्रमुख/प्रतिनिधि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गौंड लीला देवी द्वारा विद्यालय में निर्मित दो शिक्षण कक्षों का लोकार्पण किया।एवम मुख्य अतिथि श्रवण सिंह गोड़ सदस्य उत्तर प्रदेश वन्य जीव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुण पति त्रिपाठी द्वारा किया गया।विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के बाद एक से बढ़कर एक सुन्दर मनमोहक कार्यक्रम देश प्रेम पर प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के बच्चों द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक एवम शिक्षा पर नाटक के अलावा छत्तीसगढ़ी नृत्य व हरियाणवी नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति से संपूर्ण प्रांगण मंत्रमुग्ध हो गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय विनीत तिवारी वरिष्ट पत्रकार एवम जिलाध्यक्ष पत्रकार संगठन सोनभद्र, डा प्रमोद प्रजापति हड्डी रोग विशेषज्ञ एवम सर्जन लाइफ केयर हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर, भाजपा महिला मोर्चा की वरिष्ट उपाध्यक्ष श्री मती जायसवाल, के अलावा क्षेत्रीय प्रबुद्ध जन भारी संख्या में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य गणेश प्रसाद त्रिपाठी सहित अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा सफल आयोजन के लिए संस्थापक उमाकांत मिश्र ने आभार प्रकट किया गया।

# व्यापारी ने खुद का अपहरण कर घरवालों से मांगे 3 लाख

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

सूदखोरों से परेशान टेंट मलिक ने अजमेर ऋषिकेश हरिद्वार फोन कर अपहरण होने की फर्जी दी सूचना दे कर धर वालो को किया परेशान झगहा पुलिस ने सर्विलांस की मदद से किया गिरफ्तार।जिले में इस समय सूदखोरों का जाल फैल चुका है। जहां सूदखोरों से परेशान गोला निवासी एक व्यक्ति ने पत्नी व दो बच्चों की हत्या कर खुद आग से जलकर मर गया। वहीं झंगहा इलाके में एक टेंट हाउस संचालक ने सूदखोरों से परेशान होकर खुद का अपहरण कर लिया। हरिद्वार, ऋषिकेश, अजमेर से फोन कर वह घर वालों से 3 लाख 10 हजार की फि रौती मांग रहा था। फोन कर टेंट व्यापारी घरवालों से कहता था कि पांच लोग उसे पकड़े हैं और रकम न मिलने पर उसकी हत्या



कर देंगे। जांच में जुटी पुलिस ने टेंट व्यापारी मनीष मद्धेशिया को अजमेर से पहले बरामद किया। फिर उसे खुद के अपहरण व फिरौती मांगने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। गुरूवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। हालांकि पुलिस ने अभी सूदखोरों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। एसपी नार्थ डॉ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि झंगहा के जंगल गौरी नंबर दो अमहिया निवासी मनीष मदेधेशिया टेंट हाउस चलाता है। उस पर कॉफी कर्ज था। कर्ज चुकाने के लिए उसने खुद के अपहरण का प्लान बनाया। 29 जनवरी 2023 को वह बिना घरवालों को बताए घर से कहीं चला गया। जिसके बाद घरवालों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मनीष ने 30 जनवरी 2023 की शाम को अपनी मां को अपने मोबाइल से फोन किया और बताया कि पांच लोगों ने उसका अपहरण कर लिया है। वे लोग 3 लाख 10 हजार रूपये फिरौती मांग रहे हैं और उसे बिहार में रखे हैं। मां से कहा कि रूपये जल्दी से मेरे खाते में भेज दो नहीं तो अपहरणकर्ता उसकी हत्या कर देंगे। इसकी सूचना मनीष के पिता जय प्रकाश ने थाने पर दी। जिसके बाद पुलिस अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। इस बीच पुलिस ने मनीष का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगा दिया। पुलिस के अनुसार एक बार फिर मनीष ने 1 फरवरी 2023 को मां को फोन कर कहा कि पैसे क्यों नहीं भेज रही हो, जब उसकी हत्या हो जाएगी तब पैसे भेजोगी क्या। जिसके बाद मनीष के परिवार वालों ने उसके एसबीआई खाते में 5000 और 10000 कर दो बार में 15000 रूपये भेजा।

# क्रांतिकारी ज्ञानेश्वर श्रीवास्तव ने आत्मदाह की दी चेतावनी

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



शहर मे 24 घंटे चिकित्सालय चलाने2010 का लिखित आश्वासन पुण? कराने, राँची- दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस प्रतिदिन चलाकर सोनभद्रशहर(रावट्र्सगंज) में रूकने, पैसेंजर वाराणसी ट्रेन चलाने के साथ ही मुम्बई हावड़ा सुरत ट्रेन चलाने, राजकीय महिला महाविद्यालय में विज्ञान कामसढ़ एवं स्नातकोत्तर कराने के साथ ही अन्य मूलभूत जनसमस्याओं का समाधान कराने हेतु 17 माच2023से भुखहड़ताल करूँगा। जनहित में समस्या का समाधान नहीं होगा तो आत्मग्लानि से आत्मदाह करूँगा जिसकी पुण? जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन की होगी ।उक्त बातें सोनभद्र विकास मंच के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने ने कहा विगत सोलह वर्षो से धरना- प्रदर्शन और भुखहड़ताल कर रहा हूँ। कुछ माँगे पुरे भी हुये किन्तु पुराने चिकित्सालय परिसर में अबतक 24 घंटे चिकित्सालय न खुलना दुर्भाग्यपूर्ण है।


## सूचना

मैं राखी वर्मा अपनी जरुरी काम से दिनांक 7 फरवरी 2023 को लोकवाणी केंद्र जा रही थी। रास्ते में मेरा बैग गिर गया। जिसमें जरुरी कागजात, 500 रुपये, राखी वर्मा व सुनील कुमार वर्मा एवं राजेश कुमार वर्मा के आधार कार्ड व हम तीनों के फोटो थे। कोई भी मेरे कागजातों का गलत दुरुपयोग करें तो उसे झूठा माना जाये।

**राखी वर्मा निवासी जटवारा जदीद, फर्रुखाबाद**

# जल्द दूर होगी ओवरलोड और गौवंश समस्याः मंत्री

▶ केन्द्र व प्रदेश सरकार करा रही विकास

चित्रकूट। समृद्धि न्यूज



**केन्द्र व** प्रदेश सरकार के अनुसार विकास कार्य हो रहे हैं। कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुआ है। अपराधों में कमी आई है। जिले में ओवरलोड़िंग और गौवंश की समस्या है। जिसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

गुरुवार को लोनिवि निरीक्षण गृह में प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में विकास को गति मिली है। कोरोना संकट में अन्य देशों की अपेक्षा भारत मजबूत है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास को सशक्त बजट 45 लाख करोड़ रुपए दिया है। 38 हजार शिक्षको की भर्ती जल्द होगी। पीएम ने रेल को विकसित करने के लिए योजना बनाकर बजट पेश किया है। उप्र का शेयर बढ़ा है। 40 हजार करोड़ निवेश में वृद्धि होगी। केन्द्र सरकार के बजट में किसान, युवा और गरीबों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय जनपद भ्रमण में अस्पतला निरीक्षण, चौपाल, समीक्षा बैठके की है। जिले में विकास दिखााई दे रहा है। ओवरलोड परिवहन और गौवंशों की समस्या है। इसमें सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, डीएम अभिषेक आनंद आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय की देखी व्यवस्था, छात्रों से की जानकारी

**चित्रकूट।** स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री व प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिवरामपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चो ने पिरामिड वर्गाकार बनाया। उन्होंने छात्रावास, कामन हाल, टायलेट, रसोई घर, खाद्यान्न स्टोर को देखो। उन्होंने कहा कि छात्रावास में रहने वाले छात्राओ के कमरों की सफाई व्यवस्था बनी रहे। मीनू के हिसाब से भोजन दिया जाए। प्रभारी मंत्री व जिलाधिकारी ने रसोई घर में बने दलिया को भी चखा। उन्होंने कविता मिश्रा इंचार्ज वार्डन से नाश्ता के बारे में जानकारी की। छात्रावास के रजिस्टर स्टाफ उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया। कक्ष संख्या आठ में छात्रों से विषय व विज्ञान की परिभाषा पूछी। कक्षा में उन्होंने बच्चों से खाना, नाश्ता, पानी के बारे में ब्योरा लिया। जिस पर उन्होंने संतुष्टि व्यक्त करते हुए सराहना भी की। इसके बाद उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र शिवरामपुर का निरीक्षण किया। रवि व ज्योति का अन्न प्राशन, सरोज, सविता को पोषाहार वितरण किया। बच्चों को केला दिए। कहा कि मीनू के हिसाब से पोषाहार वितरण किया जाए। प्रभारी मंत्री ने इंग्लिश मीडियम स्कूल शिवरामपुर प्रथम का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने कक्ष संख्या एक व दो के मॉडल क्लास भी देखें। बच्चों को पढ़ा कर जानकारी लिया। स्कूल में लाइब्रेरी में एक्टिविटी कराते रहने के लिए कहा। इसके पश्चात जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सीतापुर का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थापना से लेकर अब तक के संचालन को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. योगेशचंद्र दुबे, विधायक मानिकपुर अविनाशचंद्र द्विवेदी, जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, डीएम अभिषेक आनंद, सीडीओ अमृतपाल कौर, उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण बांदा राज बहादुर सिंह, जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, रवि त्रिपाठी, रामेंद्र गौतम, हरिओम करवरिया आदि मौजूद रहे।

## सहभोज में शामिल हुए प्रभारी मंत्री, बांटे स्वीकृत पत्र

**बोले मंत्री-पूर्ववर्ती सरकारों से भाजपा शासनकाल की जनता करें तुलना**



चित्रकूट। प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने लक्ष्मणपुरी मलिन बस्ती का भ्रमण व जन चौपाल लगाई। उन्होंने राहुल बराज सेक्टर अध्यक्ष भाजपा के घर सहभोज किया। जन चौपाल में मंत्री ने शालिनी, रानी की गोद भराई व हर्ष, अंकिता का अन्न प्राशन, पुष्टाहार वितरण किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दोबारा सरकार आई है। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि केंद्र व राज्य की परियोजनाओं का लाभ सबको मिले। प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़े। कहां कि 2017 से पहले व बाद के शासन में तुलना कर सकते हैं। पहले एक अपराधी के रूप में जनपद जाना जाता था। अब इस प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज है। मुख्यमंत्री के आदेश है कि किसी के खिलाफ अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार समस्याओं का समाधान के लिए कार्य कर रही है। इस दौरान मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तीन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व पीएम स्वनिधि के दो लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिया। तत्पश्चात उन्होंने रामघाट पर आरती पूजा किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## चौपाल में योजनाओं का किया सत्यापन, सुनी समस्याएं

**चित्रकूट।** सदर ब्लाक के पतौड़ा गांव के खेल मैदान में प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को जन चौपाल के माध्यम से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया। इसके बाद बुद्धू देवी, सीता देवी की गोद भराई, विकास, अभिषेक का अन्न प्राशन, पोषाहार वितरित किया। चौपाल में प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, दिव्यांग, विधवा पेंशन, सामुदायिक शौचालय, गांव में रास्ता, गौशाला, कन्या सुमंगला योजना, विद्युत विभाग, प्राथमिक विद्यालय, किसान सम्मान निधि, हैंडपंप रिबोर, नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग, संचारी रोग नियंत्रण, उज्जवला योजना आदि का सत्यापन किया। उन्होंने रामफल, जुगल किशोर, अरविंद व सुनील आदि ग्रामीणों से वार्ता कर जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में पानी का संरक्षण हो रहा है। प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। सौ प्रतिशत समाधान कराना सरकार का दायित्व है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत पत्र रामकरण, रामकेश, जगदीश, गोरेलाल, राजेंद्र प्रसाद, महेंद्र को वितरित किए। कार्यक्रम के समापन पर खंड विकास अधिकारी आस्था पांडेय ने आभार जताया। इस दौरान डीएम अभिषेक आनन्द, सीडीओ अमृतपाल कौर सहित संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### रुपये न देने पर महिला के साथ की मारपीट

**कुरावली।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला किन्नर निवासी महिला से रुपए मांगने पर मना करना महंगा पड़ गया। नाराज दबंग भाइयों ने महिला के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता द्वारा थाना में तहरीर दी गई है । ग्राम नगला किन्नर निवासी उमाकांत की पत्नी मुनेंद्र सिंह ने बताया 5 फरवरी को शाम 6 बजे के लगभग अपने घर पर थी तभी गांव के रामप्रकाश ,विजय प्रकाश पुत्रगण अरविंद कुमार आकर पांच हजार रुपये की मांग करने लगे। रुपये न होने पर उसने मना कर दिया। नाराज होकर दबंग भाइयों ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

### कलयुगी पुत्रों पर की गई कार्रवाई

**कुरावली।** क्षेत्र के अलग-अलग गांव में जमीन के बंटवारे तथा पारिवारिक कलह के चलते कलयुगी पुत्रो ने बुजुर्ग पिताओं के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो कलयुगी पुत्रो को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।नगर के मोहल्ला कुंवरपुर निवासी जितेंद्र प्रताप ने अपने पिता राजकुमार के साथ जमीन के बंटवारे को लेकर गाली गलौज कर मारपीट कर दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी जितेंद्र जितेंद्र प्रताप के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की। ग्राम खिरना कला निवासी रजनीश पुत्र राम स्वार्थ सिंह ने पारिवारिक विवाद के चलते पिता रामस्वार्थ के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई में पाबंद किया।

### उद्योगपति के खाते से उड़ाए 50 हजार

**चित्रकूट।** जिले के उद्योगपति विवेक अग्रवाल के बैंक खाते से ऑनलाइन 50 हजार रुपये उडा दिए गए। गुरुवार को उन्होंने बताया कि बैंक खाते से रुपये निकलने का मैसेज भी मोबाइल में नहीं आया। बुधवार को जब खाते में लेन देन हुआ तो इसकी जानकारी हुई। साइबर एक्सपर्ट अपराधियों ने खाते से रुपये उडा दिए हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक, कोतवाली व साइबर क्राइम निरोधक टीम को दी गई। कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### डिवाइडर से टकराई बोलेरो, चार घायल

**चित्रकूट।** सीतापुर चौकी क्षेत्र के रानीपुर भटट के पास तेज रफ्तार से जा रही बोलेरो अचानक डिवाइडर से टकरा गई। इसमें सवार मां-बेटे समेत चार लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायल तीर्थयात्री छतरपुर जिले के हैं जो चित्रकूट के मंदिरों में दर्शन करने आ रहे थे। छतरपुर के सरवई नाहंद निवासी देवी दयाल पुत्र बाला पटेल ने बताया कि वह रिश्तेदारों के साथ बुधवार को बोलेरो से चित्रकूट दर्शन करने आ रहे थे। जैसे ही रानीपुर भटट के पास पहुंचे तो चालक का नियंत्रण बिगड़ा और बोलेरो डिवाइडर से टकरा गई। इसमें उसके अलावा रिशू पटेल पत्नी संतोष, अर्पित पुत्र संतोष व सीमा पुत्री गुलाब पटेल घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### जिला महिला अस्पताल में स्किल वर्थ अटेंडटेंड प्रशिक्षण का शुभारंभ

**इटावा।** जिला महिला अस्पताल की हौसला ट्रेनिंग सेंटर में 21 दिवसीय स्किल बर्थ अटेंडेंट्स प्रशिक्षण का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कजली गुप्ता व आरसीएच नोडल डॉ बीएल संजय ने शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। सीएमएस ने बताया कि जच्चा-बच्चा की बेहतर देखभाल के साथ मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए यह प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिससे डिलीवरी रूम में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार स्किल्ड टीम जब काम करेगी तो प्रसव जटिलताओं कम किया जा सकता है। प्रशिक्षण दाता व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. यशमिता ने बताया कि मातृ शिशु मृत्यु दर रोकने के लिए व प्रसव की जटिलताओं को कम करने के संदर्भ में इस प्रशिक्षण में कई तकनीकी बिंदुओं पर गहनता से जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता सीपी सिंह ने बताया कि 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार जिला अस्पताल में 5 दिवसीय ट्रेनिंग होगी और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों को 16 दिन तक प्रथम संदर्भन इकाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना, जसवंतनगर व बसरेहर में प्रसव के दौरान उत्पन्न होने वाली जटिलताओं से निपटने के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। स्टाफ नर्स योगिता यादव, जसवंतनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम ललिता ने भी विचार रखे। प्रशिक्षण कार्यक्रम एसीएमओ व आरसीएच नोडल डॉ बीएल संजय,बाल रोग विशेषज्ञ डॉ गिरधारी व हॉस्पिटल मैनेजर सरताज, परिवार नियोजन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधक अमित विश्वकर्माएएनएम स्टाफ नर्स अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### सगी बहनों से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**नरैनी।** दो सगी बहनों के साथ छेड़खानी करने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 30 जनवरी को वह किसी काम से बांदा आ गया था। इसी दौरान पड़ोस के दो लोग आए और दोनो बहनों को अकेला पाकर उनके साथ छेड़खानी की और दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर दोनो युवकों ने बहनों के साथ मारपीट की। धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी अबरार और इमरान निवासी जमवारा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किसान ने फांसी लगाकर जान दी

**बांदा।** किसान ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतर्रा थाना क्षेत्र के चौरिहन पुरवा निवासी श्रीचंद्र (26) पुत्र शिवकुमार ने अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार की दोपहर कमरे के अंदर लकड़ी की बल्ली में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो मौके पर पहुंची पत्नी ने रोशनदान से झांककर देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था।

# देश एंव समाज के विकास में छात्रों की अहम भूमिकाः डा. एस.के.एस यादव

भोगांव। समृद्धि न्यूज

**नेशनल** महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की सात दिवसीय शिविर कें दूसरे दिन बिधालय के प्राचार्य डा0 एस के एस यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करने के उपरान्त आयोजित आत्म निर्भर ग्रामीण भारत युवा कौशल विकास महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण एंव साक्षरता की गोष्ठी मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित छात्र छात्राओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि केन्द्र एंव प्रदेश सरकार ग्रामीणो के लियें अनेकों योजनाये सचालित कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिये हर सम्भव प्रयास कर रही है। उन्होने कहा कि ग्रामीणों का विकास तभी सम्भव है जब शहरी क्षेत्र मे मिलने बाली सुविधाये ग्रामीण क्षेत्रो मे भी मिलनी शुरू हो जाये। उन्होने कहा कि छात्रो के जीवन मे अनुशासन की महती भूमिका होती है छात्र शिविर मे अनुशासित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर उसे अपने जीवन मे आत्मसात करके देश एंव समाज के विकास मे अपनी महती भूमिका का निर्वाह करे। ग्राम प्रधान पूरन सिंह शास्त्री ने छात्रो को जलते हुये दीपक की संज्ञा देते हुये कहा कि दीपक जब जलता है तो स्वयं मे बहुत कष्ट होता है लेंकिन उसके प्रकाश से सभी लोगो को रोशनी मिलती है। उन्होने छात्रो से आवाहन करते हुयें कहा कि बह इतना तपे कि देश एंव समाज को बिकास के पथ पर ले जाकर ही दम ले। डा0 कौशलेन्द्र दीखित ने कहा कि स्वयंसेवकों को साफ-सफाई और नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाने की आवश्यकता है जिससे छात्रो को नशा के बारे मे समुचित जानकारली मिल सके। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा9 राजकुमार सिंह ने छात्र छात्राओ से साफसफाई एंव श्रम दान करवाकर ग्रामीणो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करवाया। उन्होने कहा कि छात्र आत्मनिर्भर बनने के लिये सवसे पहले आत्मबल को मजबूत करें।

इस मौके पर डा. एके पाल, डा. आशारानी वर्मा, डा. एसके निमेष, डा. असीम कुमार यादव, डा. राजेश गुप्ता, डा. फ्तेह सिंह, डा. रनवीर सिंह, डा. अखिल सक्सेना, डा. कौशलेंद्र दीक्षित, डा0 गिरजा शाक्य, विनय राजपूत, मुकुल शर्मा, अशिका शाक्य, डा. आशुतोष, डा. आदित्य गुप्ता, सुशांत कुमार, मुनिराज, योगेश कुमार, मोहम्मद शेफ् विनय, सजय, पंकज आदि मौजूद रहे।

## चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने से व्यापारी नाराज

**इटावा।** व्यापार मन्डल के जिलाध्यक्ष अनन्त अग्रवाल, जिला महामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव, किराना समिति के अध्यक्ष त्रिलोकीनिथ केसरवानी, डा. आशीष दीक्षित, लाइन पार अध्यक्ष सतेन्द्र मिश्रा, शहर अध्यक्ष गुरु भेज सिह भेजा, रविशंकर अग्रवाल ने रोष जाहिर करते हुए कहा कि पांच दिन पूर्व थाना कोतवाली क्षेत्र के मकसूदपुरा मामा मील में स्थिति दीपक जैन की किराना की थोक दुकान, थाना फ्रैन्डस कालोनी क्षेत्र के अशोक नगर पूर्वी में गल्ला व्यापारी मोहन गुप्ता के घर चोरी हुई लेकिन पुलिस चोरों तक नही पहुंच पाई। अनन्त अग्रवाल ने कहा कि कानून व्यवस्था व व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में पुलिस एक बात पर जोर देती है कि व्यापारी अपनी दूकान पर सीसीटीवी लगवाये जबकि हर दूकान पर सीसीटीवी लगना सम्भव नही जहां लगे है पुलिस अधिकांश में घटना का पर्दाफाश नही कर पा रही है।

# अनुराधा सेवाश्रम महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनीं

**इटावा।** समूह में शक्ति होती है समूह द्वारा बड़े बड़े कार्य आसानी से सम्पन्न हो जाते हैं हमे मिलजुलकर सेवाभाव से सामाजिक धार्मिक आयोजन करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज बनना है। उक्त उदगार सेवाश्रम प्रमुख चौधरी अमित त्रिपाठी एडवोकेट ने हनी होम गेस्ट हाउस भरथना में सेवाश्रम कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राजेश पोरवाल ने तथा संचालन जिला महामंत्री राजेश यादव ने किया। बैठक में सेवाश्रम प्रमुख ने समाजसेविका और सेवाश्रम की जमीनी कार्यकर्ता अनुराधा जाटव को सेवाश्रम महिलामोर्चा का जिलाध्यक्ष और आरती सक्सेना को भरथना नगर अध्यक्ष मनोनीत किया । जिलाध्यक्ष अनुराधा जाटव ने कहा कि मातृ शक्ति के सम्मान और स्वाभिमान की बात करते हुए बे सेवाश्रम द्वारा चलाये जा रहे अभियान को गति देने के लिए तन मन धन से सम्पूर्ण प्रयास करेंगी । इस अवसर पर महिलामोर्चा की कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव, जिला मंत्री राजा गुप्ता, जिला सचिव अवधेश सविता, राजनारायण दुबे, पूर्व जिलाकोषाध्यक्ष वकॉल सिंह पाल, होशियार सिंह यादव पूर्व नगर अध्यक्ष, अवधेश यादव, राजकिशोर यादव, प्रदीप यादव, ब्रजेश पोरवाल, ऊषा मिश्रा, पुष्पा देवी, सुनीता, रागिनी सीमा देवी, जितेन्द्र कुमार सविता, दुष्यंत सविता, विवेक पोरवाल, सतेन्द्र सक्सेना, अजनेश यादव, लकी गुप्ता समेत बड़ी संख्या में सेवाश्रम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खनन विभाग व परिवहन विभाग के अधिकारियों ने की कार्रवाई

इटावा। समृद्धि न्यूज



खनन विभाग व परिवाहन विभाग द्वारा लगातार ओवरलोड मौरम से भरे वाहनों पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार की सुबह खनन विभाग व परिवाहन विभाग के अधिकारियों ने हाईवे के समीप से एक ओवरलोड वाहन को पकड़कर थाना पुलिस को सुपुर्द करने के साथ ही ओवरलोड डंफर को सीज किया।

गुरुवार की सुबह खनन अधिकारी इटावा प्रदीप राज व ए?आरटीओ इटावा ब्रजेश यादव ने ओवरलोड बालू से भरे वाहनों पर अभियान चलाया इसी क्रम में उन्होने एक ओवरलोड डंफर को मौके पर पकड़ लिया गया। और उक्त ओवरलोड वाहन को थाना पुलिस के सुपुर्द कर वाहन को सीज किया गया। इस संबंध में खनन अधिकारी प्रदीप राज ने बताया कि चैकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा गुरुवार की सुबह एक ओवरलोड मौरंम से भरा डंफर पकड़ा गया था जिसकों थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया था बाद उक्त वाहन को सीज करने की कार्यवाही की गयी थी। आगे भी अभिया?न लगातार जारी रहेगा।

# सुदिति के दो छात्रों ने सीए एवं दो छात्रों ने सीएमए फाउन्डेशन परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण

**मैनपुरी।** सुदिती ग्लोबल एकेडमी, मैनपुरी के 4 विद्यार्थियों ने कामर्स स्ट्रीम की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा सीए तथा सीएमए फाउन्डेशन 2023 में स्वर्णिम सफलता प्राप्त की है। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए सीए, सीएमए, सीएस, मैनेजमेन्ट आदि की प्रवेश परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं और उन परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोटा, दिल्ली, कानपुर, आदि विभिन्न स्थानों पर जाते हैं लेकिन शहर के विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में प्राप्त की गई सर्वोच्च शिक्षा पद्धति के अनुसार एवं विद्यालय प्रबन्धन तथा अध्यापकों के कुशल मार्ग निर्देशन में कक्षा बारहवीं की परीक्षा के उपरान्त ही इन परीक्षाओं में प्रतिभाग कर 2 छात्रों ने सीए एवं 2 छात्रों ने सीएमए फाउन्डेशन परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण करके यह सिद्ध कर दिया कि हम विद्यालय के कुशल मार्गदर्शन एवं अपने परिश्रम के आधार पर कहीं दूसरी जगह कोचिंग आदि के लिए न जाकर भी सफलता की श्रेणी में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। सीए फाउन्डेशन की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर चयनित होने वाले 2 विद्यार्थियों में सुधांशु गुप्ता एवं राज गुप्ता रहे। वहीं पर मानस दीक्षित एवं अक्षत गुप्ता ने सीएमए फाउन्डेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने जिले, विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है। सभी चयनित होने वाले छात्र-छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर हार्दिक बधाई देते हुए विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाचार्य डा. राम मोहन ने कहा कि सफलता ऐसे ही विद्यार्थियों को प्राप्त होती है जो पूर्ण रूप से कटिबद्ध होकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कठिन परिश्रम करते हैं। माँ सरस्वती का मन्दिर विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहाँ से सफलता के सभी द्वार अनायास ही खुलना शुरु हो जाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासनिक प्रधानाचार्य डा. कुसुम मोहन, प्रबन्ध निदेशक लव मोहन, उप प्रधानाचार्य जय शंकर तिवारी, अक्षय दीक्षित, कैलाश सेनापति, आलोक दुबे, रामवीर सिंह सहित समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी चयनित विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## आज से शुरू होगा फाइलेरिया अभियानः सीएमओ

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय फाइलेरिया कार्यक्रम को लेकर सीएमओ ने बताया कि 864 टीमें लगाई गई। 156 सुपरवाइजर हैं। आज शनिवार से इसकी शुरूआत होगी। गुरुवार को सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी ने कार्यालय में पत्रकारो से रूबरू होकर बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया अभियान का आज से शुभारंभ होगा जो 27 फरवरी तक चलेगा। इसके लिए 864 टीमें है। एक टीम में दो लोग रहेंगें। 156 सुपरवाइजर देखरेख करेंगें। नोडल अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि 0 से 2 वर्ष के बच्चों को एल्बेडाजाल की आधी गोली पीसकर दी जाएगी। दो वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को एक गोली, दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीईसी एक गोली, 5 से 15 वर्ष तक दो गोली, 15 वर्ष के ऊपर तीन गोली खिलाई जाएगी। टीमें घर-घर जाकर दवा खिलाएंगें। गर्भवती व गंभीर रोगों से ग्रसित लोगों को दवा नहीं दी जाएगी। खाली पेट दवा नहीं खाना है। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब ने कहा कि दवा से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाना है।

# अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित कर की जाए कार्रवाई : डीएम

बांदा। समृद्धि न्यूज

▶ एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स, अवैध खनन, परिवहन व ओवरलोडिंग संबंधी हुई बैठक

**जिलाधिकारी** दीपा रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय एन्टी भूमाफिया टास्क फोर्स एवं अवैध खनन, परिवहन व ओवर लोडिंग की रोकथाम किये जाने के लिए बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों एवं सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न विभागों की सरकारी जमीन, एवं ग्रीम समाज की जमीन, चारागाह, तालाब, चकरोड, खलिहान आदि पर अवैध कब्जा करने वालों को लेखपालों के माध्यम से चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन लोंगो के द्वारा एक ही जमीन को कई लोंगो को बार-बार फर्जी रूप से बेचे जाने, बिना लेआउट एवं बिना स्वीकृति के अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले एवं भूमाफियाओं को चिन्हित करते हुए कडी कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने लेखपालों के शिकायत रजिस्टर एवं भूमि सम्बन्धित विवादित प्रकरणों की समीक्षा किये जाने के निर्देश तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारियों को दिये। उन्होंने तहसील स्तरीय भूमाफिया टास्क फोर्स कमेटी की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने नगर पालिक एवं नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र में भूमाफियाओं पर कडी नजर रखते हुए उन्हें चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिचाई, वन व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाये, यदि कोई अतिक्रमण मिलता है तो तत्काल उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने अवैध खनन, परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाये जाने के निर्देश पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि ओवरलोडिंग करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि बिना लाइसेन्स व बिना नंबर वाले कोई भी वाहन संचालित न होने पाएं। इसके लिए अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जाए।



उन्होंने ओवरलोडिंग करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध खनन करने वालों की औचक चेकिंग किये जाने तथा अन्य प्रदेश से उप खनिज वाहनों में परिवहन प्रपत्र ईटीपी के अतिरिक्त उप्र में प्रवेश के लिए आईएसटीपी पास होना अनिवार्य है, इसको अवश्य चेक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि किसी भी दशा में नदी जलधारा में मशीनों द्वारा खनन नही होने पाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय-समय पर निरीक्षण कर अवैध खनन, परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, अपर जिलाधिकारी उमाकांत त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खनन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बने राजेश ओमप्रकाश महासचिव पद पर जीते

**बांदा।** अबकी जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष समेत सभी पदों पर प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला। आखिरकार अध्यक्ष पद पर राजेश दुबे उर्फ भैया जी और महामंत्री पद पर ओमप्रकाश सिंह गौतम ने अपने निकटतम उम्मीदवारों को पटखनी देते हुए बाजी मार ली। जबकि अधिवक्ता संघ के अन्य पदों में भी प्रत्याशियों के बीच कड़ी टक्कर हुई। इल्डर्स कमेटी ने संघ भवन सभागार में विजयी अधिवक्ता पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजीव सिंह, कोषाध्यक्ष रामभवन सिंह और संयुक्त सचिव प्रशासन पद में दिनेश गुप्ता ने भारी मतों से जीत दर्ज की। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजेश दुबे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी द्वारिकेश यादव मंडेला को 190 वोट से मात दे दी। उन्हें 516 मत मिले। जबकि प्रतिद्वंदी मंडेला को 326 वोट मिले। जयराज सिंह बछेउरा को 246 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। महासचिव पद में ओमप्रकाश सिंह गौतम विजयी रहे। उन्हें 447 वोट मिले। प्रतिद्वंदी रामप्रकाश शिवहरे 371 मत पाए। गोविंद प्रसाद त्रिपाठी को 175 मत, राममिलन पटेल को 142 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर रामभवन सिंह चुन्नी 432 मत पाकर विजयी घोषित किए गए। दूसरे नंबर पर रहे ब्रजेश को 385 वोटों पर ही संतोष करना पड़ा। इसी तरह वरिष्ठ उपाध्यक्ष में राजीव सिंह 679 मत पाकर विजयी रहे। जबकि प्रतिद्वंदी केशव यादव को 500 वोट मिले। संयुक्त सचिव प्रशासन में दिनेश गुप्ता ने एक तरफा जीत दर्ज की। उन्हें 896 वोट मिले। जबकि दूसरे नंबर रहे मो.जाहिद को 278 मत मिले। बुधवार को इल्डर्स कमेटी अध्यक्ष रामदयाल और सदस्यों ने विजयी प्रत्याशी अध्यक्ष राजेश दुबे भैया जी और महासचिव ओमप्रकाश सिंह गौतम सहित अन्य सभी को प्रमाण पत्र दिए। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# शिक्षा सुधार में आत्मशक्ति की आवश्यकता है: डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला शिक्षा एंव अनुश्रवण समिति की बैठक
- डीएम ने बैठक में कहा कि जिन अध्यापकों का कार्य आचरण सही न पाया जाये, ऐसे अध्यापकों पर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए


बैठक में डीएम व सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला शिक्षा एंव अनुश्रवण समिति की बैठक में कहा कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत यह सुनिश्चित किया जाये कि 19 पैरामीटर के तहत जिन विद्यालयों में जो कार्य हुये है, और जो होना शेष है, उनको डेस्क बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाये। कहा कि ब्लाक स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में कमजोर विद्यालयों, लापरवाह अध्यापकों, कमजोर छात्रों को चिन्हित किया जाये तथा जिस विषय में छात्र कमजोर हैं उसकी भी सूची तैयार करें, ताकि उस विषय के अध्यापक द्वारा विद्यालय पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। उन्होनें कहा कि जिन अध्यापकों का कार्य आचरण सही न पाया जाये, ऐसे अध्यापकों पर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

बैठक में बताया गया कि जनपद में 33 एआरपी अध्यापकों को उनकी स्वेच्छानुसार लगाया गया है। डीएम ने कहा कि जिन एआरपी अध्यापकों का कार्य आचरण ठीक न हो उनके स्थान पर किसी दूसरे अध्यापक को लगाया जाये तथा स्मार्ट क्लासों पर विशेष ध्यान दिया जाये। श्री शुक्ल ने कहा कि कक्षा 3 तक के सभी बच्चों के पढ़ने, लिखने और संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान मिशन निपुण भारत प्रारम्भ किया गया है। निपुण में सभी को लगनशील बनने की आवश्कयता है बिना लगन के स्थिति कमजोर होगी। उन्होनें कहा कि शिक्षा सुधार में आत्मशक्ति की आवश्यकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी समेत सम्बंन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिये सम्मानित हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी

- भारतीय पत्रकार जन समिति के जिलाध्यक्ष नें प्रशस्ति पत्र भेंट किया

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**सामाजिक** उत्थान के कार्यों के लिये जनपद कन्नौज ही नहीं बल्कि पडोसी जनपद फर्रूखाबाद की आवाम के दिलों पर राज करनें वाले पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी को फर्रूखाबाद के युवा पत्रकार एवं भारतीय पत्रकार जन समिति के जिलाध्यक्ष तौफीक फारूखी नें प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। गुरूवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास कार्यालय पर पत्रकार साथियों के साथ पहुंचे भारतीय पत्रकार जन समिति के जिलाध्यक्ष तौफीक फारूखी नें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित करनें के उपरान्त कहा कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नें कोरोनाकाल में सभी वर्गो के लोगों की मदद करनें का कार्य किया है। जिसे दोनों जनपदों की जनता कभी भी भूल नही सकेगी। उन्होनें युवाओं को बुराई का मार्ग छोडकर अच्छाई के मार्ग पर चलनें के लिये सदैव प्रेरित किया है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी ने कहा कि हमें हमारे पूर्वजों द्वारा सिखाया गया है कि जब हम किसी के साथ अच्छा करेंगे तो हमारे साथ भी अच्छा होगा। इस अवसर पर तमाम पत्रकार मौजूद रहे।


पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को सम्मानित करते मीडिया कर्मी

# खबरें चलते-चलते

## ट्रेन के आगे कूदा कैंसर पीड़ित अधेड़ हुआ घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित अधेड़ ने छपरा एक्सप्रेस के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा गंभीर रूप से घायल अधेड़ को इलाज के लिए एंबुलेंस की सहायता से तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां हालत चिंताजनक होने के कारण पड़ोसी जनपद कानपुर रेफर कर दिया गया। गुरुवार की दोपहर ग्राम मुरादगंज के निकट अधेड़ ने फर्रुखाबाद की ओर जा रही छपरा एक्सप्रेस के आगे कूदकर जान देने का प्रयास किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे मझपुरवा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पाल ने घायल अधेड़ की जेब में रखी पर्ची से पहचान हुई। जिसमें गुड्डू व मोबाइल नम्बर लिखा था। पता करने पर परिजनों ने बताया कि घायल थाना छिबरामऊ के मोहल्ला बजरिया निवासी 50 वर्षीय मदन मुरारी गुप्ता पुत्र राजबहादुर गुप्ता है। इसके बाद उन्होंने एंबुलेंस की सहायता से घायल अधेड़ को इलाज के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां हालत चिंताजनक होने के कारण पड़ोसी जनपद कानपुर रिफर कर दिया गया। घायल अधेड़ के पुत्र ने बताया कि उसके पिता कैंसर जैसी घातक बीमारी से ग्रस्त चल रहे हैं।

## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत,युवक घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित गति से आ रही डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार वृद्ध की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें ग्रामीणों की सहायता से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक वृद्ध के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी वरुण पुत्र रामकिशोर शर्मा द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 17 जनवरी की शाम उसके पिता रामकिशोर शर्मा एवं भाई संजय बाइक पर सवार होकर घर की ओर जा रहे थे। जैसे ही मलिकपुर स्थित केजीएन बीज भंडार के सामने पहुंचे तभी अनियंत्रित गति से आ रही डीसीएम के अज्ञात चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि भाई संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के पुत्र की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## युवक से मारपीट कर तोड़ा मोबाइल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते एक युवक के साथ गांव के ही तीन लोगों ने अभद्रता व मारपीट करना सिर्फघायल कर दिया। बल्कि मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम धुखरी नगला निवासी रामकिशोर पुत्र नारायण शंकर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती शाम वह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के ही सहेलू, देवेंद्र, रजनीश आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और उसका मोबाइल फोन भी तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते एक महिला के साथ परिवार की ही एक अन्य महिला ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अफसरी निवासी सबीना बेगम पत्नी चंगेस द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार की दोपहर अपने घर में थी। तभी रंजिश के चलते परिवार की एक महिला आई और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घुसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## दूसरे की जमीन दिखाकर आवंटित कराया आवास

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** महिला की भूमि पर परिवार के ही एक अन्य महिला द्वारा अपनी भूमि दर्शा कर आवास आवंटित करवा दिया। पीड़िता ने खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट निवासी श्यामा दुबे पत्नी स्वर्गीय आदित्य कुमार द्वारा खंड विकास अधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि उसकी भूमि आबादी में है। जिसमें परिवार की महिला न अपने नाम से ब्लॉक में आवास आवंटित कराकर उसके भूमि पर निर्माण कार्य करा रहा है। पीड़ित ने निर्माण कार्य रुकवाने सहित मामले की जांच करा कर कार्रवाई की मांग की है।

## पैर फिसलने से किशोर नदी में डूबा, मौत

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** पिता के साथ खेत पर गया एक किशोर नदी में डूब गया। पुलिस ने नदी से शव निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा उस समय हुआ, जब किशोर नदी के किनारे खड़े होकर मोबाइल में गेम खेल रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और नदी में डूब गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरौली निवासी जयवीर बाथम नदी किनारे अपने खेत में काम करने के लिए परिजनों के साथ गया था। वह खेत में काम करने लग गया वहीं उसका 12 वर्षीय पुत्र आदित्य उसका मोबाइल लेकर गेम खेलने लग गया। नदी किनारे खडे होकर गेम खेलते वक्त उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। किशोर को नदी में गिरता देखकर आसपास खेतों में काम रहे लोग उसे बचाने क दौड़े, लेकिन असफल रहे। जिसके बाद गांव से गोताखोरों को बुलाया गया, लेकिन गोताखोर जब तक उसे बाहर निकालते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि काली नदी की धार एक छोर को छूते हुए निकल रही है। जिस कारण उस जगह पर काफी कटान हो गया। मिट्टी धंसकने के कारण खतरा बना रहता है। ऐसे में किशोर के नदी में गिरने से वह पानी में चला गया, काफी मशक्कत के बाद गोताखोर उसे बाहर निकाल सके, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। घटना को लेकर परिजनो में कोहराम मचा हुआ है।

## सरकार की उपलब्धियों को प्रभारी मंत्री ने गिनाया

**कन्नौज।** जिले की प्रभारी मन्त्री ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता के दौरान सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि सरकार लोगों की भलाई के लिए काम कर रही हैं। दूसरे दलों के नेता उन कार्यों से ध्यान भटकाने के लिए कभी रामचरितमानस तो कभी जातियों को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है। वर्ष 2029 तक जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को बताई बजट की खूबियां

- मन्त्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि बजट के बारे में लोगों को करें जागरुक, प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाये

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जिले के** भ्रमण पर आई उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी गुरुवार को राजकीय मेडिकल कालेज में आयोजित अमृत काल बजट संगोष्ठी में पहुंची और भाजपा कार्यकर्ताओं को बजट को लेकर जानकारी दी। उन्होने सभी कार्यकर्ताओं से लोगो को बजट के बारे में जागरुक करने की अपील भी की। गुरुवार को राजकीय मेडिकल कालेज में अमृत काल बजट संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मे पहुंची उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी का कार्यक्रम आयोजकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद राज्यमंत्री भाजपा कार्यकर्ताओं से रुबरु हुई। उन्होने बजट को लेकर कहा कि इस बजट में महिलाओं के लिए तमाम तरह की योजनाए है। जिसमें मुख्य बचत योजना है। जिससे महिलाओं को अधिक लाभ मिल सकेगा। उन्होने कहा कि बजट में सभी वर्गो के लोगो को ध्यान रखा गया है। इसके अलावा उन्होने सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगो तक पहुँचाये। इस मौके पर विधायक कैलाश राजपूत, जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, प्रिया शाक्य, श्यामू राजपूत, शरद मिश्रा रामवीर कठेरिया, हरिबक्स सिंह, शैलेन्द्र द्विवेदी, वीर सिंह, अशोक सिंह, अभिमन्यु, जीतू तिवारी, मिथलेश बाथम, नेहा त्रिपाठी, शिल्पी भारती, शिवा चतुर्वेदी समेत गणमान्यजन मौजूद रहें।



कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करतीं शिक्षा राज्यमन्त्री रागनी तिवारी

# छात्राओं को सिखाएं गए सुरक्षा के गुर

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़**

**गुगरापुर** ब्लॉक क्षेत्र के श्री देव दरबार धन्ना सिंह इंटर कॉलेज करीमपुर में मनोरथपुर स्थित जय गुरुदेव इंडेन गैस सर्विस के द्वारा सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन किया गया। जिसमें गैस एजेंसी संचालक ऋषभ गोयल के द्वारा गैस सुरक्षा के बारे में छात्राओं को गैस सुरक्षा उपाय की जानकारी दी। जिसमें बताया गया की गैस चूल्हे को सिलेंडर से 6 इंच समतल जगह पर रखना चाहिए तथा एलपीजी होज पाइप को हर 5 साल में बदलना चाहिए। जिससे दुर्घटनाओं में कमी आती है। सुरक्षा होज पाइप अपने वितरक से ही खरीदें। गैस चूल्हा सिलेंडर में कोई दिक्कत आने पर 1906 टोल फ्री नंबर पर कॉल करें या अपने वितरक से संपर्क करें। इस दौरान प्रधानाचार्य सुनील कुमार कटियार,प्रबंधक प्रशांत यादव समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


छात्राओं को सुरक्षा के बारे में जानकारी देते गैस एजेंसी संचालक

# श्रीराम जन्म की कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता




**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़**

**श्रीमद्भागवत** कथा के पांचवें दिवस कथावाचक ने श्रोताओं को राम जन्म की कथा विस्तार से सुनाई। कथा को सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम नेकपुर कायस्थ में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिवस कथावाचक आचार्य अम्बे शरण जी महाराज ने भगवान राम जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि अयोध्या के सूर्यवंशी राजा,चक्रवर्ती सम्राट दशरथ ने पुत्र की कामना से यज्ञ कराया जिसके फलस्वरूप उनके पुत्रों का जन्म हुआ। श्रीराम का जन्म देवी कौशल्या के गर्भ से अयोध्या में हुआ था। श्रीराम जी चारों भाइयों में सबसे बड़े थे भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने बताया भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। रामकथा मे पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा के लिए अमर है। कथावाचक द्वारा भागवत कथा का मनमोहक वर्णन किया गया।रामजन्म होते ही श्रोताओं ने तालियां बजाकर भगवान राम के जयकारे लगाए तथा पुष्प वर्षा की जन्म होते ही अयोध्या में अयोध्यावासी हर्षित हो गए वहीं भक्तों ने भक्ति भाव से कथा का रसपान किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुशील कुमार,श्याम बिहारी चौवे,मुकेश कुमार,दिलीप कुमार,कमलेश कुमार,कुलदीप कुशवाहा समेत सैकड़ों की संख्या में श्रोता गण मौजूद रहे।

# अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता हमेशा बनाये रखी जाए: रजनी तिवारी

- जिले के भ्रमण पर आई प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने स्कूल, चिकित्सालय व वन स्टाप सेन्टर का किया निरीक्षण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**दो दिवसीय** भ्रमण पर आई जिले की प्रभारी मन्त्री एवं प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने गुरुवार को नगर पालिका परिषद कन्नौज के वार्ड नंबर 23 के मोहल्ला ग्वाल मैदान व शहर स्थित विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर में स्थित वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था देखी तथा नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश। वार्ड नम्बर 23 के निवासियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं भी सुनी तथा कहा कि देश की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर रही है। सभी कार्य पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से निस्तारित किए जा रहे हैं। गुरुवार को जिले की प्रभारी मन्त्री ने शहर स्थित विनोद दीक्षित अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था देखी। साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। उन्होंने औषधि भंडारण में जाकर औषधि की उपलब्धता देखी। उन्होंने कहा कि दवाइयों की उपलब्धता हमेशा बनाये रखी जाए। कोई भी मरीज बाहर से दवाई नहीं लेगा, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए । उन्होंने महिला वार्ड में जाकर जच्चा- बच्चा का कुशल क्षेम जाना। मंत्री ने राजकीय महिला महाविद्यालय के निरीक्षण दौरान शौचालय में गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। शौचालय का दरवाजा मरमत योग्य होने पर यथाशीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सरायमीरा के निरीक्षण दौरान शिक्षा की गुणवत्ता परखी। 3 छात्रों से वर्तमान प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्य मंत्री तथा जनपद के सांसद का नाम बताने को कहा। एक छात्र द्वारा सटीक उत्तर दिया गया किंतु 2 छात्र संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। विद्यालय में गंदगी मिलने पर नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कृमि की वजह से बच्चों में हो जाती है खून की कमी: सीएमओ

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज**

- जिले में अभियान चलाकर 1 से 19 वर्ष तक के 8 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी पेट से कीड़े निकालने की दवा
- अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग समेत शिक्षा विभाग तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग और पंचायतीराज समेत 11 विभागों की ली जाएगी मदद

**जिले** में 10 फरवरी शुक्रवार से कृमि मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए दो चरणों में एक साल से 19 साल की उम्र तक के कुल 8 लाख बच्चे व किशोरों को पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई जाएगी। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा, बाल विकास एवम पुष्टाहार विभाग और पंचायती राज समेत 11 विभागों की मदद ली जाएगी। अभियान की सफलता के लिए एएनएम, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षित किया जा चुका है। दूसरा चरण 13 फरवरी से 15 फरवरी तक चलेगा जिसमें किसी कारणवश छूटे हुए बच्चों को दवा खिलाई जायेगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद कुमार ने बताया कि स्थानीय 1615 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से एक वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चों को दवा दी जाएगी जो आंगनवाड़ी केन्द्र पर पंजीकृत हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों में छह से 19 वर्ष तक के किशोर-किशोरियों को दवा खिलाएगी। इसमें संबंधित स्कूल के शिक्षकों को भी जोड़ा गया है। सीएमओ ने कहा कि पेट में मौजूद कृमि बच्चों के शारीरिक और बौद्धिक विकास में बाधक होते हैं। यह हमारे शरीर के पोषक तत्वों को खा जाते हैं जिससे बच्चे एनीमिया ( खून की कमी ) के शिकार हो जाते हैं। इसलिए हमें अपने बच्चों को छह माह के अंतर पर चलने वाले अभियान के दौरान पेट से कीड़े निकालने की दवा जरूर खिलानी चाहिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ एके जाटव ने बताया कि एल्बेंडाजोल की गोली चबाकर खानी है। एक से दो वर्ष तक के बच्चों को 200 मिग्रा, यानि आधी गोली पीसकर और 2 से 3 वर्ष तक के बच्चों को 400 मिग्रा यानि पूरी गोली पीसकर खानी है। 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को 400 मिग्रा, यानि पूरी गोली चबाकर खानी है। टीम दवा अपने सामने खिलाएगी। किसी भी बच्चे या परिजन को बाद में खाने के लिए नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्दी, खांसी, बुखार व सांस लेने में तकलीफ होने पर दवा नहीं दी जाएगी। यदि बच्चे या परिवार के सदस्य को कोविड संक्रमण है तो क्वारंटीन अवधि समाप्त होने के बाद ही दवा खिलाई जाएगी। एसीएमओ ने बताया कि अभियान के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत एक से पांच वर्ष तक के बच्चों और छह से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों और घूमंतु व ईट भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिकों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से तथा छह से 19 वर्ष तक के स्कूल जाने वाले बच्चों को शिक्षकों के माध्यम से और किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की जनपद सलाहकार रागिनी सचान ने बताया कि पिछले वर्ष जुलाई माह में चले अभियान के दौरान 5,66,536 बच्चों ने ही इस दवा का सेवन किया था। इस बार सभी 8 लाख बच्चों को दवा खिलाने का भरसक प्रयास किया जायेगा।


सीएमओ डा. विनोद कुमार

**आठ लाख बच्चों को दवा खिलाए जाने का है लक्ष्य**

जनपद सलाहकार रागिनी सचान ने बताया कि जिले में 1615 आंगनवाड़ी केन्द्र, 1556 प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय और इंटर कॉलेज, 175 मदरसा और 844 निजी स्कूलों और कालेजों में पंजीकृत बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाई जायेगी। कन्नौज शहर में 2,878, कन्नौज ग्रामीण में 54,056, सीएचसी गुगरापुर में 18,487, जलालाबाद में 57,113, तालग्राम में 1,12,127, छिबरामऊ में 1,07,610, सौरिख में 87,554, हसेरन में 32,245 और उमर्दा ब्लॉक के अंर्तगत 1,29,716 बच्चों को पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई जायेगी।

## नाली के विवाद में युवक को पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** नाली के विवाद को लेकर एक युवक के साथ परिवार के ही 4 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम गोहनाखेड़ा निवासी सत्यभान पुत्र श्रीकृष्ण तिवारी द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बुधवार की शाम घर के बाहर बैठा था। तभी परिवार के ही 4 लोग आए और नाली के विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

**आवश्यकता है**

**अमतुन्ना बानो महिला महाविद्यालय रामगंज, गुरसहायगंज जनपद कन्नौज**
**(छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से संबद्ध)**

बीएड संकाय व स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के लिए जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित तथा कला संकाय के लिए गृह विज्ञान हेतु सहायक आचार्य की आवश्यकता है। योग्यता व वेतन यूजीसी तथा एनसीटीई के मानक अनुसार।

ईमेल:-abmdc.g@gmail.com मोबाइल:-9452739230

# फोन नम्बर मांगने पर छात्राओं ने मनचले को जमकर पीटा

▸ वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल



युवक की पिटाई करतीं छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मनचले युवक को कोचिंग पढ़कर लौट रही छात्राओं से मोबाइल नम्बर मांगना उस समय भारी पड़ गया जब छात्राओं ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

जानकारी के अनुसार शहर की सिंधी कालोनी के निकट कुछ छात्राएं कोचिंग पढ़कर वापस लौट रही थी, तभी रास्ते में एक सड़कछाप मजनू उन पर छींटाकसी करने लगा और मोबाइल नम्बर मांगा। जिस पर छात्राएं उससे भिड़ गयी और उसकी जमकर खबर लेते हुए धुनाई कर दी। लात-घूसों से छात्राओं ने मनचले को खूब सबक सिखाया। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने के बाद नगर में चर्चा का विषय बनी रही।

# निरीक्षण के दौरान पुरानी किताबें देख एडी बेसिक का चढ़ा पारा

▸ मंडलीय टीम ने सलेमपुर त्योरी, फतनपुर के विद्यालय में परखी शिक्षा



अभिभावकों से जानकारी करती मंडलीय टीम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड नवाबगंज में मंडलीय टीम ने पहुंचकर विद्यालयों की गुणवत्ता परखी, तो काफी खामियां सामने आयीं।

ग्राम पंचायत सलेमपुर त्योरी में मंडलीय टीम ने पहुंचकर पंचायत घर में एकत्रित हुए ग्रामीणों से जानकारी की और पूछा कि सरकारी कर्मचारियों द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है या नहीं। एडी बेसिक शिक्षा ने प्राथमिक विद्यालय फतनपुर में भी पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान छात्रों के पास पुरानी किताबें देख उनका पारा चढ़ गया और प्रधानाध्यापक प्रताप नारायण से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडी बेसिक एसईआरईडी तथा प्रोवेशन अधिकारी एमओआईसी यूनिसेफ सहायक सांख्यिकी अधिकारी तथा प्रभारी विकास खंड अधिकारी प्रवेश राजपूत, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, नियोजन विभाग इंदल सिंह, ग्राम सचिव रविंदर सिंह, फतनपुर के ग्राम सचिव अनुपम बाजपेई सहित विकास खंड तथा शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# *बोर्ड परीक्षा:* अध्यापक नहीं ले सकेंगे छात्राओं की तलाशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केंद्र बने विद्यालयों के अध्यापकों का सचल दल गेट पर प्रवेश से पूर्व परीक्षार्थियों की संघन तलाशी लेगा। छात्राओं की तलाशी पुरुष नहीं ले सकेंगे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के निदेशक महेन्द्र देव के निर्देशानुसार छात्राओं वाले परीक्षा केंद्र पर सचल दल में पुरुषों के साथ एक महिला शिक्षिका को भी रखा जाये जो छात्राओं की तलाशी लेंगी। किसी भी दशा में पुरुष शिक्षक छात्राओं की तलाशी नहीं लेंगे। इसके साथ ही परीक्षा सत्र में सचल दल के सदस्य, पर्यवेक्षक, राज्य अधिकारी ही प्रवेश कर सकेंगे। अन्य का परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित रहेगा।

### स्वजन के परीक्षा केंद्र पर नहीं लगेगी ड्यूटी

माध्यमिक शिक्षा सचिव के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र पर शिक्षक-शिक्षिका की ड्यूटी लगाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि शिक्षक या शिक्षिका का कोई खास संबंधी परीक्षा न दे रहा हो। इसकी सूचना डीआईओएस को भेजी जाये।

### बोर्ड परीक्षा में तैनात होंगे तीन हजार कक्ष निरीक्षक

बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक के रुप में तीन हजार शिक्षक-शिक्षिकाओं की तैनाती की जायेगी। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के करीब 1600 शिक्षकों की ड्यूटी भी शामिल है। डीआईओएस ने बेसिक शिक्षाधिकारी को मांग पत्र भेजकर 1600 शिक्षकों की मांग की है। गौरतलब है कि बोर्ड परीक्षा में 28188 हाईस्कूल व 23109 इंटर के परीक्षार्थी पंजीकृत है।

# लेखपाल पर 5 लाख रुपये मांगने का आरोप, शिकायत डीएम से



डीएम कार्यालय के बाहर खड़े पीड़ित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विरासत दर्ज करने के नाम पर पांच लाख रुपये रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शांति देवी पत्नी नत्थू लाल निवासी सादिकपुर शुकरुल्लापुर मूल निवासी गढ़िया ढिलावल ने जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि उसके पिता रामलाल पुत्र कुंजीलाल निवासी मौज ढिलावल के मजरा गढ़िया की दो पुत्रिया कांति देवी व शांति देवी है। त्रुटिवश ग्राम के अभिलेखों में सिर्फ कांति देवी का नाम दर्ज हो गया था। दूसरी बहन शांति देवी ने शिकायती पत्र में कहा कि उसने विरासत दर्ज करने के लिए कार्यवाही की तो संबंधित लेखपाल प्रवीण दुबे 5 लाख रुपये मांग रहे है। कुछ वर्ष पहले भी लेखपान का रिश्वत मांगते हुए ऑडियो वायरल होने पर उन्हे निलंबित कर दिया गया था। पीड़िता ने ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र में दिया और आरोपी लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जनपद कन्नौज थाना बिशनगढ़ के ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी नीतू पुत्र राजेंद्र, ज्ञानू पुत्र रामअवतार, संजय पुत्र रामरूप के साथ बाइक से फतेहगढ़ बहन के घर भांजी के नामकरण संस्कार में गये थे। वापस घर जाते समय खेशपुर के सामने से आ रही एक अन्य बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। संजय की हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया।

# विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपया का फर्जीवाड़ा

▸ उच्च स्तरीय जांच कराने के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्य के नाम पर गलत तरीके से लाखों रुपये निकाल लिये जाने के मामले में उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में ग्रामीण ने की।

दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया गया कि विकास खण्ड कमालगंज की ग्राम पंचायत बर्ना बुजुर्ग में फर्जी विकास कार्य दिखाकर लाखों की धनराशि निकाली गई। कायाकल्प योजना की आड़ में एक ही कार्य के अलग-अलग नामों से एक से अधिक बार पैसा निकाल लिया गया। वर्ष 2019-20 में कमलेश के घर से सुरेश के घर तक नाला निर्माण के नाम से 2लाख 50 हजार रुपये फर्जी तरीके से निकाला गया। फर्जी वर्क आइडी बनाकर 50 हजार रुपये निकाल लिये गये। तालाबों के जीर्णोद्वार के नाम पर डेढ़ लाख रुपया निकाल लिया गया। जाल कार्य के लिए 48 हजार रुपये निकाला गया। बिजली की फिटिंग के नाम पर 79900 रुपये, प्रशासनिक कार्य व्यय के नाम पर 1 लाख 10 रुपये तथा 85600 रुपया अलग-अलग निकाला गया। मेड़बंदी के नाम पर 57 हजार रुपये निकाल लिया गया। मिट्टी भराव के नाम से 1 लाख रुपये, खड़ंजा के मरम्मत के नाम पर 1 लाख 57686 हजार रुपये, दो बार 464925 रुपये निकाल लिये गये। वित्तीय वर्ष 2020-21 में लाखों रुपये अलग-अलग कामों के नाम पर निकाले गये है, जो की फर्जी है। इस बात की शिकायत पहले भी की जा चुकी है, लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। विकास कार्यों के नाम पर किये गये भारी घोटाले की जांच उच्च स्तरीय से कराये जाने की मांग आलोक कुमार ने की है।

# शराबियों ने दंपत्ति को पीटा, मुकदमा दर्ज

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम अमैयापुर पश्चिमी निवासी अवनीश पुत्र राजेंद्र राजपूत ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 8 फरवरी को समय 7 बजे शाम को अपना बकरा खोलने गया था। उसी समय शराब के नशे में कमला पुत्र सुरेंद्र व धर्मेंद्र पुत्र सुरेंद्र राजपूत आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये पत्नी धनदेवी को पीट दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

### बाइक लोडर से टकरायी दो घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** दावत खाकर घर वापस लौटते समय बाइक लोडर से टकरा गई। जिससे दो लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। शहर कोतवाली बूरावाली गली निवासी विकास गुप्ता, राज दीपक पाण्डेय के साथ बाइक से शमशाबाद दावत खाकर वापस लौट रहे थे। चिलसरा मार्ग पर ग्राम छिछोनापुर पट्टी के निकट बाइक अनियंत्रित हो गई और लोडर में टकरा गई। जिससे दोनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गये।

# *मेरा आंगन मेरे बच्चे*, कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हमारा आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम में सम्मानित होते बच्चे

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को तालियां बजाने पर मजबूर किया। कार्यक्रम में निपुण लक्ष्य हासिल कर चुके बच्चों के साथ उनके शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख फतेहचंद्र राजपूत, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अवनीश चौहान, के0पी0 सिंह, कदीर अहमद, सतीश मिश्रा, बलवीर सिंह, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सहित सैकड़ों शिक्षकों, अभिभावकों ने भाग लिया।

# बीएसजी ज्ञान प्रमाण पत्रों का हुआ वितरण



बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र के साथ मौजूद छात्र, साथ में शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में रामानंद बालक इंटर कालेज के पांच छात्र अपना स्थान बनाने में कामयाब हुए। प्रधानाचार्या डॉ0 धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। एचडब्लूबी डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव ने बच्चों के इसके महत्व को बताया तथा सत्र 2023 के बीएचजी ज्ञान प्रतियोगिता के लिए छात्रों को प्रेरित किया। छात्र उदयभान सिंह, प्रबल शाक्य, गौरव शाक्य, आदर्श एवं अमितेष सिंह को प्रमाण पत्र दिये गये। प्रधानाचार्या राखी त्रिवेदी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए हौसला आफजाई की। डॉ0 जितेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह छात्र मेहनत करते रहें। जिससे विद्यालय का नाम रोशन हो। इस मौके पर सभी शिक्षकों ने पांचों छात्रों को बधाई दी।

# उत्कृष्ट जन चिकित्सा सेवा के लिए डॉ0 नवनीत गुप्ता सम्मानित



चिकित्सक नवनीत गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देते हर्ष दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा महोत्सव समिति द्वारा जनपद के राजकीय चिकित्सालय लिंजीगंज के डॉ0 नवनीत गुप्ता को कोरोना काल एवम् माघ के मेला राम नगरिया में किए गए उत्कृष्ट जन चिकित्सा सेवा के लिए उत्कृष्ट जन सेवा सम्मान समिति के प्रतिनिधि हर्ष दुबे द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने हर्ष दुबे से कहा कि गरीब लोगो को निःशुल्क नेत्र परीक्षण देंगे एवम् उनके इलाज़ में भारी छूट प्रदान करेंगे।

# सेंट पीटर्स प्रीपेटरी स्कूल में लगा निःशुल्क दन्त एवं नेत्र परीक्षण शिविर




बच्चों का दंत परीक्षण करते डा0 निखिल प्रशाद

▸ शिविर में 145 छात्र-छात्राओं ने दन्त एवं नेत्र परीक्षण कराया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेमोरियल मिशन हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क दन्त एवं नेत्र परीक्षण का आयोजन सेंट पीटर्स प्रीप्रेटरी स्कूल में किया गया। जिसमें दन्त रोग चिकित्सक डॉ0 निखिल प्रसाद एवं डॉ0 निशांत मैसी व ऑप्टोमेट्री स्टूडेंट सचिन और मोहित एवं नर्सिंग स्टूडेंट रश्मी शाक्य और पूनम पाल की देखरेख में शिविर का आयोजन हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता प्रसाद ने पूर्ण सहयोग दिया। जिसमें 145 छात्र-छात्राओं का दन्त एवं नेत्र परीक्षण किया गया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं को चिकित्सक ने आवश्यक परामर्श दिया। जिसमें प्रबंधक अनिल प्रसाद ने पूरी टीम का सहयोग एवं धन्यवाद करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया तथा इस शिविर में स्कूल के अध्यापक सी0वी0 पीटर, मोहित सिंह, इरफान खान, प्रशाली, मंजू जेम्स और मॉरीसन दयाल का भी सहयोग रहा।

# लोक अदालत: प्रचार वाहन को डीजे ने दिखायी झंडी



लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाते न्यायिक अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश अश्वनी कुमार त्रिपाठी ने 11 फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर न्यायालय परिसर से रवाना किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल, लघु, फौजदारी, चकबंदी, बैंक वसूली, प्रिलिटिगेशन आदि के मामलों का निस्तारण वृहद स्तर पर किया जायेगा। जिसको व्यापक बनाने के लिए प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही सभी अधिवक्ता व वादकारी से अपील की गयी कि लोक अदालत को सफल बनायें। इस मौके पर अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य, अपर जिला जज द्वितीय महेंद्र सिंह, अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण त्यागी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवम सिंह,अपर जिला जज नरेंद्र प्रकाश व बैंक अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, दिनेशचंद्रा, राम सिंह मौर्या, शैलेंद्र शुक्ला, मोहम्मद एच.ए.सैफी के अलावा न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्तागण पक्षकारी व वादकारी मौजूद रहे।

# चॉकलेट फीकी लगती है तेरी एक मुस्कान के आगे




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फरवरी का महीना उत्साह व उमंग से भरा होता है। 07 फरवरी से 14 फरवरी तक पीक सप्ताह के अंतर्गत लोग अपने पार्टनर एवं मित्र व सगे संबंधी को भी चॉकलेट भेंट कर इस दिवस को चॉकलेट-डे के रुप में मनाते हैं। चाहें आप किसी रिश्ते में हों या अविवाहित या सप्ताह प्यार और खुशियां फैलाने और उन लोगों की सराहना की अवसर है। आज के दिन लोग अपने मित्र, सगे संबंधी, बच्चों एवं माता पिता के साथ अपने पार्टनर को भी चॉकलेट देकर खुशी का इजहार करते हैं। युवा व युवतियां इस दिन का बेसब्री से साल भर इंतजार करती हैं और इस दिवस पर चॉकलेट देकर अपनी बात का इजहार करती हैं। साथ ही कुछ गिफ्ट देकर दूसरी की जिंदगी में मिठास लाते हुए रोमांटिक संदेश भी भेजती हैं। अगर आप भी चॉकलेट -डे के मौके पर पार्टनर को मैसेज भेजना चाहते हैं और उनकी जिंदगी में खुशियां लाना चाहते हैं तो मीठा होना चाहिए। मीठे से ज्यादा मीठा प्यार होना चाहिए। दुनिया में कुछ न हो, इतना मीठा अपना साथ होना चाहिए। एक शायर ने कहा कि चॉकलेट फीकी लगती है तेरी एक मुस्कान के आगे पूरी दुनिया छोटी लगती है एक तेरे आगोश के आगे। हम जिंदगी की भागदौड़ में इतने बिजी हो गये कि पता ही नहीं चला कि चॉकलेट-डे भी है। हर रिश्ते में विश्वास रहने दो, जुबान पर हर वक्त मिठास रहने दो, यही तो अंदाज है जिंदगी जीने का, न खुद रहो उदास न दूसरो को रहने दो उदास। चॉकलेट अपने आप में एक उपहार है। वर्तमान समय में लोग मोबाइल पर बात कर चॉकलेट डे मना लेते हैं।

# शिक्षक समय रहते निपुण लक्ष्य को प्राप्त करें: मंजूबाला राठौर



एआरपी मंजूबाला राठौर के साथ मौजूद प्रधानाध्यापक व शिक्षक एवं बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कड़क्का प्राथमिक विद्यालय में राजेपुर राठोरी न्याय पंचायत के प्रधानाध्यापकों की संकुल मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए एआरपी मंजू बाला राठौर ने कहा समस्त शिक्षक निपुण लक्ष्य को अपने विद्यालयों में ससमय कार्ययोजना, पाठ्योजना एवम् शिक्षक डायरी का प्रयोग करते हुए कक्षा1 से 3 के बच्चों को निपुण बनाएं। साथ ही विद्यालयों में प्राप्त कंपोजिट ग्रांट का समय से आवश्यक मदों में व्यय कर लें।

इसके साथ ही निपुण लक्ष्य प्राप्त कर चुके बच्चों को उन्होंने पुरस्कृत किया। साथ ही यह जानकारी दी की शीघ्र ही ब्लॉक स्तरीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पूनम मिश्रा, प्रियंका, महेश सिंह, रमजान अली, मुबारक, राहुल, नंदराम, जितेंद्र सिंह, सुषमाकर मिश्रा, संदीप शुक्ल, राजेश यादव, संतोष गुप्ता सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।





# अनियंत्रित लोडर ने खेल रहे बालक को कुचला



रोते बिलखती मृतका की मां व अन्य परिजन व मृतक का फाइल फोटो



- दुर्घटना करने के बाद भाग रहे लोडर चालक को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा
- सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल
- खेलते समय घटी घटना, अन्य बच्चे बाल-बाल बचे

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बच्चों के साथ खेल रहे बालक को अनियंत्रित लोडर चालक ने कुचल दिया। गम्भीर हालत में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना को अंजाम देकर भाग रहे लोडर तथा चालक को दौड़ाकर पकड़ लिया औ पुलिस को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिकंदरपुर महमूद निवासी नाहिद खां का 5 वर्षीय पुत्र साहिल जो गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र था। गुरुवार को साहिल सिकंदरपुर महमूद से नीबलपुर जाने वाले गांव के रास्ते के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान लोडर संख्या यूपी 76के7197 के चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी तथा फरार हो गया। खेतों में काम कर रहे लोगों ने जब घटना देखी, तो मौके की ओर दौड़ पड़े। वहीं कुछ ग्रामीणों ने लोडर का पीछा किया और उसे ग्राम नीवलपुर स्थित एक ईट भट्टे के पास दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। बताया गया है दुर्घटना को अंजाम देने वाला लोडर चालक स्वामी रिंकू नट पुत्र अमर सिंह निवासी नीबलपुर जो किसी कार्य से शमशाबाद गया था। जहां से वापसी के दौरान गांव नीबलपुर जा रहा था। ग्रामीणों की मानें तो अनियंत्रित गति से दौड़ रहे लोडर के चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी जिससे बालक दूर जा गिरा। वहीं दुर्घटना के बाद मौके से भाग रहे लोडर की चपेट में आने से बालक की हालत और भी गंभीर हो गई, जबकि अन्य बच्चे बाल-बाल बच गए। दुर्घटना की सूचना शमशाबाद थाना पुलिस को दी गई।

जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल की। ग्रामीणों ने गंभीर अवस्था में बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। साहिल की मौत पर घर परिवार में कोहराम मच गया। साहिल की मां शादाब बेगम बेटे के शव पर बुरी तरह विलाप कर रही थीं। मृतक दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई सादीप व बहन सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना के संबंध में शमसाबाद थाना पुलिस का कहना था कि दुर्घटना की सूचना दी गई थी। पुलिस को मौके पर भेजा गया था। मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गयी है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ी फर्जी बस

- किया चालान, परिवहन विभाग के रंग से रगी बस सवारी लेकर जा रही थी



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के कलर की फर्जी बस को पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया और इसकी सूचना संबंधित विभाग व अधिकारियों को दी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल, कस्बा चौकी इंचार्ज हरिओम प्रकाश त्रिपाठी ने चेकिंग के दौरान रोडवेज बस के रंग रंगी बस ट्रांसपोर्ट चौराहे पर खड़ी पकड़ ली। जिसमें सवारियां बैठी थी। पुलिस ने बस संख्या यूपी 82टी/2883 जो रोडवेज के कलर से रंगी हुई थी। उसके चालक अंकित कुमार यादव पुत्र धनीराम निवासी अचलपुर थाना बागवाला जनपद एटा से जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह बस लम्बे प्रधान पुत्र नामालूम निवासी हरना वाली थाना बागवाला जनपद एटा की है। जिसे मैं चलाता हूं। यह बस दिल्ली से सवारियां लाती ले जाती है। पूछताछ के दौरान बस में यात्रा कर रहे हंसराम निवासी डेरापुर थाना कमालगंज, अशोक कुमार जाटव पुत्र राम प्रकाश, विजय निवासी कोतवाली कायमगंज, मो0 नन्हे पुत्र रफीक निवासी समुउद्दीनपुर थाना कम्पिल, विनीत कुमार जाट पुत्र राम सिंह निवासी शाहपुर गंगापुर, कुमार ठाकुर पुत्र मेघनाथ निवासी सिनौली थाना कायमगंज ने बताया कि हम लोगों को सरकारी बस कह कर बैठाया था और सीधे दिल्ली ले जाने की बात कही थी। चालक से कागजात मांगे तो उसके पास उपलब्ध नहीं थे। जिस पर पुलिस ने चालक व मालिक के विरुद्ध धारा 420 व एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत मुकदमा दर्ज कर बस का चालान कर दिया और इस संदर्भ में विभागीय अधिकारियों को सूचना दी गई। बताते चले कि इससे पूर्व भी फर्रुखाबाद बस स्टैण्ड पर भी फर्जी बस पकड़ी गई थी और अभी तक इसी प्रकार की कई रोडवेज की फर्जी बसें पकड़ी जा चुकी हैं।

# अदालत ने दिया पांच पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

- मकान बैनामा करने के नाम पर लिया था रुपया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मकान की बिक्री का सौदा तय हो जाने पर डेढ़ लाख रुपये लेकर देने से मना कर दूसरे के नाम मकान कर देने के मामले का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट कर दी। पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर न्यायालय में याचिका दायर की। अदालत ने मुकदमा दर्ज कर विवचेना करने के आदेश दिये है।

थाना मेरापुर के गुरऊ शादी नगर पखना निवासी शीलेन्द्र सिंह ने न्यायालय में दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा कि उसके चाचा जयनेन्द्र पुत्र शालिगराम ने शहर के मोहल्ला शमशेर खानी में अपने मकान को दो लाख रुपये में बेंचने का अनुबंध उसके साथ किया। जिसके ऐवज में डेढ़ लाख रुपये शीलेन्द्र ने अपने चाचा को दिये और 50 हजार रुपये बैनाम के वक्त देने की बात तय की। अनुबंध के बाद जयनेन्द्र सिंह ने नन्ही देवी पत्नी स्व0 संजीव निवासी शमशेर खानी, पुष्पेन्द्र निवासी गलरिया शाहजहांपुर, भूप सिंह निवासी मक्खनपुर मैनपुरी व एक अन्य अज्ञात के साथ रुपये हड़पने व धोखाधड़ी की नियत से मकान का एक दान पत्र लिख दिया। जब पीड़ित को जानकारी हुई तो उसने अपने चाचा जयनेन्द्र से बैनामा करने की बात कहीं और दान पत्र को खारिज करने का दबाव डाला।

इस बात पर यह लोग खुन्नस मानने लगे और 23 जून 2022 को एकराय होकर उसके घर में घुस आये और गाली-गलौज कर उसकी पिटाई की। थाने में पीड़ित ने सूचना दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुई। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय में दायर याचिका को संज्ञान लेते हुए न्यायाधीश ने थाना मेरापुर पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने व परिणाम से अवगत कराने का आदेश दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र कायमगंज में लेकर आये। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रानीपुर गौर निवासी 35 वर्षीय वीनेश कुमार पुत्र रौन्दर सिंह ने सदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे से फांसी लगा ली। चीख पुकार की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गये और आनन-फानन में नीचे उतारकर उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## दबंगों ने युवक को पीटा

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुत्र की पिटाई का विरोध करने पर दबंगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। जानकारी के अनुसार बीती 6 फरवरी को थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर तराई निवासी नीरज पुत्र राजाराम के साथ ग्राम ठाकुर नगला निवासी रानू पुत्र पप्पू अनिल पुत्र रामवीर ने गाली,गलौज करते हुए मारपीट पुत्र के साथ कर दी। जानकारी होने पर जब पत्नी के साथ शिकायत करने गये, तो उक्त लोगों ने मारपीट कर जातिसूचक गालियां दीं। शिकात के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## अवैध बालू खनन करते जेसीबी व ट्रैक्टर पकड़ा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** बालू के अवैध खनन करते जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने हिरासत में लेकर एमवी एक्ट में चालान कर खनन अधिकारी को सीज करने की कार्यवाही के लिए सूचित कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव रुदायन के समीप बालू का अवैध तरीके से खनन करते पुलिस ने पकड़ लिया।

## पुत्री को ढूढने आये परिजनों पर दबंगों ने बोला हमला

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** अगवा कर लायी गयी युवती को छुड़ाने आये परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। मुकदमा दर्ज कराने के लिए पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। ग्राम ढुलिया थाना सुरसा जिला हरदोई निवासी महेंद्र पुत्र अहिवरन ने बताया कि 5 फरवरी को मेरी बेटी नेहा को अनुराग पुत्र किशन मुरारी निवासी चैता पुरवा थाना शहर कोतवाली जिला हरदोई बहला-फुसलाकर 55 हजार रुपये व पुत्री को ले गया। पूछताछ करने पर पता चला कि ग्राम सियापुर थाना कमालगंज में मेरी पुत्री है। मैं अपने दामाद विमलेश को लेकर जब घर पहुंचा और विजय व अपनी पुत्री के बारे पूछा, तो विजय, गुड्डू, नरेश पुत्रगण सीताराम, मोरपाल पुत्र बिहारी ने मेरे साथ के साथ गाली-गलौज कर दी और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित ने थाना कमालगंज पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने व पुत्री को मुक्त कराने की मांग की।

# निरीक्षण के दौरान डीएम को शिक्षा व्यवस्था मिली चौपट

- अनुपस्थित अध्यापकों के वेतन रोकने के निर्देश
- बच्चों की शिक्षा पर ध्यान न देने वाले शिक्षकों पर होगी कार्यवाही



निरीक्षण के दौरान बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछते डीएम

**फर्रुखाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने अनुपस्थित मिले अध्यापकों का अग्रिम आदेश तक वेतन रोंकने के आदेश दिये। डीएम ने पूर्व मा0 विद्यालय गौटिया, प्राथमिक विद्यालय उदयपुर कंचनपुर, प्रा0 विद्यालय कंचनपुर, प्रा0 विद्यालय अम्बरपुर विकास खण्ड राजेपुर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रा0 वि0 कंचनपुर में प्रधानाध्यापक आशतोष, प्रा0 विद्यालय उदयपुर में विनीता चौहान, शिक्षा मित्र रूबी मिश्रा, प्रा0 वि0 अम्बरपुर में शिक्षा मित्र ममता और संध्या बिना अनुमति के अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कर्मचारियों का अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रा0वि0 कंचनपुर में 59 छात्रों के सापेक्ष केवल 15 एवं प्राथमिक विद्यालय उदयपुर में 127 छात्रों के सापेक्ष 34 छात्र ही मौके पर उपस्थित पाये गये। छात्रों की कम उपस्थित देख जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्राथमिक विद्यालय कंचनपुर, प्राथमिक विद्यालय उदयपुर में छात्रों की पढ़ाई एवं उपस्थित प्रधानाध्यापक एवं अन्य शिक्षकों द्वारा कोई रूचि/ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिस कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जायेगा। सभी लोग शासन की मंशा के अनुरुप पूरी लगन के साथ अपने कार्य को अंजाम दें।

## पेड़ काटने का विरोध करने पर भाईयों में चले लाठी-डंडे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पेड़ काटने का विरोध करने पर भाईयों में लाठी-डंडे चल गये। बचाने आये पत्नी व बच्चों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की तहरीर थाने में दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर हीरामन निवासी शैलेंद्र सिंह राजपूत पुत्र स्वर्गीय लेखराज लाराजपूत ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि गुरुवार वह अपने खेत पर पहुंचा तो देखा कि उसके पड़ोसी भाई पेड़ काट रहे है। जिसका उसने विरोध किया तो अनिल कुमार, कुलदीप कुमार, अजीत कुमार पुत्रगण श्यामाचरण तथा श्यामाचरण पुत्र स्वर्गीय लेखराज राजपूत ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। बचाने आयी पत्नी व बच्चों को भी मारपीट कर घायल का दिया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# मशाल जुलूस में गूंजे स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी अमर रहे के उद्घोष



मशाल जुलूस में शामिल भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं भाजपा के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर परम्परागत तरीके से मशाल जुलूस भाजयुमो की अगुवाई में निकाला गया। जिसमें बड़ी तादात में स्व0 द्विवेदी के अनुयायियों और भाजपा नेताओं ने भागीदारी की। नगर के रेलवे रोड स्थित पांडेश्वर नाथ मंदिर में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। जहां से मशाल जुलूस शुरु हुआ। जुलूस रेलवे रोड, चौक होता हुआ लोहाई रोड स्थित स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी के शहादत स्थल तक गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, मनोज हलवाई, प्रबल त्रिपाठी, वीरेंद्र सिंह राठौर, अंकित गुप्ता, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मयंक बुंदेला, राहुल राजपूत, शिवांग रस्तोगी, विश्वास गुप्ता, कल्लू मिश्रा, पंकज दीक्षित, रमेश चन्द्र मिश्रा, राजकुमार वर्मा, अंकित तिवारी, पीयूष दुबे, प्रभात मिश्रा, पंकज पाल, विमल कटियार, भूदेव राजपूत, अरशद अली, आलोक मिश्रा, पीयूष त्रिपाठी, लव कनौजिया, विकास पाण्डेय, राजू गुप्ता, रामनरेश शुक्ला, अभिषेक बाजपेयी आदि लोग मौजूद रहे। मेजर ने बताया कि स्व0 द्विवेदी का स्मरण एवं उन्हें नमन निवेदित करने के लिए भारतीय पाठशाला के प्रांगण में हवन यज्ञ व अध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार ( आज ) होगा।

# प्रवेश रत्न बने मा0शि0 संघ के जिलाध्यक्ष व मंत्री बने यादवेंद्र

- शिक्षक संघ चंदेल गुट के चुनाव अधिकारी रामानंद द्विवेदी की देखरेख में पदाधिकारी चुने गये



स्वागत के दौरान माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट के नव नियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट का चुनाव महावीर इंटर कालेज नगला खैरबन्द में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी प्रांतीय मंत्री रामानंद द्विवेदी की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें प्रवेश रत्न शाक्य पुनः जिलाध्यक्ष व राघवेंद्र सिह परिहार को जिला मंत्री दूसरी बार चुना गया। मंडलीय मंत्री महिपाल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए चुनाव में प्रवेश रत्न शाक्य जिलाध्यक्ष, यादवेंद्र सिंह परिहार जिला मंत्री, उपाध्यक्ष पद पर डॉ0 जगवीर सिंह यादव, सुखराम सिंह कुशवाहा, दुर्गेश सागर, डॉ0 संजीव सिंह, सुब्रत शाक्य, लक्ष्मी प्रजापति को दायित्व मिला। संयुक्त मंत्री पद पर वृन्दावन व अर्जुन प्रताप सिंह, आशीष कुमार शाक्य, शैलेंद्र कुशवाहा, विनोद कुमार, संवेदना सिंह को चुना गया। अनुराग सिंह संगठन मंत्री बने। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी अजयपाल सिंह को मिली। जिला कार्यकारणी सदस्य पद पर गौरव एविल, जगदीप लाल, मंशाराम, अनूप कुशवाहा, दुर्योधन सिंह, सरोज, राजेश प्रताप सिह, संजीव कुमार, विमलेश कुमार, विमलेश सिंह, प्रदीप सिंह, मनोज शाक्य बने। प्रांतीय प्रतिनिधि सदस्यों में महिपाल सिहं, अनिल सिंह राठौर, नागेंद्र सिंह चौहान, डॉ0 सचिन शाक्य, शिशुपाल सिंह, प्रवेश रत्न शाक्य, यादवेंद्र सिंह परिहार को शामिल किया गया है। ऑडीटर पद पर अजय कुमार कुशवाहा को दायित्व सौंपा गया है। इस मौके पर प्रीती चतुर्वेदी, किरन कटियार, पुनीत द्विवेदी ने कहा कि हमारा शोषण व उत्पीड़न प्रबंधतंत्र द्वारा किया गया। इन लोगों ने आरोप लगाया कि दूसरे गुट द्वारा प्रबंध तंत्र को पक्षपात करते हुए साथ दिया। इसलिए उस संघ को छोड़ दिया है। इस मौके पर राजेश निराला, प्रियंका यादव, कल्पना कुमारी, श्रद्धा शर्मा, प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह कुशवाहा व हरिपाल सिंह यादव मौजूद रहे।

# गणित में छात्रायें सूत्रों को याद करें, यह प्रमुख होते हैं: पूनम शुक्ला

**बोर्ड परीक्षा के प्रहरी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बोर्ड परीक्षा के गणित विषय में हाई स्कूल में त्रिकोणमिति निदेशांक ज्यामिति, पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन व सांख्यिकी व प्रोजेक्ट कार्य संबंधित प्रश्न आते है। लघु एवं दीर्घ प्रश्नों को सही से विद्यार्थी हल करें। प्रश्न पत्र में 50+20 अंक का प्रश्न पत्र आता है। लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होते हैं। वास्तविक संख्या में विभाजन एल्गोरियम के तीन चरण होते है। दो चर वाले रेखिक समीकरण युग्म, समीकरणों को हल करने का मान ज्ञात करें। ग्राफीय विधि, बीजगणितीय विधि, विधियों से चर संख्या के हल प्राप्त किये जाते है। मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज की गणित अध्यापिका पूनम शुक्ला ने अपने साक्षात्कार बोर्ड परीक्षा के प्रहरी में बताया कि त्रिभुज में समानुपातिका प्रमेय थेल्स श्रंखला प्रमेयों को विद्यार्थी पढ़े। निदेशांक ज्यामिति दो बिन्दुओं के बीच की दूरी में मध्य बिन्दू के निदेशांक, त्रिभुज का क्षेत्रफल आदि फार्मूलों को याद करके प्रश्नों को हल करें। त्रिकोणमिति का परिचय में अनुपात, त्रिकोणमिति अनुपातों के लिए शारणी, त्रिकोणमिति के कुछ अनुप्रयोग, चित्र सही होना बेहद जरूरी है। उन्नयन कोण, अवनयनकोण के प्रश्नों में ऊंचाई को ध्यान में रखते हुए प्रश्नों को हल करें। रचनाएं में ज्यामिति रचनाएं, रेखाखण्ड को विभाजित करना, एक त्रिभुज के समरुप, दूसरे त्रिभुज की संरचना करना, वृत्तों से संबंधित क्षेत्रफल में लघुवृत्त खण्ड का क्षेत्रफल, ऋण खण्ड का क्षेत्रफल, चाप की लम्बाई व चतुर्थभुज का क्षेत्रफल से दी गई आकृति से क्षेत्र फल ज्ञात कर सकते हैं। पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन में ठोस, बेलन, शंकु, गोले के आयतन, पृष्ठीय क्षेत्रफल व छिन्नक के आयतन व क्षेत्रफल ज्ञात किये जाते हैं। सांख्यिकी में समानांतर मध्य ज्ञात करने के लिए प्रत्यक्ष विधि, कल्पि मध्य विधि व पद विचलन विधि का प्रयोग करते हैं।



पूनम शुक्ला, गणित अध्यापिका

**बोर्ड परीक्षा के प्रहरी विश्लेषण में सभी अध्यापक अपना साक्षात्कार देकर परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को सहयोग करें। यह निःशुल्क प्रकाशन किया जा रहा है। संपर्क करें संवाददाता लक्ष्मीकांत भारद्वाज मो0नंबर-9839390810**



छात्रा दीक्षा यादव

छात्रा दीक्षा यादव ने बताया कि सांख्यिकी व मध्यधिका मुझे ऊंचाई व दूरी संबंधित प्रश्नों में कठिनाई होती है। मैंने सूत्रों को एक साथ लिखकर नोट्स बनाये हैं। उन्हीं से अभ्यास करती हूँ। बहुलक संबंधित प्रश्न आते हैं। त्रिकोणमिति में अनुपात की सारणी, रचनाओं में ज्यामिति की रचनायें, रेखाखण्ड को विभाजित करना आदि प्रश्नों की तैयारी की है।



छात्रा फरीजा मंसूरी

कक्षा 10 की छात्रा फरीजा मंसूरी ने बताया संख्यिकी व मध्यधिका में बनाये गये नोट्स रिवीजन में बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। सभी सूत्रों को याद किया है। निरन्तर अभ्यास से बल मिल रहा है। पृष्ठीय क्षेत्रफल व छिन्नक के आयतन व क्षेत्रफल ज्ञातकरते हैं। जिसके लिए मैंने पूर्ण तैयारी की है और गणित मैम द्वारा बताये गये सवालों का अभ्यास किया।

## चार ने खाया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग स्थानों पर चार लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। गांव हंसापुर हसनगा निवासी सत्यराम, भूड़ नगरिया निवासी विनीता, अर्जुन नगला निवासी गोविन्द, कुआ खेड़ा निवासी गुलशन चारों ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर विनीता, गोविन्द, गुलशन को लोहिया रेफर कर दिया।

## बाइक सवारों ने छीना मोबाइल, मुकदमा दर्ज

**कायमगंज (सं.9)।** मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी उमेश चन्द्र गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह बीती शाम बैंक ऑफ इंडिया के सामने चबूतरे पर बैठकर मोबाइल चला रहा था, तभी बाजार से बाइक पर दो युवक आये और मोबाइल छीनकर फरार हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# खबरें चलते-चलते

## दबंगों ने मां-बेटी को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कायमगंज (सं.)।** क्षेत्र के ग्राम मामापुर निवासी माला पत्नी स्वर्गीय अर्जुन ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बीती शाम पुत्री के साथ शौचक्रिया से लौट रही थी, तभी गांव के ही रांची पुत्र शौकीन, सौरव पुत्र वीरू, अर्जुन पुत्र खुनुआ, अनूप पुत्र मीरू निवासी गंगापुर आया और गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## पुत्री को आत्महत्या के लिए उकसाने में पिता सहित पांच पर मुकदमे के आदेश

**फर्रुखाबाद (सं.)।** प्रेम विवाह कर लेने पर मायके पक्ष द्वारा मारपीट व तानाकशी से त्रस्त महिला ने अपने पिता के घर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के मामले में मृतका के ससुर ने मायके वालों पर बहू को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में याचिका दायर की। सुनवाई के पश्चात अदालत ने कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। दायर की गई याचिका में ससुर गोपी चन्द निवासी नवदिया फतेहगढ़ ने दर्शाया कि उसके पुत्र देवेश कुमार ने मनोज निवासी लालपुर थाना कन्नौज की पुत्री खुशबू के साथ प्रेम विवाह किया था। इसी बात को लेकर खुशबू के पिता मनोज, मनमोहन, अनिल, सुनील व कल्लू खुश नहीं थे। 12 दिसम्बर को यह लोग मेरे घर आये और खुशबू को रिश्तों का हवाला देकर विदा करा ली और कन्नौज ले गये। जहां उसके साथ मारपीट की और आत्महत्या के लिए मजबूर किया। 13 दिसम्बर 2022 को खुशबू ने आत्महत्या कर ली।